# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 4 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-138 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# किसानों को लैंड पुलिंग के माध्यम से बनाया जायेगा भागीदार : सम्राट

## सैटेलाइट टाउनशिप के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हुडको के बीच एमओयू

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) के बीच राज्य में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विकास हेतु 1 लाख करोड़ रुपए के दीर्घकालिक वित्तपोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। मुख्यमंत्री के समक्ष विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार



### मुआवजे के लिए आवेदन करने वाले किसानों को 30 दिन के अंदर होगा भुगतान

तथा हुडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि आज बिहार में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा हुडको के बीच 1,00,000 करोड़ रुपए के दीर्घकालिक वित्तपोषण हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। यह समझौता बिहार के शहरी विकास के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। राज्य में आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सैटेलाइट टाउनशिप विकसित किए जाएंगे, जिससे लोगों को बेहतर आवास, उच्चस्तरीय नागरिक सुविधाएं तथा गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में टाउनशीप विकसित किय जायेंगे। किसानों को भी लैंड पुलिंग के माध्यम से इसमें भागीदार बनाया जायेगा। जो भी किसान मुआवजे के लिए आवेदन देंगे, उन्हें 30 दिन के अंदर भुगतान किया जायेगा। सीएम ने कहा कि बिहार सरकार 12 नये टाउनशिप को लेकर हुडको के माध्यम से 1 लाख करोड़ रुपए का इन्वेसटमेंट कर रही है। इसके अलावा 6 लाख करोड़ रुपए इन्वेसटमेंट बाहर से किया जायेगा। सीएम ने आगे कहा कि इस महत्वाकांक्षी पहल से बिहार के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। बड़े पैमाने पर निजी एवं संस्थागत निवेश आकर्षित होगा, निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाखों रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे बिहारवासियों का सपना पूरा होगा। हमलोग शहरीकरण के 35 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नगर विकास एवं आवास सह सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलट्टी, विशेष सचिव नील `श रामचन्द्र देवड़े सहित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गैर कानूनी व आर्थिक अपराध गतिविधियों पर रखे निगरानी : सीएम

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े सुरक्षा, प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुयी। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बॉर्डर एरिया के 7 जिलों के डीएम एवं एसपी जुड़े हुये थे। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन एवं भारत-नेपाल संबंधित मुद्दों पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीएम ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों को लेकर सभी अधिकारी एवं एजेंसियां अच्छे ढंग से कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा की कुल लंबाई 735 किलोमीटर है। इस सीमा पर बिहार के 7 जिले, 70 पुलिस थाना एवं एसएसबी के 194 बीओपी अवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर कोई भी गैर कानूनी एवं अनैतिक कार्य न हो, इसे सभी सुनिश्चित करें। सभी थाना प्रभारी अच्छे ढंग से काम करें, कोई गड़बड़ी न हो, इसका ध्यान रखें। भारत-नेपाल संबंध को बेहतर बनाये रखते हुये सीमा क्षेत्र में सभी गतिविधियों पर पूर्ण निगरानी रखें। सभी चेकपोस्टों से 15 किलोमीटर की परिधि तक प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाय। आर्थिक अपराधों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरतें। सीएम ने कहा कि किशनगंज जिले में ऐसे 100 उपयुक्त स्थलों की पहचान की जाय जहां उर्दू विद्यालय की स्थापना की जा सके।

# भागलपुर : सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 3 लोगों की मौत



**भागलपुर (एनएसबी)।** नवगछिया के भवानीपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुए एक सड़क हादसे में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के सात सदस्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब बालू से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित कच्चे मकान पर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक भवानीपुर थाना के सामने खगड़िया की ओर से आ रहा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे बने कच्चे मकान पर पलट गया। हादसे के समय मकान के भीतर परिवार के कई सदस्य मौजूद थे, जो ट्रक और मलबे के नीचे दब गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर भवानीपुर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। हादसे में भिखारी मलिक के परिवार के सदस्य घायल हुए हैं। घायलों में इंदु देवी (40), नीरज कुमार (22), गुड्डू मलिक (28), कारे मलिक (14), ममता कुमारी (17), सपना कुमारी (12), मौसम कुमारी (20) और सात माह का प्रीतम कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारायणपुर ले जाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल इंदु देवी की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (मायागंज अस्पताल), भागलपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे में दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। राहत एवं बचाव अभियान लगातार चलाया जा रहा है और मलबे की भी तलाशी ली जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके नीचे कोई और व्यक्ति दबा न हो। हादसे से नाराज ग्रामीणों ने नारायणपुर बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

**सात घायल**

## गुजरात और एमपी से जैश-ए-मोहम्मद के आठ आतंकी गिरफ्तार

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से कथित संबंध रखने और राज्य में संगठन का सक्रिय नेटवर्क खड़ा करने की साजिश रचने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारियां गुजरात और मध्य प्रदेश में की गईं।एटीएस के अनुसार, विस्तृत जांच के बाद गुरुवार को एटीएस पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धाराएं 13, 17, 18, 38 और 39 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धाराएं 148 और 61 के तहत मामला दर्ज किया गया।एटीएस अधिकारियों ने दावा किया कि गिरफ्तार सभी आठ आरोपी प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए हैं और राज्य में संगठन का सक्रिय नेटवर्क तैयार कर उसकी आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे थे।

### बिहार में 16 दिन बाद फिर दो एनकाउंटर

## सीतामढ़ी में पुलिस ने अपराधी को दौड़ाकर मारी गोली

**सीतामढ़ी/हाजीपुर (एनएसबी)।** 16 दिन बाद बिहार में फिर तीन एनकाउंटर हुए हैं। सीतामढ़ी में पुलिस ने सीएसपी संचालक से डेढ़ लाख रुपए लूटने वाले आरोपी को दौड़ाकर गोली मारी है। अपराधी फैकन कुमार के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके साथ 5 और अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को फैकन कुमार ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद से उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी थी। पुलिस को सूचना मिली कि वो अपने साथियों के साथ रीगा थाना क्षेत्र में है। रेड के दौरान फैकन और उसके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। अस्पताल में उसका इलाज जारी है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान फैकन कुमार (सुरेंद्रनगर, थाना परसौनी), फेकन कुमार उर्फ बंटू कुमार (राजोपट्टी, वार्ड-13, थाना नगर), गुड्डू कुमार (मिजार्पुर बलहा, थाना पिपराही, जिला शिवहर), अनिल कुमार (चकमहिला, थाना पुपरी) और कमलेश कुमार (चकमहिला, थाना पुपरी) के रूप में हुई है।



### वैशाली में पुलिस मुठभेड़ में दो अपराधी घायल

**हाजीपुर।** वैशाली और समस्तीपुर जिले के बॉडर पर स्थित बंगरा थाना क्षेत्र के बलीगांव के पास पुलिस एनकाउंटर हुआ। मुठभेड़ के दौरान जिला पुलिस और एसटीएफ ने कुख्यात बदमाश अमन कुमार को दौड़कर गोली मारी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बलीगांव के पास अमन अपने साथियों के साथ अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

## खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**पटना (एनएसबी)।** पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण पटना सिविल कोर्ट में मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गई। अब अदालत इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई करेगी। शुक्रवार को फैजल खान के अलावा मामले के अन्य आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर भी सुनवाई प्रस्तावित थी, लेकिन जिला जज की अनुपस्थिति के कारण किसी भी याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद अदालत ने सभी संबंधित याचिकाओं की अगली सुनवाई के लिए 7 जुलाई की तारीख निर्धारित कर दी। इससे पहले 30 जून को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले से जुड़े हथियारों के दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। उस दिन लोक अभियोजक ने अदालत में दलील दी थी कि घटना के समय फैजल खान की सुरक्षा में तैनात दोनों गार्डों के पास अवैध हथियार थे।

## मालगाड़ी के चपेट में आने से तीन मजदूरों की गई जान

**भागलपुर (एनएसबी)।** साहिबगंज-भागलपुर रेलखंड पर एक दर्दनाक हादसे में तीन रेल मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। हादसा शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन और लक्ष्मीपुर भोरंग हॉल्ट के बीच शिवनारायणपुर सिग्नल के समीप हुआ, जहां चारों मजदूर रेलवे ट्रैक के रखरखाव कार्य के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मजदूर डाउन लाइन पर पैदल चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से यह भीषण हादसा हो गया। घायल को उपचार के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरपीएफ निरीक्षक सिमरन चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। शिवनारायणपुर थाना पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर एक संवेदक के अधीन रेलवे के अप लाइन पर मेंटेनेंस कार्य के लिए जा रहे थे। वे डाउन लाइन के सहारे पैदल कार्यस्थल की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में चारों मजदूर आ गए। हादसे में झारखंड के साहेबगंज जिले के तीनपहाड़ निवासी रामप्रसाद, रामू और रंगदा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं प्रधान हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गए।



## इंडिया ब्लॉक का आरोप : चुनावों में धांधली हुई, सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक संयुक्त पत्र लिखकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं और चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में एसआईआर को रोकने और आगामी चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर विचार करने की मांग की गई है। 28 जून को लिखे गए इस पत्र को विपक्ष ने शुक्रवार (3 जुलाई) को मीडिया में जारी किया। पत्र में विपक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वह न्यायपालिका पर सवाल नहीं उठा रहा है। पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा- हमारे देश में चुनावी लोकतंत्र को सबसे गंभीर खतरा है। पारदर्शिता के हित में और इस उम्मीद में कि सर्वोच्च न्यायालय चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, जवाबदेही और उसमें विश्वास बहाल करने के लिए तत्काल आवश्यक ठोस कदम उठाएगा। मैं यह पत्र जारी कर रहा हूं। पत्र में कहा गया है- हमारा मानना है कि दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में हाल ही में हुए चुनावों में भी धांधली हुई थी।विपक्ष ने मतदाता सूची में व्यापक संशोधन को तत्काल निलंबित करने की मांग की है, उनका तर्क है कि ऐसा संशोधन तभी किया जाना चाहिए, जब अगला विधानसभा चुनाव कम से कम पांच साल बाद हो।




### कहा-यह लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा, बैलेट पेपर से वोटिंग पर विचार हो

## नवादा में बंद कमरे में मृत मिले पति-पत्नी

**नवादा (एनएसबी)।** नवादा में बंद कमरे में पति-पत्नी का शव बरामद हुआ. मामला नारदीगंज थाना क्षेत्र के परमा गांव का है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। इस दर्दनाक घटना में 9 वर्षीय इकलौता बेटा अनाथ हो गया, जबकि पुलिस मामले को प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या मानते हुए सभी पहलुओं से जांच में जुटी है। जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परमा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बंद कमरे से पति-पत्नी के शव बरामद किए गए। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, जबकि 9 वर्षीय इकलौता बेटा अनाथ हो गया है। गुरुवार को नवादा रढ अभिनव धीमान ने घटनास्थल परमा गांव पहुंचकर इस मामले का जायजा लिया. स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया. कमरे के भीतर पति-पत्नी मृत अवस्था में पाए गए।

# अयोध्या चढ़ावा चोरी दोबारा पहुंची SIT

### चंपतराय, डॉ. अनिल और गोपाल राव से की पूछताछ

**नई दिल्ली/अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआइटी) के तीनों सदस्य गुरुवार दोपहर दोबारा अयोध्या पहुंचे और जांच शुरू की। पहले ट्रस्टी डा. अनिल कुमार मिश्र से एक घंटे तक पूछताछ के बाद व्यवस्थापक गोपाल राव को बुलाया गया। दान में मिले आभूषणों व भूमि खरीद से जुड़ी जानकारी लेने के बाद इनके बयान का मिलान ट्रस्ट महासचिव चंपतराय के बयान से किया। शुक्रवार को कुछ दानदाताओं व भूमि खरीद से जुड़े रहे लोगों को बुलाया गया है। उधर, पुलिस ने भी न्यायालय से आरोपित अविनाश शुक्ल की कस्टडी रिमांड ले ली है, शुक्रवार को उससे गहन पूछताछ होगी। उसे प्रतापगढ़ स्थित पैतृक गांव भी ले जाया जाएगा। पुलिस टीम ने परिसर में पहुंच कर नकदी की गणना करने वाले दर्जन भर कर्मचारियों से भी पूछताछ की और दानपात्रों से नकदी निकालने व गणना की पूरी प्रक्रिया समझी। एसआइटी के सदस्य लखनऊ कमिश्नर विजय विश्वास पंत, लखनऊ आइजी रेंज किरण एस. और विशेष सचिव, वित्त नीलरतन कुमार ने गत दिनों 15 से 20 जून तक परिसर में मौजूद रहकर छह दिनों की जांच के बाद 23 जून को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। इसी के दो दिन बाद मामले में पहली प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसमें आठ कर्मियों को आरोपित किया गया है। इन आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर 13 जुलाई तक जेल में रखा गया है।



### गोपाल राव को कमरे के बाहर बिठाए रखा

इस बीच व्यवस्थापक गोपाल राव को कमरे के बाहर बिठाए रखा गया। बाद में उन्हें भी बुलाया गया और आभूषण व भूमि खरीद से जुड़ी जानकारी ली गई। लगभग दो घंटे बाद परिसर से ही सटे तीर्थ क्षेत्र भवन में रह रहे महासचिव चंपतराय को बुलाया गया। उनसे भी जमीन व आभूषणों की जानकारी ली गई। महासचिव के ही जमीन की रजिस्ट्री से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों पर हस्ताक्षर हैं। गत दिनों एसआइटी को कुछ कागजात सौंप कर आप सांसद संजय सिंह ने इन्हीं पर कई गुना अधिक कीमत पर जमीन खरीदने का आरोप लगाया है। सूत्रों ने बताया कि अब शुक्रवार को एसआइटी ने उन लोगों को बुलाया है, जिनके नाम संजय सिंह की ओर से सौंपे गए कागजात में गवाह और क्रेता व विक्रेता के रूप में दर्ज हैं। बताया जा रहा कि एसआइटी में शामिल कर्मियों ने अब तक इनसे जुड़े कुछ साक्ष्य भी एकत्रित कर लिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आंध्र प्रदेश में ऑटो-रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, चार की मौत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मरकापुर जिले में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं, जो एक विवाह कार्यक्रम के सिलसिले में ऑटो रिक्शा से मंदिर गए थे। मार्कपुर के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी यू. नागा राजू ने बताया कि यह दुर्घटना रात करीब 1 बजे बेंगलुरु हाईवे पर कम्बम में हुई, जब दुल्हन पूजा करने के लिए सड़क किनारे स्थित विनायक स्वामी मंदिर में गई थी। बाकी लोग बाहर वाहन में इंतजार कर रहे थे। दुल्हन के परिवार ने अपना ऑटो-रिक्शा मंदिर के पास रोका था, तभी एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

### पीएम 6 से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 से 11 जुलाई तक छह दिवसीय हिंद-प्रशांत क्षेत्र के तीन देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे। न्यूजीलैंड की उनकी यात्रा 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी, इससे पहले राजीव गांधी ने 1986 में न्यूजीलैंड की यात्रा की थी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 8 और 9 जुलाई को इंडोनेशिया का दौरा करेंगे। इसके बाद वे 10 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न और फिर 11 जुलाई को न्यूजीलैंड में होंगे।

### पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, कम से कम 40 यात्रियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में आज क्वेटा से पेशावर जा रही बस झोब और डेरा इस्माइल खान के बीच डाना सर इलाके में गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार यह हाल के वर्षों में इस इलाके की सबसे घातक सड़क दुर्घटना है। बलोचिस्तान के मुख्यमंत्री के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने हादसे की पुष्टि की है। जियो न्यूज और दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बलोचिस्तान के मुख्यमंत्री के प्रवक्ता रिंद ने कहा कि जिला अधिकारी, बचाव एजेंसियां और अन्य संबंधित विभाग राहत कार्य में जुटे हैं। जिला उपायुक्त शेरानी वली काकर ने कहा कि ऊबड़-खाबड़ इलाका होने के कारण बचाव दलों को दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

### एअर इंडिया ने इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज घटाया

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की विमानन कंपनी एअर इंडिया ने नॉर्थ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और यूके जाने वाली अपनी उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज कम करने का एलान किया है।सूत्रों के मुताबिक, कच्चे तेल के दामों में आई कमी के बाद एयरलाइन ने यह कदम उठाया है, जिससे इन रूटों पर अंतरराष्ट्रीय हवाई सफर करने वाले यात्रियों की जेब का बोझ कम होगा।नई दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। हालांकि घरेलू उड़ानों पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय रूटों के अलावा अन्य विदेशी उड़ानों और एयरलाइन की घरेलू (डोमेस्टिक) सेवाओं के लिए फ्यूल सरचार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पहले की तरह ही बने रहेंगे। इस मामले पर फिलहाल एअर इंडिया की तरफ से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

## खबरें : एक नजर में

### फैक्टनेब की विस्तारित बैठक 5 जुलाई को पटना में

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति के अनुशंसा के आलोक में संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतन पेंशन भुगतान करने, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि बढ़े मंहगाई दर से कर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने आदि मांगों को लेकर निर्णायक आन्दोलन की रुपरेखा तैयार करने एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर ठोस कदम उठाने हेतु बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) की विस्तारित बैठक आगामी 5 जुलाई को हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन , कदमकुआं पटना में आहूत किया गया है। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बिहार सरकार की संवेदनहीनता के परिणामस्वरूप शिक्षाकर्मी भुखमरी के शिकार हो रहे हैं, एवं अर्थाभाव में समुचित इलाज नहीं मिल पाने के कारण काल के गाल में समा रहे हैं । फैक्टनेब नेताओं ने बताया कि बैठक में महासंघ के राज्य पदाधिकारी, विश्वविद्यालय, जिला एवं महाविद्यालय शाखा के पदाधिकारियों के साथ ही सक्रिय और मार्गदर्शन मंडल के सहयोगी साथी भाग लेंगे।

### 14 लाख राशन कार्ड रद्द किए जाने की जनकल्याण राशन कार्ड धारी संघ ने की निंदा

**पटना / एनएसबी।** जनकल्याण राशन कार्ड धारी संघ ने राज्य में 14 लाख राशन कार्ड रद्द किए जाने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। संघ के संरक्षक दशरथ पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजेश पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार राजू तथा प्रदेश संगठन मंत्री मदन शर्मा ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि राशन कार्ड रद्द होने से लगभग 56 लाख गरीब लोग सरकारी खाद्यान्न योजना के लाभ से वंचित हो गए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले 35 किलोग्राम अनाज में भी बड़े पैमाने पर कटौती की गई है, जिससे गरीब परिवारों के सामने खाद्यान्न का संकट उत्पन्न हो गया है। उनका कहना है कि महंगाई के इस दौर में रिक्शा चालक, ठेला चालक, फुटपाथी दुकानदार, कुलचा विक्रेता तथा दिहाड़ी मजदूर जैसे जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड बिना समुचित जांच के रद्द कर दिए गए हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अगले वर्ष नगर निकाय चुनाव होने हैं और ऐसे समय में गरीबों को खाद्यान्न से वंचित करना उचित नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। संघ ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी तथा विभागीय सचिव दीपक आनंद से मांग की है कि जिन गरीब परिवारों के राशन कार्ड रद्द किए गए हैं, उनकी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पुनः जांच कराकर पात्र लाभुकों के राशन कार्ड बहाल किए जाएं।

# श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर भागलपुर, मुंगेर व बांका के जिला पदाधिकारियों के साथ पर्यटन सचिव ने की बैठक

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन विभाग कार्यालय में 30 जुलाई-28 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले श्रावणी मेला की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में विभाग के वरीय पदाधिकारीगण, जीविका के सीईओ तथा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भागलपुर, मुंगेर व बांका के जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। पर्यटन सचिव ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांवरियों को सभी आवश्यक सुविधाएं देने हेतु अपने सभी कार्य को तय समय सीमा से पूर्व हर हाल में पूर्ण करें। मेला क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सफाई और बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, कांवरियों के लिए सभी महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों वाले साइनेजेज पूरे कांवरिया पथ पर लगाए जाएं और पथ पर समय से बालू बिछाने का कार्य, सुरक्षा हेतु पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें। गंगा घाट के पास कांवरियों की सुरक्षा के लिए विशेष बैरिकेडिंग करने के भी निर्देश दिए गए।

पर्यटन विभाग के द्वारा श्रावणी मेला में कांवरियों के सुविधापूर्ण आवासन हेतु कांवरिया पथ में विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण किया जाना है, जहां स्नानघर, शुद्ध पेयजल, शौचालय, निर्बाध बिजली जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ स्वच्छ और सुरुचिपूर्ण भोजन हेतु जीविका दीदी की रसोई



पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह।

का संचालन किया जाएगा। वहां कांवर स्टैंड, सूचनाएं और मनोरंजन आदि की व्यवस्था की जानी है।

सचिव ने बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया कि टेंट सिटी में सफाई सतत और गुणवत्तापूर्ण हो, इसकी सतत मनिटरिंग की जाए। उन्होंने जीविका के सीइओ को निदेशित करते हुए कहा कि दीदी की रसोई के लिए स्थान विभाग द्वारा दिया जाएगा, वहां स्वच्छ और सुरुचिपूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें, भोजन का रेट चार्ट भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए।

सुल्तानगंज में उद्घाटन के दिन बाबा अजगैबीनाथ मंदिर के निकट ड्रोन शो व लेजर शो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का खास केंद्र होगा। श्रावणी मेला के शुभारंभ और समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

पदाधिकारियों ने सचिव को जानकारी देते हुए बताया कि बाबा अजगैबीनाथ मंदिर, सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा तक मेला पथ में जगह-जगह भव्य गेट, विशेष लाइटिंग, साज-सज्जा और शिवमंत्रों के जाप की ध्वनि की अनुगूंज हो, इसे ध्यान में रखते हुए अजगैबीनाथ, सुल्तानगंज सहित सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं की जा रही है। बैठक में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर, पर्यटन निदेशक सह विशेष सचिव उदयन मिश्रा, जीविका के सीइओ हिमांशु शर्मा, संयुक्त सचिव प्रदीप सिंह, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक चंदन चौहान सहित सभी संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पारिवारिक भूमि विवाद में हुई युवक की हत्या में चार गिरफ्तार, संबंधी ने सुपारी देकर वारदात को दिया अंजाम शूटर भी धराए

**पटना/ एनएसबी।** बेऊर थाना क्षेत्र में पारिवारिक भूमि विवाद में युवक की हत्या मामले में पुलिस ने तीन सुपारी किलर समेत चार को दबोचा है। पकड़े गये लोगों में संबंधी भी शामिल है जिसने सुपारी देकर हत्या करवाया। मामले की जानकारी सिटी एसपी पश्चिमी संकेत कुमार ने पत्रकारों को दी। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र में बायपास किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला।

पुलिस को सूचना मिली की बेऊर थाना अन्तर्गत बाईपास किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। प्राप्त सूचना के आलोक में बेऊर थाना द्वारा घटना स्थल पर पहुँचा तो मृतक की पहचान आनन्द कुमार, पे-स्व सतीश राय, सा-पैठानी नत्थुपुर, थाना-बेऊर जिला-पटना के रूप में हुआ तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु एम्स पटना भेजा गया। इस संबंध में मृतक के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर बेऊर थाना कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना के निर्देशानुसार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 फुलवारीशरीफ पटना के नेतृत्व मे एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष बेऊर एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। अनुसंधान के क्रम में एसआईटी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व मे शुक्रवार को उमेश कुमार उर्फ सुटाली राय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर एसआईटी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए -02/03 की रात्रि में उक्त कांड में संलिप्त 04 अभियुक्तों को अलग-अलग जगहों पर छापामारी करते हुए गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को भी बरामद किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए कार्यशाला

**पटना / एनएसबी।** शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक (अपराध), पटना की अध्यक्षता में पटना पुलिस द्वारा जन जागरण संस्थान के सहयोग से बिहार में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु अंतर-विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, बालिका संरक्षण तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभावी अंतर विभागीय समन्वय स्थापित करने एवं समन्वित कार्ययोजना विकसित करने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है।

### अभियोजन पदाधिकारी के लिए प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 15 जुलाई को दो पालियों में होगी

**पटना/ एनएसबी।** विज्ञापन संख्या-13/ 2026, अभियोजन पदाधिकारी के लिए प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 15 जुलाई बुधवार को दो पालियों में पटना, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं नालंदा अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

आयोग के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक प्रथम पाली (10 बजे पूर्वाहन से 12 बजे मध्याहन तक प्रथम पत्र (सामान्य अध्ययन), द्वितीय पाली (2:30 बजे अपराहन से 4:30 बजे अपरा तक) द्वितीय पत्र (विधि की परीक्षा होगी। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच विकल्प उपलब्ध कराए जाएगें, जिसमें विकल्प ई का अभिप्राय प्रयास नहीं किया गया होगा। यदि कोई अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है, तो उसे अनिवार्य रूप से विकल्प ष का चयन करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न के लिए किसी भी विकल्प का चयन नहीं करता है।

# आईजीआईएमएस पटना परिसर पुनर्विकास कार्य का स्वास्थ्य सचिव ने किया स्थल निरीक्षण एवं की बैठक

## 500 बेड, टीचिंग अस्पताल का कार्य 3 माह में पूरा करने का दिया निर्देश

**पटना / एनएसबी ।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना का दौरा कर परिसर में चल रहे पुनर्विकास एवं विस्तार कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन 500 बेड वाले टीचिंग अस्पताल, 1200 बेड वाले अस्पताल, हॉस्टल एवं आवासीय भवनों सहित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से कार्यो की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की।


स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने आईजीआईएमएस, पटना परिसर में चल रहे पुनर्विकास एवं विस्तार कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।

स्थलीय निरीक्षण के उपरांत स्वास्थ्य सचिव ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। जिसमें संस्थान परिसर में निर्माणाधीन 500 बेड वाले टीचिंग अस्पताल, 1200 बेड वाले अस्पताल, हस्टल एवं आवासीय भवनों सहित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से स्वास्थ्य सचिव को अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान सचिव महोदय ने 500 बेड वाले टीचिंग अस्पताल के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल का निर्माण कार्य अगले तीन माह के भीतर पूर्ण किया जाए। मीटिंग के दौरान कुमार रवि ने कहा कि हर सप्ताह निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

उन्होंने अस्पताल के आंतरिक एवं बाहरी एचवीएसी कार्यो को भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके लिए 31 अगस्त 2026 की अंतिम समय-सीमा निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य सचिव ने साइट पर प्लांट, कूलिंग टावर, पंप, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, पाइपिंग एवं डक्टिंग सहित सभी शेष कार्यो को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में निर्माणाधीन 1200 बेड वाले अस्पताल, हास्टल एवं आवासीय भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का 59.24 प्रतिशत कार्य अब तक पूर्ण हो चुका है। स्वास्थ्य सचिव ने निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्वक तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

### राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों एवं मेडिकल कालेजों में 446 सीनियर रेजिडेंट एवं ट्यूटर की नियुक्ति

**पटना / एनएसबी।** राज्य में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 446 सीनियर रेजिडेंट एवं ट्यूटर चिकित्सकों की नियुक्ति एवं पदस्थापन का आदेश जारी किया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली के प्रावधानों के तहत राज्य के विभिन्न सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में तीन वर्ष की टेन्योर अवधि के लिए की गई है। नियुक्त चिकित्सकों की पदस्थापना पटना मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, नालंदा मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, दरभंगा मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, श्रीकृष्ण मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, भागलपुर, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, गया, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णिया, बेतिया, छपरा, श्रीराम जानकी मेडिकल कालेज, समस्तीपुर तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कालेज, मधेपुरा सहित राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में की गई है।

## खबरें खास-खास

# स्त्री-चेतना और मनोगत भावों की नैसर्गिक अभिव्यक्ति है आँगन के फूल

## पं आद्याचरण झा एवं शांति जैन की जयंती पर, राजप्रिया रानी के काव्य-संग्रह का हुआ लोकार्पण, हुई कवि-गोष्ठी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्त्री-चेतना और नारी-मन के आंतरिक-भावों की नैसर्गिक अभिव्यक्ति है, कवयित्री राजप्रिया रानी का काव्य-संग्रह आँगन के फूल। संग्रह की कविताएँ स्त्री-विमर्श का आह्वान तो करती ही हैं, मन की अनेक गाँठों को खोलती भी हैं।

यह बातें शुक्रवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, संस्कृत के महान आचार्य पं आद्याचरण झा और तपस्विनी-कवयित्री डा शांति जैन की जयंती पर आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि आद्या बाबू ने अपना संपूर्ण जीवन संस्कृत भाषा के सरंक्षण और उन्नयन में अर्पित कर दिया। वे संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति भी थे। शांति जी एक ऐसी काव्य-तपस्विनी थीं कि उन्होंने विवाह तक नहीं किया और काव्य-साहित्य की एकांतिक सेवा करती रहीं। पद्म अलंकरण से विभूषित हुईं शांति जी लोक संस्कृति और गीति-काव्य की पुण्य सलीला सरिता थीं।


समारोह सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य।

समारोह का उद्घाटन करते हुए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि पं आद्याचरण झा और डा शांति जैन, दोनों ने ही भाषा और साहित्य की बहुत बड़ी सेवा की। आद्या बाबू संस्कृत के विद्वान और शांति जी हिन्दी और लोक-भाषाओं की विदुषी थीं। संस्त-सेवा के लिए आद्या बाबू को राष्ट्रपति सम्मान और लोक-संस्कृति तथा हिन्दी की सेवा के लिए शांति जी को पद्मश्री अलंकरण प्रदान किया गया।

पुस्तक पर अपना विचार रखते हुए कवि सिद्धेश्वर ने कहा कि राजप्रिया जी की कविताओं में भाषा की सहजता, अभिव्यक्ति की मौलिकता और जीवन का यथार्थ है। उनकी रचनाएँ यह सिद्ध करती हैं कि साहित्य में परिपता केवल अनुभव की आयु से ही नहीं, बल्कि संवेदना की गहराई से आती है।

वरिष्ठ कवि आचार्य विजय गुंजन ने पुस्तक पर समीक्षात्मक टिप्पणी की और कहा कि राजप्रिया की रचनाओं में अनेक विविधताएँ लक्षित होती हैं। उनमें बालमन की किलकारियाँ भी हैं और किशोर-मन की जिज्ञासा और युवावस्था के यौवन का आभास भी। इनकी कविताएँ जीवन के प्रायः सभी पक्षों को स्पर्श करती हैं।


भारतीय रेल में राजभाषा अधिकारी रहे साहित्यकार राजेश रंजन, प्रो जंगबहादुर पाडेय, रामयतन यादव, डा ऋचा वर्मा, विभारानी श्रीवास्तव, कल्पना जैन आदि ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, कुमार अनुपम, ई अशोक कुमार, ए आर आजाद, डा प्रतिभा रानी, शमा कौसर शमा, डा सुषमा कुमारी, मोईन गिरीडीहवी, डा शमा नासमीन नाजां, चित्तरंजन लाल भारती,बाँके बिहारी साव, इन्दुभूषण सहाय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, नन्दन कुमार, डा अंकेश कुमार आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से समारोह को मधुरता प्रदान की। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा कृतज्ञता-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, डा चंद्रशेखर आजाद, बीना गुप्ता, विमलेन्दु भूषण कुमार, रंजन कुमार अमृतनिधि, अश्विनी कविराज, सुनिता सोनी, राजीव ष्णन, आर्याश्री, अंजनी कुमार, तृप्ति नारायण झा आदि बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# केवाईपी बचाओ अभियान के तहत राज्यव्यापी आंदोलन का आगाज, रिन्यूवल, नामांकन और बकाया भुगतान की उठी मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** केवाईपी केंद्रों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसायटी के बैनर तले केवाईपी बचाओ अभियान के अंतर्गत राज्यव्यापी आंदोलन की शुरुआत की गई। आंदोलन के दौरान केवाईपी केंद्रों का तत्काल रिन्यूवल, नए विद्यार्थियों का नामांकन शुरू करने, विभागीय मनमानी पर रोक लगाने तथा लंबित भुगतान अविलंब जारी करने की मांग जोरदार ढंग से उठाई गई।



केवाईपी वेल्फेयर सोसायटी के बैनर तले केवाईपी बचाओ अभियान के अंतर्गत राज्यव्यापी आंदोलन की शुरुआत की गई।

आंदोलन को संबोधित करते हुए डा. आनंद रंजन झा ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) बिहार के लाखों युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि रिन्यूवल, नामांकन और भुगतान से संबंधित मामलों के लंबे समय से लंबित रहने के कारण केंद्र संचालकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर योजना के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने की अपील की।

आंदोलन में शामिल प्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को पूरे बिहार में और अधिक व्यापक एवं निर्णायक रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से आए केवाईपी केंद्र संचालकों एवं प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इनमें डा.आनंद रंजन झा, राकेश कुमार सिन्हा, मधुकर प्रसाद, मो. नुमान, ई रवि कुमार, चंदन कुमार, धर्मदेव पासवान, बिपिन कुमार सिंह, मनीष कुमार, मुन्ना सिंह, धीरज कुमार, प्रतीक कुमार, अनंत कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार तिवारी, दिलीप कुमार ओझा, रवि कुमार, प्रशांत जी, श्रवण कुमार, पंकज कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजबली, आशु कुमार सिंह, गजेंद्र कुमार, कुणाल कुमार, दीपजीत कुमार एवं विकास कुमार सहित सभी जिलों के केवाईपी केंद्र संचालक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नई सहायक प्राध्यापक बहाली नियमावली बिहार के अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एएन कॉलेज पटना के पूर्व छात्रसंघ सचिव सह् बिहार जदयू के राजनैतिक सलाहकार चंदन कुमार भास्कर ने कहा कि बिहार में सहायक प्राध्यापक बहाली में लागू नई नियमावली लागू करना हजारों पीएचडी धारकों और शोधार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। बिहार के लाखो अभ्यर्थियों ने वर्षो तक पुरानी नियमावली, स्कोर, पीएचडी, शोध-पत्र प्रकाशन, सेमिनार, कान्फ्रेंस, शिक्षण अनुभव और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर तैयारी की है। ऐसे में अंतिम समय पर नियम बदलना उनके वर्षो के परिश्रम, समय और आर्थिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ है। वर्तमान सहायक प्राध्यापक बहाली को पुरानी नियमावली के आधार पर कराना चाहिए, बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी नीति में नए डिग्री महाविद्यालयों में सभी विषयों की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति करने जा रही है । यूजीसी के नियमों के अनुरूप अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष है जबकि नई नियमावली में 43 वर्ष है जो बिहार के लाखों छात्रों को भविष्य के साथ खिलवाड़ है क्योंकि बिहार के छात्र संसाधन के कमी के बावजूद पीएचडी करते है वहीं पीएचडी धारकों को नेट एवं जेआरएफ की तुलना में अधिक वरीयता देते हुए पुरानी नियमावली के अनुसार स्कोर के 30 अंक बहाल करने तथा बिहार के अभ्यर्थियों के हित में डोमिसाइल नीति लागू करना बिहार के छात्रों के हित में होगा । पीएचडी या शोध-अनुभव वाले अभ्यर्थियों को उच्च शिक्षा में प्राथमिकता देने से विश्वविद्यालयों में शोध संस्ति प्रभावित होगी। भविष्य में ऐसे शिक्षकों को पीएचडी के लिए सरकारी खर्च, शिक्षा अवकाश और अन्य शैक्षणिक सुविधाएं देनी पड़ेंगी, जिससे शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो सकता है। जहां अन्य राज्य अपने राज्य के विद्यार्थियों के प्राथमिकता के लिए परीक्षा आयोजित करवा रही हैं तो बिहार में नियुक्ति से पहले परीक्षा आयोजित करना चाहिए ताकि बिहार के अभ्यर्थियों को आगे नियुक्ति में मौका मिल सके । बगल के राज्य झारखंड परीक्षा आयोजित किया गया है। अभी राजस्थान एंव महाराष्ट्र का फार्म भरा है इसलिए बिहार में परीक्षा होनी चाहिए बिहार सहायक प्रध्यापक नियुक्ति से पहले ताकि बिहार के छात्रों को मौका मिल सके । बिहार सरकार को जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए ताकि बिहार के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो क्या बिहार में यूजीसी के नियमों को ताख पर रखकर उम्र में परिवर्तन किया है सबसे ज्यादा चिंता बिहार के छात्रों के लिए है साथ ही परीक्षा को अनिवार्य रूप से नियुक्ति से पहले आयोजित करना चाहिए ।

# भोजपुरी चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**संरक्षण एवं सांस्कृतिक विरासत संवर्धन के लिए भारतीय विरासत संस्थान और बिहार संग्रहालय के बीच एमओयू**

**पीडिया कला के चित्रकारों की लगी प्रदर्शनी**

**भोजपुर के दर्जनों कलाकार हुए शामिल**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार संग्रहालय में भारतीय विरासत संस्थान, नोएडा एवं बिहार संग्रहालय के बीच कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भारतीय विरासत संस्थान के कुलपति डा सच्चिदानंद जोशी और बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने किया।

बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आज के समझौते के बाद बिहार संग्रहालय न केवल पुरावस्तुओं के संरक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि बिहार की समृद्ध लोक एवं पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और प्रचार प्रसार का भी महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने विशेष रूप से पिडिया लेखन जैसी लोक कला का उल्लेख करते हुए कहा कि संग्रहालय के माध्यम से ऐसी विलुप्तप्राय कलाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

भारतीय विरासत संस्थान के कुलपति डा. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि समझौता (एमओयू) अत्यंत महत्वपूर्ण है। संरक्षण भारतीय विरासत संस्थान के प्रमुख कार्यक्षेत्रों में से एक है, और इस क्षेत्र में जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ सहयोग समय की आवश्यकता है।


भोजपुरी चित्रकला को देखते गणमान्य लोग।

दूसरे चरण में बिहार कला मंच और आसरा सेवा केन्द्र के तत्वावधान में भोजपुरी पेंटिंग की प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। पध्द्मश्री प्रो श्याम शर्मा, पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास, पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश तथा बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रदर्शनी के लिए लगभग 100 कलाकृतियाँ प्राप्त हुई थीं, जिनमें से स्थान की सीमाओं के कारण लगभग 45 चित्रों का ही प्रदर्शन किया गया है। भोजपुरी चित्रकला लोकजीवन, पर्व-त्योहार, अनुष्ठानों और सामाजिक परम्पराओं से गहराई से जुड़ी है। इसकी विशिष्ट रेखांकन शैली, रंग योजना और प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति इसे अलग पहचान देती है। परम्परा कभी स्थिर नहीं होती, उसे निरंतर साधना, अभ्यास और नवाचार से आगे बढ़ाना होता है। जैसे मिथिला चित्रकला ने समय के साथ वैश्विक पहचान बनाई, वैसे ही भोजपुरी चित्रकला भी नए आयाम भविषय में प्राप्त कर सकती है।

पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने कहा कि आज दो ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जो बिहार की कला और संस्कृति के लिए ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। यह पहल केवल कला के संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इससे स्थानीय कलाकारों को रोजगार के अवसर के मिलेंगे तथा उनकी पारंपरिक कला और कौशल को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। भोजपुर की पिड़िया लेखन को जीआई टैग मिलने के उपरांत उसकी पहली प्रदर्शनी का बिहार संग्रहालय में आयोजित होना हम सभी के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है।

पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास ने कहा कि किसी भी कला को जीआई टैग मिलना उसके विकास और पहचान के लिए नए अवसरों के द्वार खोलता है।

पद्मश्री प्रो श्याम शर्मा ने आज हम सभी के लिए ऐतिहासिक और हर्ष का अवसर है। भोजपुरी चित्रकला प्रदर्शनी के लिए अंजनी कुमार सिंह, अशोक कुमार सिन्हा तथा उनकी समर्पित टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ। मैथिली, अंगिका, वज्जिका, मगही और भोजपुरी जैसी सांसतिक परम्पराओं ने भारत की सांसतिक गरिमा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया है। भोजपुरी लोक चित्रकला उसी समृद्ध विरासत की सशक्त अभिव्यक्ति है।

डा. सच्चिदानंद जोशी द्वारा भोजपुरी लोक चित्रकला प्रदर्शनी-संभवतः इस विधा की पहली संगठित प्रदर्शनी का उद्घाटन हो रहा है।

कार्यक्रम में प्रतिभागी कलाकारों के रूप में कमलेश कुंदन, भास्कर मिश्रा, अमन राज, रूपा कुमारी, रौशन राय, अनिता पाण्डेय, गुड़िया कुमारी, मुकेश कुमार, अभिनव मिश्रा, रामावती देवी की उपस्थिति थी। धन्यवाद ज्ञापन रौशन राय ने किया।

इसके उपरांत सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शित कलातियों एवं लोक कलाओं की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भोजपुरी पेंटिंग के कलाकारों की उपस्थिति थी।

# 20 जुलाई को पटना से रवाना होगा सोमनाथ यात्रा का जत्था, विभाग की तैयारी मुकम्मल

**1100 श्रद्धालुओं के यात्रा, आवास, भोजन एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं बिहार सरकार उपलब्ध कराएगी**

**पटना जंक्शन से रवाना होगी ट्रेन, 3 टीयर एसी कोच में यात्रा करेंगे श्रद्धालु**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य सरकार सांसतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है। सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य सरकार लगभग 1100 श्रद्धालुओं को दो दिवसीय सोमनाथ यात्रा कराएगी। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय अभियान 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के 1000 वर्ष की अटूट आस्था' के तहत कला एवं संस्कृति विभाग यह यात्रा आयोजित कर रहा है। हाल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस मद में 2.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।


डा. प्रमोद कुमार, मंत्री कला एवं संस्कृति विभाग

यह यात्रा 20 जुलाई को पटना जंक्शन से विशेष रेलगाड़ी (सभी डिब्बे 3 टियर एयरकंडीशन) से प्रारंभ होगी। श्रद्धालु सोमनाथ धाम के दो दिनों के दर्शन और भ्रमण के बाद वापस 26 जुलाई को पटना लौटेंगे। श्रद्धालुओं को यात्रा, आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन, विशेष किट, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा और अन्य सभी सुविधाएं बिहार सरकार पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराएगी। भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम के सहयोग से यात्रा को सुव्यवस्थित बनाया जाएगा। इच्छुक श्रद्धालु जिला कला संस्कृति पदाधिकारी से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सोमनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह गुजरात के सौराष्ट्र तट पर प्रभास पाटन में अरब सागर के किनारे स्थित है। सदियों से यह मंदिर आक्रमणों का शिकार रहा, लेकिन हर बार श्रद्धालुओं की अटूट आस्था ने इसे पुन स्थापित किया। यह आयोजन सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने तथा उसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है, जिसके माध्यम से देशभर में भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

डा. प्रमोद कुमार, मंत्री कला एवं संस्कृति विभाग का कहना है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की आस्था, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक है। यह यात्रा देश की सांसतिक विरासत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। बिहार सरकार श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए पूर्णत प्रतिबद्ध है। विभाग ने यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुनिश्चित किया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलीं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता, संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा

**दरभंगा(एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पार्टी संगठन, बिहार विशेषकर मिथिला क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक सफलता



कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाने वाली है। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी।मिथिला की परंपरा के अनुसार डॉ. गुप्ता ने नितिन नवीन को पाग और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का नेतृत्व बिहार के लिए गौरव का विषय है और उनके मार्गदर्शन में भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को देशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है। डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने बताया कि मुलाकात के दौरान मिथिला क्षेत्र में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा आने वाले समय में संगठन और जनसेवा, दोनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

### ऑटो पलटने से 60 वर्षीय महिला की मौत, चालक फरार

**बहेड़ी (एनएसबी)।** बहेड़ी-लहेरियासराय मुख्य सड़क पर जोरजा स्थित बिस्मिल्ला पुल के समीप शुक्रवार को ऑटो पलट जाने से एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतका की पहचान बघरा गांव निवासी नजबुल खातून (60), पति अली हसन, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह ऑटो से यात्रा कर रही थीं। बिस्मिल्ला पुल के समीप अचानक ऑटो असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय ऑटो में चालक और महिला सहित केवल दो लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद चालक ऑटो छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है तथा फरार चालक की तलाश के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतका अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सभी बच्चों का विवाह हो चुका है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

### राष्ट्रीय जनता दल की बैठक आयोजित

**बेनीपुर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल, प्रखंड बेनीपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक बहेरा पब्लिक स्कूल, बहेरा के प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीलाम्बर यादव ने की, जबकि संचालन नगर अध्यक्ष गयासउदीन उर्फ तनवीर ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा 5 जुलाई 2026 को लहेरियासराय, दरभंगा के प्रेक्षागृह में आयोजित राजद के 30वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां थीं।प्रखंड प्रभारी मुकेश कुमार निराला ने कहा, "5 जुलाई केवल स्थापना दिवस नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की मशाल को और तेज करने का दिन है। बेनीपुर से ऐतिहासिक भीड़ लेकर दरभंगा पहुंचना है। दरभंगा एम्स, बिजली और बेरोजगारी के मुद्दों पर डबल इंजन सरकार को घेरेंगे। राजद के प्रदेश महासचिव जफर इमाम ने कहा, लालटेन की रोशनी अब बिहार के हर गांव तक पहुंचेगी। बेनीपुर के साथी 5 जुलाई को लहेरियासराय में एकजुटता का परिचय दें। अध्यक्षीय संबोधन में नीलाम्बर यादव ने कहा कि स्थापना दिवस पर बेनीपुर से सबसे बड़ा जत्था दरभंगा जाएगा। हर पंचायत, वार्ड और बूथ से कार्यकर्ता झंडा-बैनर के साथ शामिल होंगे। वहीँ 5 जुलाई को बेनीपुर से 5 बसों और दर्जनों छोटे वाहनों से कार्यकर्ता दरभंगा कूच करेंगे। सभी पंचायत अध्यक्ष अपने पंचायत से कम से कम 50 कार्यकर्ता ले जाने की जिम्मेदारी निभाएंगे।बैठक में युवा राजद के डॉ. सरोज हैदरी, विजय प्रकाश यादव, बैद्यनाथ मुखिया, रणधीर पासवान, हिदायत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भुदान की जमीन पर जमींदारों की कब्जा बरकरार भुदान किसानों में आक्रोश

**कुशेश्वरस्थान(एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत 2000 ईस्वी में भूदान में मिली गरीबों की जमीन पर जमींदारों एवं दबंग का कब्जा अब भी बरकरार है गरीबों की जमीन पर कब्जा दिलाने का प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास नहीं हो रहा है विनोबा भावे ने 1953- 54 में भूदान यात्रा के दौरान जमींदारों से 215 एकड़ जमीन मिली 83 एकड़ जमीन 72 अनुसूचित जाति एवं जनजाति के भूमिहीनों के बीच 82 एकड़ भूमि बांटी गई जमीन अन्य जातियों में भी वितरित की गई बेर गांव के हीराराम ने बताया कि जीवन का अंतिम क्षण आ गया किंतु जमीन पर कब्जा नहीं मिला वहीं राम कुमार सत्येंद्र कुमार अमरजीत पासवान सहित कई पचाधारियों ने बताया कि पुर्वज को भुदान की जमीन मिली थी लेकिन इस पर आज तक स्वामित्व जमींदारों का ही है। सरकार भले ही पर्चा बांटने कि बात कर रहा हो जो मिला है उस पर तो कब्जा है ही नही वही हिरा राम ने बताया कि भुदान यज्ञ समितियों से लेकर अंचलाधिकारी का कई बार दरवाजा खटखटाया लेकिन नतीजा कुछ नही निकल सका।

### केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे का मिथिला की पावन धरती दरभंगा में भाजपा के पूर्व महामंत्री ज्योति कृष्ण झा लवली ने मिथिला के परम्परा के तहत स्वागत किया।

### मुहर्रम के चौकी मिलन में जख्मी युवक की पटना मे मौत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के कंसी गांव निवासी जख्मी युवक की पटना मे मौत हो गई।मुहर्रम के नवमी खेल एवं चौकी मिलन के दौरान हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मृतक कंसी गांव वार्ड संख्या चार निवासी 26 वर्षीय मो जाहिद अंसारी बताया गया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है की 25 जून को मुहर्रम के नवमी खेल एवं चौकी मिलन के दौरान गांव के वृद्धा बथान चौक के समीप मो जाहिद पर हॉकी स्टिक एवं लकड़ी के मुंगदर से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। घटना के बाद उन्हें पहले डीएमसीएच दरभंगा और बाद में दरभंगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक के बड़े भाई मो जाकिर ने बताया कि दरभंगा के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान स्थिति में सुधार नहीं होने पर 30 जून को उनके भाई को पटना रेफर किया गया था।पटना के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को तबीयत अधिक बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे पीएमसीएच ले जाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच ले जाने के दौरान रास्ते मे गुरुवार की रात जाहिद की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस गांव लौट आए। घटना की सूचना मिलने पर सिमरी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। मृतक पांच भाई-बहनों में चौथे स्थान पर था। बताया गया है की लगभग 25 दिन पूर्व कार्य के दौरान उनका दाहिना हाथ टूट गया था, वे अपने गांव लौट आए थे। मृतक की मां खैरू निशा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। वह बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। ज्ञात हो कि इस मामले में सिमरी थाना में पूर्व में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। जिसमे कंसी गांव निवासी मो. शाहिद , मो. साबिर हुसैन सहित अन्य लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी मो. शाहिद को गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया: सतीश चंद्र दुबे

## दरभंगा जिला पूर्वी भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125वां स्मरण पर्व, जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, दरभंगा जिला पूर्वी की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पर्व एवं जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान एवं मंच का संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू ने किया। वही विधायक मैथिली ठाकुर, विधायक सुजीत सिंह तथा जिला महामंत्री शत्रुधन सहनी सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि "भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है। संगठन की मजबूती ही हमारी



केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे एवं अन्य एवं अन्य।

सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकताओं के बल पर पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है।"

विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि "डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र प्रथम का विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।"

विधायक सुजीत सिंह ने कहा कि "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा का हर कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि "यह सम्मेलन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करने का माध्यम बना है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगा।"उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन से तीन महत्वपूर्ण बातें सीखनी चाहिए—पहली, "राष्ट्र प्रथम" की भावना; दूसरी, अपने सिद्धांतों से कभी समझौता न करना; और तीसरी, समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित जीवन जीना। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि किसी व्यक्ति का जीवन कितना लंबा रहा, यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उसने अपने राष्ट्र और समाज के लिए क्या योगदान दिया, यही उसकी वास्तविक पहचान है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जो मजबूत, आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली तथा आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त हो। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में उस संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी,ममता देवी,जिला मंत्री सोनी ठाकुर,राधेश्याम झा,रामभजन पासवान, संतोष झा,ब्रजेश झा,ललित मोहन मिश्र,सीता देवी,सुधीर सिंह,चंदन ठाकुर,लाल मुखिया,प्रकाश सहनी,मणिकांत झा,बैधनाथ प्रसाद सिंह,रामविलाश भारती,संजय पासवान,नीरज कर्ण आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रवाद, संगठन और सेवा पर केंद्रित रहा भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, दरभंगा जिला कार्यालय में राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पक्ष के अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ "वंदे मातरम्" के सामूहिक गायन से हुआ। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया तथा



कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे, मंत्री रामचंद्र प्रसाद सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य।

दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उनका उद्घोष आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीँ बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और जनसेवा का अद्भुत उदाहरण है। भारतीय जनता पार्टी आज जिन सिद्धांतों पर आगे बढ़ रही है, उनकी मजबूत वैचारिक नींव डॉ. मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान नेताओं ने रखी थी। उन्होंने कार्यकताओं से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का आग्रह किया।दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहा है तथा मिथिला सहित पूरे बिहार में विकास के अनेक ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं।

### झाड़ी में युवक का शव मिलने से सनसनी

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के अरई रजुआ चौड़ स्थित जोगी बाबा स्थान के समीप झाड़ी में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। मृतक की पहचान बेनीबाद थाना क्षेत्र के रजुआ वार्ड संख्या- पांच निवासी 32 वर्षीय मिथलेश यादव के रूप में हुई है। बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे झाड़ी में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ था। इसकी सूचना सिमरी थाना को दी गई। मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने लाश को कब्जे मे लेकर मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया। परिजनो ने बताया की मिथलेश यादव मजदूरी का काम करता था। गुरुवार की सुबह भी वह मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश कर ही रहे थे कि शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली कि उनका लाश झाड़ी के पास पड़ा हुआ है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। मृतक की पत्नी सुमित्रा देवी को पति की मौत की जानकारी मिलते ही मूर्छित होकर गिर गई। दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने किसी प्रकार का आवेदन देने या पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया है। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर लाश परिजनों को सौंप दिया गया।

### छात्र गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज

**जाले (एनएसबी)।** कमतौल स्थित प्लस 2 जेएम उच्च विद्यालय में 9वी कक्षा की परीक्षा देने अपने ननिहाल कुम्हरौली से बीते बुधवार की सुबह आठ बजे निकला मनीगाछी थाना क्षेत्र के पैठान कबई वार्ड 1 निवासी स्व. मोबिन खान का पंद्रह वर्षीय पुत्र मो0 कासिफ खान गुमशुदा हो गया है ।काफी खोजबीन के बाद मिली असफलता को देख गुमशुदा के मामा एवं कुम्हरौली गांव निवासी मो0 मैनुल हक के पुत्र मो0 इम्तियाजुल हक ने एक प्राथमिकी बीते गुरुवार को कमतौल थाना में दर्ज कराया है ।मामले की तहकीकात स0अ0नि0 ललन कुमार कर रहे है ।बताया जाता है कि गुमशुदा छात्र अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा है ।इसकी माता को रो रो कर बुरा हाल बना हुआ हैं।इसके पिता की मौत बीते 17 नवंबर 2025 को बीमारी के कारण हो गई थी ।

### आज सदर तथा सैदनगर फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 4 जुलाई,2026 को यांत्रिक स्टील फर्नीचर इंडस्ट्रियल एरिया धरमपुर बियाडा में 11केवी पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 33/11 के वी विद्युत शक्ति उपकेंद्र लक्ष्मीसागर से निकलने वाली 11 केवी सदर फीडर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगा । सदर फीडर का मिथिला कॉलोनी से जम्फर खोल कर काम किया जाएगा । प्रभावित होने वाले क्षेत्रः- पासवान चौक, सदर थाना, धरमपुर इंडस्ट्रियल एरिया,अंबेडकर चौक, मिथिला कॉलोनी, मथुरापुर ,पोसनपुरा, कबीरचक, इंजीनियरिंग गैस गोदाम, गांधीनगर, कतरहिया, भेलूचक, सदर ब्लॉक, म्यूजियम गुमटी, शास्त्री नगर कॉलोनी आदि क्षेत्र शामिल है,वहीं दिनांक 4. जुलाई,2026 को ही 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैद नगर फीडर में प्रातः 8 बजे से 12 बजे अपराह्न तक "गावर एजेंसी" के द्वारा एल टी लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण मेडिकल कॉलेज, एकमी घाट चौक एवम एचपी गैस एजेंसी के सामने अवस्थित ट्रांसफार्मर का लाइन बंद रहेगा।

### टेंपो पलटने से दादी की मौत, पोती चोटिल

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय-बहेड़ी मुख्य मार्ग पर जोरजा पुल के निकट शुक्रवार को टेंपो पलटने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। मृत बहेड़ी थाना क्षेत्र के बघरा गांव निवासी स्वर्गीय मो. अली हसन की पत्नी नजबुल खातून (60) है। बताया जाता है कि नजबुल खातून अपनी आठ वर्षीय पोती नसीमा खातून के साथ टेंपो में सवार होकर मसाला पिसाने बहेड़ी बाजार जा रही थी। इसी दौरान जोरजा पुल के पास अनियंत्रित होकर टेंपो पलट से नजबुल उसके नीचे दब गई। जबकि चालक कूदकर फरार हो गया और बच्ची चोटिल हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में टेंपो को सीधा कर उसके नीचे दबी नजबुल खातून को बाहर निकाला और अस्पताल ले जाने के लिए वाहन ढूढ़ रहे थे। इसी बीच बुरी तरह से जख्मी नजबुल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बहेड़ी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। स्वजन मो. खुर्शीद ने बताया कि मृत का एक पुत्र और तीन पुत्रियां छोड़ गई हैं। सभी विवाहित है और हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है।

# मिथिला हार्टिकल्चर कलस्टर को मंजूरी मिलना दरभंगा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि: डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिथिला हार्टिकल्चर कलस्टर की मिली ऐतिहासिक मंजूरी दरभंगा जिले के केला,आम, लीची तथा मखान जैसी प्रमुख फसलों से जुड़े किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इस कलस्टर के माध्यम से सौ करोड़ रुपए की सहायता से दरभंगा तथा मधुबनी जिले के



उन्नीस हजार किसानों को आत्मनिर्भर बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दरभंगा जिले में मिथिला हार्टिकल्चर कलस्टर के सफल क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लहेरियासराय दरभंगा स्थित संसदीय कार्यालय कक्ष में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक करने के बाद उपरोक्त बातें कही है।सांसद डा ठाकुर ने मिथिला के लिए स्वीकृत 100 करोड़ की हॉर्टिकल्चर उद्यानिकी परियोजना, मखान क्षेत्र के विकास तथा कृषि एवं उद्यानिकी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निदान तथा सफल क्रियान्वयन को लेकर कृषि विभाग के अधिकारयों के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सतत प्रयासों से मिथिला के किसानों, मखान उत्पादकों एवं कृषि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है मिथिला हार्टिकल्चर कलस्टर की मंजूरी इसका ज्वलंत उदाहरण है। यहां के किसानों के द्वारा परंपरागत रूप से आम केला लीची मखान जैसे उत्पादों की खेती किया जाता है लेकिन अब इस कलस्टर के मध्यम से इन कृषि उत्पादों की नई तकनीक से खेती के साथ साथ इन उत्पादों का प्रसंस्करण पैकेजिंग तथा देश के साथ साथ वैश्विक बाजार उपलब्ध कराए जाएंगे जो यहां के विकास के लिए वरदान साबित होगा। समीक्षा बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी समीर कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा मंत्री मदन सहनी एवं मंत्री रामचंद्र प्रसाद का किया गया अभिनंदन समारोह

**दरभंगा (एनएसबी)।** डिविजनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, दरभंगा द्वारा बिहार सरकार में दरभंगा जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे दो मंत्रियों—मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री मदन सहनी तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद—के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री मदन सहनी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 20 जिलों में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु लगभग 45,741 एकड़ भूमि लगभग 30,000 करोड़ रुपये की लागत से अधिग्रहित कर रही है। इसी क्रम में दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड में 385 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मद्य निषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उनका विभाग पुलिस, आरपीएफ, एसएसबी, जीआरपी तथा एयरपोर्ट प्रशासन सहित विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी भी चेकपोस्ट पर विदेशी शराब बरामद होने पर संबंधित वाहन अथवा माल के मालिक के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि उनका विभाग राज्य के पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वर्ष में राज्यभर में 2 करोड़ 95 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी माता के नाम पर कम-से-कम एक पौधा अवश्य




कार्यक्रम में मंत्री मदन सहनी एवं मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद।

लगाएँ और उसके संरक्षण का संकल्प लें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डिविजनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका ने दोनों मंत्रियों का व्यापारिक एवं औद्योगिक समुदाय की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि दोनों मंत्रियों के पास अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग हैं और दरभंगा ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार की जनता एवं व्यापारिक जगत को उनसे बड़ी अपेक्षाएँ हैं। श्री सुरेका ने कहा कि मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मंत्री जी के प्रयास निश्चित रूप से राज्यहित में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। वहीं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग जल संरक्षण, व्यापक वृक्षारोपण, हरित विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से बिहार के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चैंबर की ओर से संरक्षक बिनोद साह, कैलाश बैरोलिया, प्रधान सचिव सुशील कुमार जैन, उपाध्यक्ष किशुनदेव साह तथा सचिव अभिषेक चौधरी ने दोनों मंत्रियों को मिथिला की परंपरागत पाग, चादर, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।इसके अतिरिक्त दोनार उद्योग संघ की ओर से अमित कुमार, कपड़ा व्यवसायी संघ की ओर से ओम प्रकाश अग्रवाल तथा बाजार समिति की ओर से संतोष साह ने भी मंत्रियों का पारंपरिक सम्मान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं। शुक्रवार को संपन्न जनता दरबार में भूमि विवाद, अतिक्रमण, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लोक शिकायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, सड़क, आवास योजना, आपूर्ति, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करते हुए इसकी सूचना आवेदकों को भी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जिन मामलों में स्थल निरीक्षण अथवा संयुक्त जांच की आवश्यकता हो, उनमें शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर संबंधित विभागों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया। जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

### शेरपुर दियारा स्कूल में देर रात तोड़फोड़, पानी-बिजली व्यवस्था को किया ध्वस्त, 850 छात्रों की पढ़ाई और एमडीएम संचालन प्रभावित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शेरपुर दियारा में गुरुवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने जमकर तोड़फोड़ की। विद्यालय परिसर में बच्चों की सुविधा के लिए लगाई गई पानी की टंकी, पाइपलाइन, नल तथा बिजली की वायरिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह विद्यालय खुलने पर शिक्षकों को मिली। इसके बाद विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रधानाध्यापक गुलजारी प्रसाद ने बताया कि विद्यालय की चारदीवारी नहीं होने के कारण स्कूल बंद होने के बाद असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इसी का फायदा उठाकर गुरुवार रात विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 850 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें प्रतिदिन 550 से 600 बच्चे उपस्थित होते हैं। बिजली और जलापूर्ति व्यवस्था ठप होने से छात्रों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं मध्याह्न भोजन (एमडीएम) बनाने के लिए भी दूसरे स्थान से पानी मंगवाना पड़ा।प्रधानाध्यापक ने बताया कि घटना की लिखित एवं मौखिक सूचना संबंधित विभाग को दे दी गई है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। विद्यालय में चारदीवारी निर्माण की प्रक्रिया विभागीय स्तर पर चल रही है। चारदीवारी नहीं रहने से विद्यालय की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। घटना के बाद शिक्षकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विद्यालय परिसर में लगातार असामाजिक गतिविधियां होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और सरकारी संपत्ति को भी बार-बार नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### विद्यापतिनगर डिग्री कॉलेज का एसडीओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापति उच्चतर विद्यालय मऊ बाजिदपुर उत्तर में संचालित विद्यापतिनगर डिग्री कॉलेज का शुक्रवार को एसडीओ किशन कुमार ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, मुखिया विवेकानंद सिंह, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा अजय कुमार भी उपस्थित थे। एसडीओ ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय विद्यापति का अनुश्रवण करते विकास कार्यों का जायजा लेते हुए सभी किए गए कार्यो से संतुष्ट थे। एसडीओ ने कई सुझाव भी मौके पर उपस्थित+२ विधालय के प्रधानाचार्य और डिग्री कॉलेज के प्राचार्य को दिया। उन्होंने प्राचार्य प्रोफेसर अजय कुमार के साथ नामांकन लेने वाले छात्रों को नामांकन रसीदें संयुक्त रूप से वितरित कर नये महाविद्यालय में छात्रों का स्वागत किया गया और आशीर्वाद दिया। छात्र छात्राओं में नजदीक में ही महाविद्यालय खुलने पर काफी खुशी देखी गई, अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से उनका पता पूछा और वर्ग में लगातार आने की सलाह दी और कहा की यहाँ से एक अच्छी शिक्षा ग्रहण कर विद्यालय और छेत्र का नाम रौशन करे। साथ ही छात्रों के नामांकन में तेजी लाने की सलाह दिया।करीब एक घंटे तक पदाधिकारीयों द्वारा अनुश्रवण किया गया।

### डीएम ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने कल्याणपुर प्रखंड में संचालित होने वाले राजकीय डिग्री महाविद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी हजपुरवा पंचायत के करूआ गांव पहुंचे, जहां प्रस्तावित राजकीय डिग्री महाविद्यालय के लिए चिन्हित लगभग छह बीघा भूमि का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ निर्माण संबंधी तैयारियों पर चर्चा की। इस अवसर पर डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ देवेंद्र कुमार, राजस्व अधिकारी जयनंदन प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि रमेश शर्मा, जदयू पंचायत अध्यक्ष लाल बाबू महतो, उप सरपंच रजनीश कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य नंद किशोर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वर्तमान में 300 सीटों का आवंटन किया गया है, जिसे आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### कल्याणपुर थाना क्षेत्र में चला सघन वाहन जांच अभियान, तीन बाइक चालकों से वसूले 10 हजार रुपये जुर्माना

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में दुमदुमा पुल, जटमलपुर तथा कल्याणपुर चौक पर पुलिस पदाधिकारियों ने दोपहिया वाहनों की जांच की, जिससे बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट एवं आवश्यक कागजात के वाहन चलाने वाले तीन बाइक चालकों से कुल 10 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। पुलिस कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक जांच से बचने के लिए अपना रास्ता बदलते भी नजर आए। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा सभी आवश्यक कागजात साथ रखने की अपील की।

### 17.39 करोड़ की राशि से बनेगा आधुनिक प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, वर्षों का इंतजार होगा खत्म

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिनगर प्रखंडवासियों की 32 वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी होने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ गया है। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन के निर्माण के लिए तीन एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। इस कार्य के लिए 17 करोड़ 39 लाख 31 हजार 585 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विभागीय आदेश जारी होने के साथ ही लंबे समय से लंबित इस परियोजना के जल्द धरातल पर उतरने की उम्मीदें तेज हो गई हैं। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भवन निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण 'भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013' के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। स्वीकृत राशि का आवंटन वित्तीय वर्ष 2026-27 में किया जाएगा, जबकि राशि की निकासी एवं व्यय की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर के अधीन होगी। 24 जनवरी 1994 ई. को विद्यापतिनगर प्रखंड गठन के बाद से ही स्थायी कार्यालय भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पर्याप्त आधारभूत संरचना के अभाव में प्रशासनिक कार्यों के संचालन में कई तरह की व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

# दलसिंहसराय में दो बड़ी करवाई में चार शातिर गिरफ्तार, अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर दलसिंहसराय पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे छापेमारी अभियानों के दौरान दलसिंहसराय क्षेत्र में गुरुवार को दो महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों में कुल चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस व मोबाइल बरामद किए गए हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से बात करते हुए उक्त जानकारी दी।



संवाददाताओं से बात करते डीएसपी।

**मंदिर के पास से दबोचे गए दो सशस्त्र अपराधी**

डीएसपी ने बताया कि 02 जुलाई की शाम दलसिंहसराय थाना के पु०अ०नि० सुबोध कुमार सिंह को एक विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति सरदारगंज चौक स्थित काली मंदिर के समीप किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नियत से अवैध हथियार लेकर खड़े हैं। सूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना की सशस्त्र टीम ने त्वरित छापेमारी कर इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोलवीचक टोला अमर सिंह स्थान, दलसिंहसराय निवासी रामाश्रय सहनी के पुत्र गणेश कुमार व रूपण सहनी के पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान गणेश कुमार के कब्जे से एक लोहे का देशी पिस्टल और संजीव कुमार के पास से तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस मामले में दलसिंहसराय थाना पर कांड संख्या 357/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित फायरिंग वीडियो का खुलासा, 24 घंटे में दो गिरफ्तार**

डीएसपी ने बताया कि, दूसरी कार्रवाई इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक फायरिंग वीडियो के संबंध में की गई। वीडियो में एक युवक खुलेआम पिस्टल से हवाई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने मामले को स्वतः संज्ञान में लेकर आरोपियों की पहचान के लिए जाल बिछाया। सूचना तंत्र के माध्यम से 03 जुलाई की रात्रि करीब 01:00 बजे यह पता चला कि वीडियो में दिखने वाला मुख्य व्यक्ति केवटा, दलसिंहसराय निवासी अनिल राय के पुत्र रौशन कुमार है। रात लगभग 02:00 बजे पुलिस टीम ने रौशन के घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रौशन ने वीडियो की स्वीकृति दी और अपने साथी केवटा कागपुर निवासी वैद्यनाथ दास के पुत्र आशु कुमार उर्फ रौशन कुमार का नाम बताया। तत्पश्चात पुलिस ने शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए आशु को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने क्षेत्र में भय फैलाने के उद्देश्य से केवटा स्थित एक बगीचे में पिस्टल से फायरिंग की थी और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। आशु का पिछला आपराधिक इतिहास मौजूद है तथा वह एक पुराने मामले (कांड सं. 245/2025) में जमानत पर था। इस मामले में शस्त्र अधिनियम के तहत नया कांड संख्या 358/2026 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**डीएसपी की चेतावनी व जनता से अपील**

प्रेस वार्ता में डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया या किसी भी माध्यम से हथियार दिखाने, फायरिंग करने व सार्वजनिक भय फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे लोगों और संदिग्ध सोशल मीडिया प्रोफाइलों पर निरंतर नजर रख रही है। साथ ही जनता से अपील की कि यदि उनके आस-पास किसी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध हथियार से जुड़ी कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# ताजपुर पुलिस ने किया लूटकांड का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**ताजपुर (एनएसबी)।** ताजपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटनाओं का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक देसी पिस्तौल तथा एक जिंदा गोली भी बरामद की है।



संवाददाताओं से बात करते एएसपी व अन्य।

शुक्रवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए एएसपी ने संवाददाताओं को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि, अनुसार, 1 जुलाई 2026 को ताजपुर थाना क्षेत्र के भैराखड़ा वार्ड संख्या-04 स्थित अर्धनिर्मित लाइन के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी के दौरान उसकी पहचान धनराज सहनी (पिता- रंजीत सहनी, निवासी- बख्तियारपुर बसंतपट्टी टोला, थाना- चकमेहसी, जिला- समस्तीपुर) के रूप में हुई। उसके पास से एक देसी पिस्तौल, एक जिंदा गोली और लूटी गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। हालांकि उसके दो अन्य साथी मौके से फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। उसने बताया कि वे लोग रामपुर महेशपुर स्कूल के पास एक राहगीर को हथियार का भय दिखाकर मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल फोन लूट चुके हैं। इसके अलावा 27 जून 2026 की रात वैन थाना क्षेत्र के विरौली पुल के पास भी आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर राहगीरों से पिट्ठू बैग, टैबलेट और नकदी की लूट की घटना को अंजाम दे चुका है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई में ताजपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, शालू कुमारी, विजय कुमार प्रसाद, अमित कुमार (डीआईयू) सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इंटर अकादमी क्रिकेट टी 20 लीग : येलो और रेड ने ब्लू को हरा कर फाइनल की ओर बढ़ाया कदम



**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** छात्रधारी इंटर विद्यालय के मैदान में दलसिंहसराय इंटर अकादमी क्रिकेट टी 20 लीग का दूसरा मैच दलसिंहसराय क्रिकेट अकादमी येलो एवं दलसिंह सराय क्रिकेट अकादमी ब्लू के बीच खेला गया। 20-20ओवर के इस मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम येलो ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रनो का स्कोर खड़ा किया। जिसमें अनमोल ने 36 अहिद अशफाक ने 18 और आदित्य ने 12 रनो का योगदान दिया। क्रिक्रेट ब्लू की तरफ से गेंदबाजी में अनिरुद्ध आदित्य लक्ष्य एवं अर्नव ने 1झ1 विकेट लिये। जवाब में 134 रनों का पीछा करने उतरी क्रिकेट ब्लू ने 19 ओवर में 128 रनों पर ही सिमट गई। इस प्रकार क्रिकेट अकादमी येलो ने यह मैच 5 रन से जीत लिया। क्रिकेट अकादमी ब्लू की तरफ से बल्लेबाजी में अनिरुद्ध ने 27, आयरन 17 प्रखर और अर्नव ने 12 झ 12 रन बनाए क्रिकेट येलो की तरफ से गेंदबाजी में अंकित अनमोल आदित्य ने 2,2 विकेट और श्रुति ने 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अनमोल सर्वेश्रेष्ठ बल्लेबाज अनिरुद्ध और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज आदित्य को पूर्व क्रिकेटर मो नबाब,मनीष कुमार और बाल कृष्ण के द्वारा दिया गया। अम्पायर उमेश राय थे। वहीं, दलसिंहसराय क्रिकेट एकेडमी रेड एवं ब्लू के बीच खेले गए तीसरे लीग मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए दलसिंहसराय क्रिकेट एकेडमी रेड ने 18.3 ओवर में सभी विकेट गवां कर सिर्फ 82 रन बनाये। बल्लेबाजी में रेड टीम के तरफ से प्रियांशु ने 15 अफनूर ने 14 रन बनाया। ब्लू टीम की तरफ से लक्ष्य, अनिरुद्ध, अर्णव ने 2,2 विकेट लिया। जवाब में ब्लू टीम की तरफ से बल्लेबाजी में मोहित वर्मा ने 32, अनिरुद्ध 15, आर्यन आनन्द ने 12 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में अनुज सिंघानिया ने 3 विकेट और युवराज ने 1 विकेट लिया। आज का मैन ऑफ द मैच अर्नव आर्य, बेस्ट बॉलर अनुज और बेस्ट बैट्स मैन मोहित वर्मा को सज्जन झा, चंदन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। आज के मैच में मुख्य रूप से पूर्व खिलाड़ी प्रियवंत कुमार, मोहम्मद नवाब, अशफाक अंसारी, राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

# सहयोग शिविर के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सहयोग शिविर के सफल एवं प्रभावी आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहयोग शिविर के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं जनहित को प्राथमिकता देते हुए किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सभी संबंधित विभाग आवश्यक संसाधनों एवं कर्मियों के साथ उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करें। शिविर में आने वाले प्रत्येक आवेदक के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के बीच




बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा सहयोग शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में उपस्थित रहे, जबकि सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े और जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निदेर्शों से अवगत हुए।

# शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के चकमेहसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बीएनएस एवं बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चकमेहसी वार्ड संख्या-1 निवासी कृष्णा राय के पुत्र सुशील कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि आरोपी को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारियों के खिलाफ थाना क्षेत्र में अभियान लगातार जारी रहेगा।

# आर एल महतो बीएड कॉलेज में प्रशिक्षुओं ने सीखे अग्नि शमन

**बचाव और आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक गुर**

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** स्थानीय आर. एल. महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में अग्निशमन विभाग द्वारा प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं, सहायक प्राध्यापकों, व्याख्याताओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए अग्नि सुरक्षा एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग पर सुरक्षित तरीके से काबू पाने की विधि का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अग्निशामक यंत्र के सही उपयोग, आग लगने पर प्राथमिक बचाव, सुरक्षित निकासी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध आपातकालीन वॉटर पाइप, होज पाइप एवं अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने इन उपकरणों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि, समय पर इनका प्रभावी इस्तेमाल बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकता है। इस दौरान दलसिंहसराय अग्निशमन केंद्र के सहायक अग्निशमन पदाधिकारी रूपेश कुमार ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संयम और सूझबूझ से कार्य करना चाहिए। वहीं प्रभारी अग्निशमन पदाधिकारी रामानंद राय ने कहा कि आग लगने पर सबसे पहले सुरक्षित बाहर निकलें तथा तत्काल डायल 101 या 112 पर सूचना दें। उन्होंने बताया कि, सावधानी, समय पर सूचना और सही कार्रवाई से जन-धन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। विद्युत उपकरणों, गैस सिलेंडरों तथा ज्वलनशील वस्तुओं का उपयोग पूरी सावधानी के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने घर और कार्यस्थल पर स्मोक डिटेक्टर, अग्निशामक यंत्र तथा आपातकालीन निकास मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की छात्राओं राखी कुमारी, नगमा खातून, वर्षा कुमारी एवं सोनम कुमारी द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निर्मल कुमार चंचल ने किया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग की अधिकारी काजल कुमारी, मनोज कुमार, केशव कुमार चौधरी, सत्यम, उमा शंकर चंदन, रूपम कुमारी, प्राची अग्रवाल, पल्लव पारस, रूपक कौशल, सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षु।

## संक्षिप्त खबरें

### चयन सूची के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ.

**बिस्फी (एनएसबी)।** राजकीय डिग्री कॉलेज नाहस खंगरैठा में 4 वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026-30 में नामांकन विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित चयन सूची के आधार पर की जा रही है. जानकारी के अनुसार नामांकन के लिए चयनित छात्र छात्राओं को नामांकन चयन पत्र, कॉमन आवेदन फॉर्म, ऑनलाइन नामांकन भुगतान का रसीद, मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र सहित इंटरमीडिएट अंक पत्र आधार कार्ड के साथ दो प्रति में जमा करना होगा. नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. फिलहाल इतिहास, राजनीति शास्त्र और हिन्दी विषयों में छात्रों का नामांकन लिया जा रहा है. नामांकन की अंतिम तिथि 6 जुलाई निर्धारित की गई है.शिक्षा विभाग की ओर से +2 उच्च विद्यालय नाहस-खंगरैठा परिसर में डिग्री कॉलेज के संचालन के लिए आठ कमरों की व्यवस्था की गई है. डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल प्रो. फूलो पासवान ने कहा कि अब बिस्फी के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा. सरकार का प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए बेहद लाभकारी और सराहनीय है. मौके पर बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने कहा कि बिस्फी प्रखंड के लिए ऐतिहासिक और खुशी का दिन बताया. इस मौके पर नाहस-खंगरैठा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद झा, सामाजिक कार्यकर्ता विजय चंद्र घोष, शिक्षक गौरी शंकर साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे.




### ऐतिहासिक सौराठ सभा का विधिवत शुभारम्भ, सांस्कृतिक विरासत को संजोने का लिया संकल्प

**मधुबनी(एनएसबी)।** मिथिला की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली ऐतिहासिक सौराठ सभा का विधिवत शुभारम्भ शनिवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सौराठ समिति के अध्यक्ष कृष्ण कांत झा ह्यगुड्डूह्ण ने की, जबकि सफल संचालन आनंद झा ने किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इसके बाद धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। उपस्थित लोगों ने सौराठ सभा की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष शतीश चंद्र मिश्र, मधुबनी व्यवहार न्यायालय के अध्यक्ष बासुदेव झा, वरिष्ठ समाजसेवी हितेन्द्र नारायण उर्फ. नुन्नू ठाकुर, प्रो. आदित्य नाथ ठाकुर, कला एवं संस्कृति विभाग के नीरज मिश्र, डॉ. शेखर मिश्र, धर्मेन्द्र मिश्र, अनिल कुमार झा, सुनील कुमार झा, संजय झा, चंदन झा, आशीष कुमार मिश्र, चुन्नू झा, गौरव मिश्र, मुकेश झा, अतुल मिश्र, छबील झा, अशोक कुमार झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सौराठ सभा केवल विवाह योग्य वर-वधू के परिचय का मंच नहीं, बल्कि मिथिला की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की अमूल्य धरोहर है। इसकी परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सौराठ समिति के अध्यक्ष कृष्ण कांत झा ह्यगुड्डूह्ण ने सभी अतिथियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, सहयोगियों एवं आमजन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से सौराठ सभा की गौरवशाली परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने मिथिलांचल के युवाओं से पूर्वजों की इस ऐतिहासिक धरोहर को जीवंत रखने तथा पंजी प्रथा के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय योगदान देने की अपील की।



### लछमिनिया पंचायत के वार्ड नंबर 3 में सड़क की स्थिति काफी खराब

**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत लछमिनिया पंचायत के वार्ड नंबर 3 में सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाला निर्माण होने के बावजूद सड़क पर पानी जमा रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्षात के महिने में लगातार जलजमाव के कारण सड़क की परत टूटने लगी है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। कारण उस सड़क से गुजरने वाले राहगीरों एवं ग्रामीणों को दुर्घटना का शिकार होते देखा जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि नाले की नियमित सफाई नहीं होने तथा पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों एवं आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग एवं स्थानीय अधिकारियों से जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगामी बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर 7 जुलाई को होगी अनुश्रवण समिति की बैठक

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, मधुबनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 7 जुलाई 2026 को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी सह अध्यक्ष जिला सैनिक कार्यालय, मधुबनी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, मधुबनी ने समिति के सभी सदस्यों को बैठक में समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मामलों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।इनमें भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक सहायता तथा अन्य शिकायतों के निष्पादन से संबंधित मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा सैनिकों के हित में कई महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा होगी। साथ ही जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ईसीएचएस , सैनिक विश्राम गृह तथा सैनिक कैंटीन के लिए उपयुक्त भवन एवं एक एकड़ अथवा कम-से-कम 50 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। साथ ही मधुबनी में की स्थापना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलंटियर एवं अधिवक्ता के लिए कार्यालय की व्यवस्था, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हेतु अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराने तथा कार्यालय में लिपिक की प्रतिनियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी निर्णय लिया जाएगा।इसके अतिरिक्त सैनिक हेल्प डेस्क को अधिक प्रभावी बनाने, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के विधिवत उद्घाटन तथा भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन पर भी चर्चा होगी। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं समिति के सदस्यों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर आवश्यक सुझाव एवं सहयोग प्रदान करने की अपील की है, ताकि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### टैक्स जनता पर बोझ डालने वाली जन विरोधी नीति

**लदनियां (एनएसबी)।** बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राजद विधायक प्रो उमाकांत यादव, बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के सचिव सह लदनियां प्रखंड क्षेत्र जिला परिषद क्षेत्र संख्या 19 के पूर्व जिला परिषद सदस्य राम अशीष पासवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह राजद के वरिष्ठ नेता राम कुमार यादव ने प्रेस के नाम विज्ञप्ति में कहा है कि बिहार सरकार के द्वारा शहरी क्षेत्र में टैक्स बढ़ाने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर पर 1200 रुपए टैक्स और स्टेट हाईवे पर टौल टैक्स जनता पर बोझ डालने वाली जन विरोधी नीति है। बिहार सरकार का यह निर्णय जन विरोधी है।जो आम जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है। नेताओं ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि भारत सरकार और बिहार सरकार ने बिहार में चुनाव जीतने के लिए एक ओर जहां चंदा से प्राप्त राशि तो दूसरी ओर बिहार सरकार और भारत सरकार दोनों ने खजाना खाली कर जनता को लोकलुभावन भावनाओं से खिलवाड़ कर जनता के हिस्से में हकमारी कर भाजपा खाते में राशि जमा कर लिया। और अब जनता पर तरह तरह के टैक्स लादे जा रहे है। सरकार राजस्व वसूली के लिए शहरी क्षेत्र में तो टैक्स में वृद्धि कर ही दिया है, और अब ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए प्रत्येक वर्ष प्रत्येक परिवार 1200 रुपए सालाना टैक्स के प्रावधान के साथ स्टेट हाईवे पर भी टौल टैक्स वसूली के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव को मंजूरी देकर आम जनों पर बोझ लादने का कवायद शुरू कर रही है। सरकार का यह नीति जनहित में नहीं है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांत कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत : सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पर्व के अवसर पर जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभांशु झा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री रंजीत यादव ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव, बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर, मेयर अरुण राय, पूर्व विधायक डॉ. रामप्रीत पासवान, प्रदेश मंत्री जन्मेजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भागेंद्र ठाकुर एवं शंकर झा सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



चित्र पर पुष्प अर्पित करते सांसद।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांत, विचारधारा और आदर्श भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरे देश में डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि से लेकर 6 जुलाई को उनकी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मना रही है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित को समर्पित रहा।

सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव ने कार्यकताओं से 6 जुलाई तक सरल ऐप पर चल रहे डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है।

बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव के प्रयासों से मधुबनी को केंद्रीय विश्वविद्यालय की सौगात मिली है, जो पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी को राष्ट्रवाद का प्रबल समर्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा दी।

इस दौरान मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण राय ने घोषणा की कि नगर निगम क्षेत्र में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। उनकी इस घोषणा का उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्वागत किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्र, सुबोध चौधरी, सरोज सिंह, मनोज कुमार मुन्ना, सतीश ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, राधा देवी, प्रमिला पूर्वे, शिव शंकर पांडे, संतोष भगत, हितेंद्र ठाकुर, अमरनाथ प्रसाद सहित जिले के अनेक कार्यकताओं ने भाग लिया।

## आमजनों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश : जिलाधिकारी

**प्राप्त आवेदन के आलोक में संबंधित पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े**

फोटो संख्या 1 बैठक करते जिला अधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में प्रखंड फुलपरास पंचायत बथनाहा निवासी नंदकिशोर बिंदेश्वर ने सरकारी रास्ता को दबंग व्यक्तियों द्वारा मवेशी घर बनाकर अतिक्रमण करने को लेकर शिकायत किया। परिवादी विनोद राय प्रखंड बाबूबरही पंचायत पीरहि निवासी ने चार साल से बकाया पेंशन राशि भुगतान हेतु आवेदन दिया। पंडौल पूर्वी पंचायत निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा के द्वारा बंदोबस्त भूमि का कागज जिला अभिलेखागार मधुबनी या अंचल कार्यालय पंडौल से उपलब्ध कराने से संबंधित आवेदन दिया। वही ग्राम पोस्ट सीरियारपुर थाना बासोपट्टी निवासी राघव किशोर मिश्र ने सरकारी अमीन के नापी रिपोर्ट के आधार पर निजी स्वामित्व की भूमि घेराबंदी मजिस्ट्रेट के समक्ष करवाने के संबंध में आवेदन दिया गया। प्रखंड राजनगर निवासी समुद्री देवी ने पर्चा से दी गई भूमि को विपक्षी द्वारा दबंगता के बल पर कब्जा करने पर रोक लगाने से संबंधित शिकायत किया। खुटौना कारमेघ पश्चिम निवासी महेंद्र प्रसाद यादव ने देव लाल ठाकुर के द्वारा सड़क अतिक्रमण करने के संबंध में शिकायत किया गया।सविता देवी रहिका,सम्भुआर पंचायत निवासी ने उद्योग विभाग मधुबनी द्वारा पीएमईजीपी लोन में सब्सिडी एडजस्टमेंट लेटर निर्गत नहीं करने से संबंधित शिकायत किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। *कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई।--जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के द्वारा हरेक महीने के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को पंचायत में सहयोग शिविर चलाया जा रहा है। जो पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया है। आए हुए आवेदनों का तीस दिनों के अंदर उसका निष्पादन किया जाना है।


ीड़।

**ऑनलाइन माध्यम से कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए।वही 32 परिवादी ऑफलाइन माध्यम से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया**

## श्रम मंत्री ने चार लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सौंपे सहायता राशि के चेक

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजना-2024 के तहत शुक्रवार को जयनगर प्रखंड के कोरहिया हाट परिसर स्थित यात्री शेड में सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक युवा, रोजगार एवं कौशल बिकास मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने पात्र लाभुकों के बीच आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्विनी राज भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार असंगठित क्षेत्र के कामगारों एवं शिल्पकारों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, प्राकृतिक मृत्यु अथवा अन्य विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता मिले, जिससे कठिन समय में उन्हें राहत मिल सके। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्विनी राज ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रमिकों को इस योजना से जोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने श्रमिकों से श्रम विभाग में अपना निबंधन कराने तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

इस दौरान मंत्री ने चार लाभुकों को कुल 3.50 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इनमें कोरहिया वार्ड संख्या-9 निवासी मो. सफीक की पत्नी सुबैदा खातून को सड़क दुर्घटना में मृत्यु के मामले में 2 लाख रुपये, शंकर राम की पत्नी रूणा कुमारी को स्वाभाविक मृत्यु पर 50 हजार रुपये, कोरहिया वार्ड संख्या-9, बांध चौक निवासी मो. शकुर की पत्नी सैयरा खातून को 50 हजार रुपये तथा कोरहिया वार्ड संख्या-1 निवासी दिवंगत संजय कुमार मंडल की पत्नी धनवंती देवी को स्वाभाविक मृत्यु के मामले में 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सहायता राशि प्राप्त करने वाले लाभुकों एवं उनके परिजनों ने राज्य सरकार और श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रम विभाग के अधिकारी, कर्मी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार, बीडीओ राजीव रंजन कुमार, थानाध्यक्ष रमण कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्विनी राज, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, प्रखंड अध्यक्ष राम कुमार सिंह उत्तरी, उद्धव कुंवर दक्षिणि अध्यक्ष, विधान सभा संयोजक हरिश्चंद्र शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, गोपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, विकास चन्द्र, निलेश कुमार सिंह, रामजी गुप्ता समेत कई अन्य मौजूद रहे।


मंत्री चेक देते।

## राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मधुबनी के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में 6 वीं राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप ट्रायल में मधुबनी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्डन कराटे अकादमी के तीन खिलाड़ियों हिमांशु कुमार यादव, सुहासनी एवं अभिजीत कुमार झा को अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि आज वे राष्ट्रीय स्तर पर मधुबनी एवं बिहार का गौरव बढ़ा रहे हैं। विदित हो कि हिमांशु कुमार यादव एवं सुहासनी का चयन 14वीं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ, जिसका आयोजन 25 से 28 जून 2026 तक नासिक, महाराष्ट्र में किया गया। वहीं अभिजीत कुमार झा का चयन सीनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ है, जिसका आयोजन 6 से 8 जुलाई 2026 तक शिलांग, मेघालय में होगा। राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता में हिमांशु कुमार यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और बिहार के साथ-साथ मधुबनी जिले एवं अकादमी का नाम रोशन किया।* *वहीं सुहासनी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गईं।अब अभिजीत कुमार झा आगामी सीनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कल शिलांग रवाना होंगे। अकादमी को उनसे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।इस अवसर पर गोल्डन कराटे अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अरुण कुमार चौधरी ने भी सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## जयनगर में खुला मधुबनी जिले का पहला पतंजलि मेगा स्टोर

**जयनगर (एनएसबी)।** शहर के कमला रोड स्थित पतंजलि मेगा स्टोर का शुक्रवार को बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। स्टोर के खुलने से अब जयनगर एवं आसपास के लोगों को पतंजलि के सभी आयुर्वेदिक, हर्बल एवं दैनिक उपयोग के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

उद्घाटन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाश पासवान, जयनगर थानाध्यक्ष रमन कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष उद्धव कुँवर, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, नगर अध्यक्ष सूरज गुप्ता, उत्तरी अध्यक्ष राम कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश झा, हरिचन्द्र शर्मा, प्रमिला पूर्वे, विकास चंद्रा, राजेश गुप्ता, नीलेश सिंह, स्टोर के प्रोपराइटर बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, राहुल कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि पतंजलि जैसे प्रतिष्ठित स्वदेशी ब्रांड का मेगा स्टोर जयनगर में खुलना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक एवं स्वदेशी उत्पाद सहज रूप से उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्टोर के प्रोपराइटर बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मुजफ्फरपुर के बाद मधुबनी जिले का यह पहला पतंजलि मेगा स्टोर है। यहां पतंजलि के हर्बल, आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक उत्पादों के अलावा खाद्य सामग्री, स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन तथा दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि जनसेवा के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार स्टोर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार द्वारा विभिन्न रोगों की जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उनका कहना था कि स्टोर का उद्देश्य केवल उत्पादों की बिक्री नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना भी है।


मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने किया उद्घाटन।

## संक्षिप्त खबरें

### वनवासी क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास में आचार्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : सुनील सहाय

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित औपचारिक विद्यालय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में शुक्रवार को इंडियन एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स के सह सचिव व एजुकेशन इंडिया के निदेशक सुनील सहाय ने आचार्यों को संबोधित करते हुए बाल शिक्षा के विविध आयामों पर विस्तार से



आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

प्रकाश डाला। श्री सहाय ने कहा कि 9 वर्ष की आयु तक बच्चों के मस्तिष्क का लगभग 80 प्रतिशत विकास हो जाता है, इसलिए प्रारंभिक शिक्षा का चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से ही प्रार्थना, व्यायाम, खेल, कहानी, गीत, भाषा कौशल, ध्यान, योग तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना चाहिए, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास संतुलित रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों का मन कोरे कागज की तरह होता है, इसलिए उन पर जो संस्कार और मूल्य अंकित किए जाते हैं, वही उनके व्यक्तित्व का आधार बनते हैं। आचार्यों को बच्चों में सीखने की जिज्ञासा, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। श्री सहाय ने अभिभावकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे प्रतिदिन कुछ समय बच्चों के साथ अवश्य बिताएँ, उनसे संवाद करें, प्रेरणादायक प्रसंग सुनाएँ तथा पढ़ाई और व्यवहार दोनों पर समान रूप से ध्यान दें। उन्होंने आचार्यों को सलाह दी कि वे प्रत्येक कक्षा की शुरूआत प्रेरक प्रसंग, सुविचार या लघु गतिविधि से करें तथा समय-समय पर बच्चों का समग्र मूल्यांकन भी करते रहें।

### 18 जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत की तैयारी और सफलता को लेकर बैठक आयोजित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नालसा नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एनआई एक्ट से संबंधित मामलों के निपटान के लिए दिनांक 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के आलोक में शुक्रवार को विशेष लोक




बैठक में शामिल न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता गण।

अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार (एडीआर) भवन में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी तक के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायिक पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी राघेश्याम, राजेश कुमार दुबे, राघवेन्द्र शरण एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वादों के चिन्हितिकरण, पक्षकारों को नोटिस तामिला कराना एवं अधिक से अधिक संख्या में एनआई एक्ट के वादों के निष्पादन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। विभिन्न न्यायालयों में एनआई एक्ट के लंबित मामलों के चिन्हितिकरण के लिए विशेष अभियान चलाये जाने पर भी जोर दिया गया। इस संबंध में जिले के अधिवक्ता संघो से भी विचार विमर्श कर वादों के निष्पादन में अधिवक्ताओं के विशेष सहयोग के लिए आग्रह किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तेज कुमार प्रसाद द्वारा विशेष लोक अदालत को सफल बनाने का आग्रह किया गया।

### औराई में टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को औराई प्रखंड सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन



टीवी उन्मूलन अभियान को लेकर समीक्षा बैठक करते बीडीओ।

जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार किया गया। बैठक में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक को टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, पीपीटी/एक्स-रे तथा डिफरेंशिएटेड टीबी स्क्रीनिंग में निर्धारित लक्ष्य हर हाल में प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा ने अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए अधिक से अधिक संभावित मरीजों की पहचान एवं जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार, सीएचओ मुदासिर हुसैन, नदीम अशरफ, शिल्पी कुमारी तथा एसटीएलएस राहुल कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### जिले में दाखिल-खारिज व्यवस्था बेपटरी, 20,702 म्यूटेशन आवेदन लंबित, 21 दिन के नियम के बावजूद 4 महीने से हो रहा निष्पादन का इंतजार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले में जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) की प्रक्रिया गंभीर रूप से प्रभावित हो गई है। जिले के 16 अंचलों में कुल 20,702 म्यूटेशन आवेदन लंबित हैं। जबकि नियमानुसार सामान्य मामलों का निपटारा 21 दिनों के भीतर किए जाने का समय निर्धारित किया गया था। कई आवेदक पिछले चार महीने से अपने आवेदन के निष्पादन का इंतजार कर रहे हैं। सबसे अधिक 3,718 आवेदन मुशहरी अंचल में लंबित हैं। इसके बाद कांटी में 2,188, कुढ़नी में 2,145, बोचहां में 1,884, मोतीपुर में 1,671, मीनापुर में 1,417, सरैया में 1,287, औराई में 1,267, साहेबगंज में 1,054 तथा पारू में 1,006 आवेदन लंबित बताए गए हैं। दाखिल-खारिज में हो रही देरी का सीधा असर जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों पर पड़ रहा है। म्यूटेशन नहीं होने से जमीन की खरीद-बिक्री, बैंक से ऋण लेने, उत्तराधिकार संबंधी प्रक्रियाओं और राजस्व रिकॉर्ड अपडेट कराने जैसे जरूरी काम अटक गए हैं। इससे आम लोगों को आर्थिक और प्रशासनिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि राजस्व कर्मचारियों की करीब एक महीने तक चली हड़ताल के कारण कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

# लूट की फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराकर ससुराल की संपत्ति हड़पने की साजिश रचने वाला आरोपी देवघर से गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र में पुलिस को गुमराह कर लूट का झूठा मुकदमा दर्ज कराने और ससुराल की संपत्ति हड़पने की साजिश का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। साथ ही पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी नितेश चौबे को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को कांटी में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने पूरे मामले की जानकारी दी। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश चौबे कांटी थाना क्षेत्र के सदातपुर चौबे टोला का रहने वाला है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने पहले अपने साले धर्मेश कुमार (केवटी,



कांटी थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में मामले की जानकारी देती एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी।

दरभंगा निवासी) को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाया। इसके बाद साले को छुड़ाने का झांसा देकर अपनी सास की कीमती जमीन हड़पने की नीयत से उनका मतदाता पहचान पत्र हासिल कर लिया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि नितेश चौबे ने अपने दोस्त साहेबगंज निवासी मनीष कुमार के साथ मिलकर 25 मई 2026 को रास्ते में दो कारतूस के पुराने खोखे और अपनी सास का मतदाता पहचान पत्र फेंकवा दिया। इसके बाद इन्हीं तथ्यों के आधार पर कांटी थाने में कांड संख्या 394/26 के तहत लूट की फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश और ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर के अनुश्रवण में एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की गई। थानाध्यक्ष रविकांत पाठक और पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच की, जिसमें पूरा मामला फर्जी निकला। इसके बाद पुलिस ने कांड संख्या 409/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी नितेश चौबे को देवघर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से मतदाता पहचान पत्र और दो कारतूस के खोखे भी बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। एसडीपीओ पश्चिमी ने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## रेड लाइट एरिया की पुलिस पाठशाला बन गई ज्ञान की नई प्रयोगशाला

**शोध को पहुंचे विश्वभारती विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल के शोध छात्र**



इंटरनेट व अन्य डिजिटल माध्यम से पुलिस पाठशाला के संबंध में जानकारी हासिल करते बंगाल के शोध छात्र।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर के रेड लाइट इलाके में संचालित पुलिस पाठशाला अब बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ शोध ज्ञान की प्रयोगशाला बनती जा रही है। पुलिस पाठशाला के कार्यों और इसके सामाजिक प्रभाव पर अब देश की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के छात्र अध्ययन करेंगे। कभी रेड लाइट एरिया के बच्चों को शिक्षित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से महिला सामाजिक कार्यकर्ता नसीमा खातून को आगे कर मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा शुरू की गई पुलिस पाठशाला न केवल अपनी सफलता और उपलब्धियों से समाज के लोगो का ध्यान अपनी ओर खींच रही है, बल्कि ज्ञान की यह पुलिस पाठशाला अब अन्य प्रदेशों के शोध छात्रों के लिए शोध की प्रयोगशाला बनने की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध विश्वभारती विश्वविद्यालय के शोध छात्र शशांक शर्मा मुजफ्फरपुर के रेड लाइट एरिया में संचालित पुलिस पाठशाला पहुंचे है, जहाँ वे एक महीने तक पुलिस पाठशाला में समय देकर यहां के बच्चों की शिक्षा, सामाजिक बदलाव और पुलिस की पहल पर शोध करेंगे। सामाजिक विज्ञान के शोध छात्र शशांक शर्मा से पुलिस पाठशाला में



पुलिस पाठशाला के बच्चों की बौद्धिक विकास की जानकारी लेते शोध छात्र।

मौजूद हैं। लोग अक्सर इस समुदाय को जजमेंटल नजरिए से देखते हैं, जबकि इनके बच्चों के भी अपने सपने, संघर्ष और चुनौतियां हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए शशांक ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में मैंने महसूस किया कि अगर कोई समुदाय खुद अपने विकास के लिए पहल करे और उसे प्रशासनिक सहयोग मिले, तो बदलाव ज्यादा स्थायी होता है। जो बच्चे पुलिस पाठशाला में पढ़ने आ रहे हैं, उनमे आत्मविश्वास बढ़ा है। वे बड़े सपने देख रहे हैं और सबसे बड़ी बात यह कि उनमें शिक्षा के महत्व की समझ विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि सेक्स वर्कर्स के बच्चों का विषय

**एक महीने यहां रहकर रेड लाइट एरिया के बच्चों की शिक्षा सामाजिक बदलाव और पुलिस पाठशाला की पहल पर करेंगे शोध**

अचानक हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें पुलिस पाठशाला के बारे में पार्थ सुनेश के माध्यम से जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने संस्था के कार्यों को इंटरनेट और विभिन्न लेखों के जरिए जाना और समझा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में संस्था का काम काफी प्रभावशाली है, इसलिए उन्होंने अपनी इंटर्नशिप के लिए इस विषय को चुना है। सामाजिक कार्य में परास्नातक कर रहे शशांक शर्मा ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के प्रतिष्ठित विश्वभारती विश्वविद्यालय के शोध छात्र है और उन्हें फाइनल ईयर में 90 दिनों की इंटर्नशिप करनी है। इस इंटर्नशिप के लिए उन्होंने मुजफ्फरपुर पुलिस पाठशाला को चुना है। जहां वे एक महीने पुलिस पाठशाला के बच्चो के साथ रहकर अपना शोध करेंगे। शशांक का कहना है कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को एक नजरिए से नहीं देखा जा सकता, क्योंकि हर समुदाय की चुनौतियां अलग होती हैं। खासकर सेक्स वर्क से जुड़े परिवारों के बच्चों की परिस्थितियां अलग हैं, जिन्हें समझना बेहद जरूरी है। शोध छात्र शशांक ने कहा कि समाज में सेक्स वर्क को लेकर आज भी कई पूर्वाग्रह समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अभी भी काफी अछूता है और इस विषय पर शैक्षणिक और समाज शास्त्रीय लेखन भी सीमित है। इस स्थिति में पुलिस पाठशाला के बच्चों का उद्देश्य यहां के अपने अनुभव को समझकर नई समझ विकसित करना है। वहीं महिला सामाजिक एवं मानवधिकार कार्यकर्ता नसीमा खातून ने बताया कि पुलिस पाठशाला अब सिर्फ यहां के बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि बाहरी छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए भी सीखने का मंच बन रही है। उन्होंने कहा कि किताबों और ऑनलाइन माध्यम से सीखना अलग अनुभव है, लेकिन किसी समुदाय के बीच जाकर उनकी वास्तविक परिस्थितियों को समझना कहीं अधिक गहरा अनुभव देता है। हमें उम्मीद है कि यहां आने वाले छात्र इस विषय पर खुलकर बात करेंगे और बिना किसी पूर्वाग्रह के समाज को समझेंगे। यदि यह प्रक्रिया लगातार जारी रही तो भविष्य में ऐसा समाज बनाया जा सकेगा जहां सेक्स वर्कर्स के बच्चों को अपनी पहचान छिपाकर जीने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उन्हें भी समाज में बराबरी, सम्मान तथा अवसर मिलेंगे।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक नीतिगत दस्तावेज नहीं बल्कि युवाओं की रचनात्मकता और कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है : उच्च शिक्षा निदेशक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्तर बिहार के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली शिक्षण संस्थान, लंगट सिंह कॉलेज में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ 127वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कॉलेज के आचार्य जे.बी. कृपलानी सभागार में एक भव्य समारोह एवं बिहार में शैक्षणिक एवं

**लंगट सिंह कॉलेज के 127वें स्थापना दिवस पर 'बिहार के विकास में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका' विषयक संगोष्ठी का हुआ आयोजन**



समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत करती कॉलेज की प्राचार्या और मौके पर उपस्थित कुलपति।

सामाजिक विकास को गति प्रदान करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और परिसर में स्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने अपने संबोधन में कहा कि लंगट सिंह कॉलेज की 127 वर्षों की यह अनवरत यात्रा इस संस्थान के समर्पण और गौरव का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य केवल अतीत की सफलताओं को याद करना नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना है। पिछले एक वर्ष की कॉलेज की विकास यात्रा पर चर्चा करते हुए प्रो कनुप्रिया ने कहा कि कॉलेज ने अकादमिक उन्नति के साथ ही खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं तथा विश्वविद्यालय के सहयोग तथा कुलपति के मार्गदर्शन से उस दिशा में अच्छी सफलता प्राप्त की है। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रो एन के अग्रवाल ने संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल एक नीतिगत दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं की रचनात्मकता और कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। बिहार के शैक्षणिक और सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने में यह नीति क्रांतिकारी भूमिका निभा रही है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो दिनेश चन्द्र राय ने कॉलेज के संस्थापक बाबू लंगट सिंह को नमन करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता के कारण आज यह महाविद्यालय शिक्षा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लंगट सिंह कॉलेज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली और स्वर्णिम रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि इसका भविष्य भी उतना ही उज्ज्वल और स्वर्णिम होगा। उन्होंने महाविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य से कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपना पूर्ण प्रयास करने की अपील की। प्रो राय ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में हमें केवल डिग्री धारक कार्यबल तैयार नहीं करना है, बल्कि वैश्विक स्तर के नवोन्मेषी और विचारकों का निर्माण करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल अकादमिक सुधार नहीं, बल्कि हमारे औपनिवेशिक मानसिकता के बंधनों से मुक्ति और भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनरुत्थान की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को समाज की समस्याओं के समाधान का केंद्र बनना होगा। लंगट सिंह कॉलेज को उच्च स्तरीय शोध, पेटेंट और नवाचार की दिशा में नेतृत्व करना चाहिए, ताकि स्थानीय कृषि, उद्योग और समाज को इसका सीधा लाभ मिल सके। प्रो राय ने सभी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे बड़े सपने देखें, अन्वेषी बनें और हमेशा अपने समाज, संस्थान तथा राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य नवीनतम तकनीकों और आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों में सुदृढ़ मानवीय मूल्य विकसित करना भी है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ शशिकांत पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ राधा कुमारी ने किया। समारोह में प्रो टीके डे, प्रो एसआर चतुर्वेदी, प्रो पुष्पा कुमारी, प्रो शैलेंद्र सिन्हा, डॉ संजय सिन्हा, डॉ शर्तेंदु शेखर, डॉ ऋतुराज कुमार, डॉ नवीन कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ रीमा कुमारी, डॉ राजेश अनुपम, डॉ संध्या कुमारी, डॉ इम्तियाज, संजीव चौधरी सहित अन्य गण्य मान्य अतिथि उपस्थित थे।

## पटना मेट्रो का द्वितीय चरण का शुभारंभ बिहार के विकास की नई पहचान : सुरेश शर्मा



बिहार में पटना मैट्रो परियोजना के एमओयू और शिलान्यास के मौके पर ली गई तस्वीर में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व नगर विकास मंत्री सुरेश शर्मा व अन्य अधिकारी गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शुक्रवार को पटना में मेट्रो सेवा के दूसरे चरण का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उद्घाटन किए जाने पर बिहार के पूर्व नगर विकास मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज पटना में मेट्रो सेवा का उद्घाटन देख मन अत्यंत प्रसन्नता और गर्व से भर गया। यह बिहार के विकास, आधुनिक परिवहन व्यवस्था और बेहतर भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। श्री शर्मा ने कहा कि यह बताते हुए विशेष खुशी हो रही है कि पटना मेट्रो परियोजना का एमओयू एवं शिलान्यास उनके मंत्रित्व काल में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ था। आज उस दूरदर्शी पहल का परिणाम प्रदेशवासियों को मिलना प्रारंभ हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाकर उद्घाटन कराने के लिए हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि पटना मेट्रो से राजधानी की यातायात व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विकास को नई गति मिलेगी। साथ हीं श्री शर्मा ने आशा व्यक्त की कि इसी प्रकार बिहार के अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों, विशेषकर मुजफ्फरपुर हवाई अड्डा जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं को भी शीघ्र गति मिलेगी, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

## दरभंगा में 5 जुलाई को होगा द्वितीय जिला सब-जूनियर इंटर स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वाधान में द्वितीय जिला सब-जूनियर बालक एवं बालिका इंटर स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 5 जुलाई 2026 को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, दरभंगा में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप का उद्घाटन खेल एवं शिक्षा जगत की कई विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। उद्घाटन समारोह में जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, डायट के प्राध्यापक सत्यजीत राय, क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी दिनकर यादव, जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार चौधरी, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नवलेश चौधरी, कोषाध्यक्ष केशव चौधरी सहित अन्य खेल प्रेमी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देना,उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा खिलाड़ियों में खेल भावना,अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक सोच का विकास करना है।आयोजकों ने जिले के सभी विद्यालयों,खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएसपी संचालक से ₹1.50 लाख लूटकांड का खुलासा, मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रीगा थाना क्षेत्र के अथरी गांव में सीएसपी संचालक से ₹1.50 लाख की लूट के मामले का सीतामढ़ी पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई,


पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में इलाजरत घायल गिरफ्तार आरोपी।

जिसमें मुख्य आरोपी घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 1 जुलाई 2026 को हुई लूट की घटना के संबंध में रीगा थाना कांड संख्या-268/26 दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कांड का सफल उद्भेदन किया। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मुख्य अभियुक्त फेकन कुमार, निवासी सुन्दरगामा वार्ड संख्या-03, थाना परसौनी, जिला सीतामढ़ी को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया, जिसके बाद उसे पुलिस सुरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में आगे का अनुसंधान एवं विधिसम्मत कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध रीगा, परसौनी एवं मेजरगंज थाना सहित विभिन्न थानों में लूट, शराबबंदी कानून और अन्य आपराधिक मामलों के कुल आठ कांड दर्ज हैं। पुलिस उसके विस्तृत आपराधिक इतिहास का सत्यापन कर रही है।

### मॉडल अस्पताल में शुरू हुई कोल्पोस्कोपी जांच सुविधा, सर्वाइकल कैंसर की समय पर होगी पहचान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले की महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। अब मॉडल अस्पताल मुजफ्फरपुर में सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए अत्याधुनिक कोल्पोस्कोपी मशीन उपलब्ध हो गई है। इस सुविधा के शुरू होने से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की शुरूआती अवस्था में पहचान और समय पर उपचार संभव हो सकेगा। जिला एनसीडीओ डॉ नवीन कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, लेकिन नियमित जांच और समय पर स्क्रीनिंग के जरिए इसे काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने 30 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं से नियमित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि होमी भाभा कैंसर अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ आकांक्षा व डॉ अवंतिका मॉडल अस्पताल में कोल्पोस्कोपी-गाइडेड बायोप्सी कर रही हैं। इस जांच के माध्यम से संदिग्ध मामलों का सटीक मूल्यांकन किया जा रहा है। डॉ नवीन कुमार ने कहा कि यदि किसी महिला को लंबे समय तक सफेद पानी आना, पेट के नीचले हिस्से में लगातार दर्द रहना या संबंध बनाने के बाद रक्तस्राव (पोस्ट-कोइटल ब्लीडिंग) जैसी समस्याएं हों, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत अस्पताल पहुंचकर जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल, मुजफ्फरपुर में अब कोल्पोस्कोपी की आधुनिक सुविधा उपलब्ध होने से सर्वाइकल कैंसर के संदिग्ध मामलों की विस्तृत जांच और समय पर उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह सुविधा महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और कैंसर की रोकथाम में अहम भूमिका निभाएगी।

### नगर निगम की 19 सेवाएं होंगी पूरी तरह डिजिटल, अब घर बैठे मिलेंगी नागरिक सुविधाएं

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहरवासियों को नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिलने वाली है। राज्य सरकार ने नगर निकायों में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए नागरिक सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत नगर निगम की 19 प्रमुख सेवाएं एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लोग घर बैठे ही विभिन्न सेवा सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। नगर विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी करते हुए मुजफ्फरपुर नगर निगम सहित सभी नगर निकायों को निर्देश दिया है कि अलग-अलग डिजिटल मॉड्यूल को एक साझा प्लेटफॉर्म पर लाया जाए। इसका उद्देश्य सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। नई व्यवस्था के तहत प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट एवं भुगतान, ट्रेड लाइसेंस, बिल्डिंग प्लान अप्रूवल, वाटर एवं सीवरेज कनेक्शन, पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेसल, नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी), जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र सहित कुल 19 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। नगर निगम पहले से कुछ सेवाएं ऑनलाइन दे रहा है, जबकि शेष सेवाओं को भी चरणबद्ध तरीके से डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। विभाग के अनुसार यह पहल सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मानझजीवन आसान (ईज ऑफ लिविंग)' कार्यक्रम का हिस्सा है। वहीं राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के अंतर्गत सभी नगर निकायों के लिए एक साझा और आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से नागरिकों को घर बैठे सुविधाएं मिलेंगी, कार्यालयों की दौड़ कम होगी, सेवाओं का मानकीकरण होगा, कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक तेज और प्रभावी बनेगी। साथ ही सभी नगर निकायों के लिए एक किफायती और एकीकृत डिजिटल सिस्टम तैयार होगा, जिससे सेवाओं के दोहराव पर भी रोक लगेगी।

### 36 घंटे में अपहृत 17 वर्षीय किशोरी सकुशल बरामद, NH-27 से पुलिस ने किया रेस्क्यू

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बोचहां थाना क्षेत्र से अपहृत 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 36 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को एनएच-27 (मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन स्थित ममरखा चौक के समीप से रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार परिजनों की शिकायत पर बोचहां थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच शुरू की। इसी अभियान के दौरान किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस किशोरी से पूरे घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ कर रही है। साथ ही इस मामले में शामिल संभावित आरोपियों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस की प्रक्रिया के तहत किशोरी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। इसके बाद न्यायालय के निदेर्शानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### उत्तर बिहार में अगले 4 दिन मौसम रहेगा सामान्य, 5 से 7 जुलाई के बीच वज्रपात और तेज हवा की चेतावनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र ने 4 से 8 जुलाई 2026 तक का कृषि मौसम बुलेटिन जारी किया है। पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में इस अवधि में मौसम सामान्यतः शुष्क रहेगा। हालांकि 5 से 7 जुलाई के बीच कुछ स्थानों पर गरज-चमक, वज्रपात, तेज हवा तथा हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# डुमरा में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का उद्घाटन

## पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों को स्थानीय स्तर पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को सैनिक कल्याण से संबंधित सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इसी उद्देश्य से डुमरा स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पाण्डेय, भाप्रसे द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर यूके त्रिपाठी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आनंद कुमार, अपर समाहर्ता (सामान्य) अमूल्य रतन सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां, उनके आश्रित एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के संचालन से जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को अब सैनिक कल्याण संबंधी कार्यों के लिए अन्य जिलों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अब एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा, जिससे समय एवं संसाधनों की बचत के साथ-साथ


जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पाण्डेय व पूर्व सैनिक।



कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी व पूर्व सैनिक।

समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के प्रति पूर्णतः संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सुचारु संचालन तथा भविष्य में इसके सुदृढ़ीकरण हेतु प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर यूके त्रिपाठी ने उपस्थित अतिथियों एवं पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यालय सैनिक समुदाय, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के हितों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के लिए कार्यालय निरंतर कार्य करेगा।

समारोह में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कर्मी टुनटुन साह सहित पूर्व वायु सैनिक नरेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार, लक्ष्मी राय, रामेश्वर पूर्वे, शिवेंद्र मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, एसके सिंह, विजय प्रसाद, अवध बिहारी प्रसाद, एसके पटेल, सुशील राय, अशोक चौधरी, एसपी मिश्रा तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे।

## बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ली ईमानदारी और भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ


शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय व उपस्थित अन्य अधिकारी व कर्मी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता शपथ दिलाई।

शपथ के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने, सभी कार्यों में विधि-सम्मत नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने तथा जनहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। साथ ही भ्रष्टाचार के किसी भी स्वरूप का न समर्थन करने और न ही उसमें किसी प्रकार की भागीदारी निभाने की शपथ भी ली।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन सुशासन की आधारशिला है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ करने तथा आमजन को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में समाहरणालय के सभी वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती, हाईवे पर अतिक्रमण व नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई


यातायात थाना में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की ब्रीफिंग करते थानाध्यक्ष।


ट्रैफिक जैकेट व लाठियों के वितरण कार्यक्रम में थानाध्यक्ष व कर्मी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को यातायात थाना, सीतामढ़ी में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की विशेष ब्रीफिंग आयोजित की गई। यह ब्रीफिंग पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के निदेर्शानुसार यातायात थाना के प्रभारी (पु०नि० सह थानाध्यक्ष) द्वारा की गई।

ब्रीफिंग के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नियमित गश्ती करने, हाईवे पर अतिक्रमण करने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता, सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात थाना के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच ट्रैफिक जैकेट एवं लाठियों का भी वितरण किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों के पालन को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ई. अंजनी कुमार ने उत्तर बिहार पथ अंचल के अधीक्षण अभियंता का संभाला पदभार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पथ निर्माण विभाग के उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर के नए अधीक्षण अभियंता के रूप में ई. अंजनी कुमार ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। माड़ीपुर स्थित अंचल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

ई. अंजनी कुमार इससे पहले पथ प्रमंडल, ढाका में कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत थे। विभाग द्वारा 30 जून को जारी स्थानांतरण आदेश के तहत उन्हें उत्तर बिहार पथ अंचल, मुजफ्फरपुर का अधीक्षण अभियंता नियुक्त किया गया है।

सीतामढ़ी जिले के मूल निवासी ई. अंजनी कुमार को उत्तर बिहार के सड़क नेटवर्क और क्षेत्रीय आवश्यकताओं का व्यापक अनुभव है। इससे पूर्व वे पथ निर्माण विभाग, मुजफ्फरपुर-1 के कार्यपालक अभियंता के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके


माड़ीपुर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में पदभार ग्रहण करते ई. अंजनी कुमार।

कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को गति मिली तथा नई सड़कों के निर्माण और आधारभूत संरचना के विकास में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। उत्तर बिहार पथ अंचल के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और शिवहर जिले के चार पथ प्रमंडल आते हैं। ऐसे में इस अंचल की जिम्मेदारी काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि ई. अंजनी कुमार के अनुभव, प्रशासनिक दक्षता और कार्यशैली का लाभ क्षेत्र की सड़क परियोजनाओं को मिलेगा तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण, समयबद्ध क्रियान्वयन और सड़क अवसंरचना के विस्तार को नई गति मिलेगी। पदभार ग्रहण के अवसर पर विभाग के अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## "सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे

**अपने कार्यालय कक्ष में लोगों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी)**

जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान 150 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित


बैठक में मुख्य अतिथि व संस्था के पदाधिकारी।

विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वहीं जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। कुल 10 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 04 पर आदेश पारित किया गया।

## संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों का डेटा अब ई-शिक्षा कोष में होगा दर्ज, तीन दिनों में विवरण भेजने का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (स्थापना) को निर्देश जारी करते हुए राज्य के सभी गैर-सरकारी प्रस्वीकृत अनुदानित संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का पूरा विवरण ई-शिक्षा कोष में दर्ज कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। विभाग ने संबंधित आंकड़ा संग्रह प्रपत्र (डीसीएफ ) के बिंदु 1 से 26 तक की जानकारी एक्सेल शीट में भरकर तीन दिनों के भीतर संस्कृत बोर्ड को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग के विशेष निदेशक सचिन्द्र कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का डिजिटल डाटा तैयार करने के लिए नया आंकड़ा संग्रह प्रपत्र ( डीसीएफ) विकसित किया गया है। जिला स्तर से प्राप्त जानकारी के आधार पर ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रत्येक कर्मी का आईडी जनरेट किया जाएगा। इसके बाद संबंधित कर्मी स्वयं डीसीएफ के क्रमांक 27 से 52 तक की जानकारी पोर्टल पर भरेंगे, जिसका सत्यापन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का डिजिटल डाटाबेस तैयार कर प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी कार्यों को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

## सम्पादकीय

### सार्वभौमिक एवं समयबद्ध जन्म-मृत्यु पंजीकरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) एवं संयुक्त राष्ट्र एशिया-प्रशांत आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) के सहयोग से पटना में बिहार में नागरिक पंजीकरण एवं महत्वपूर्ण सांख्यिकी (सीआरवीएस) प्रणाली में सुधार विषयक कार्यशाला के दौरान सीआरवीएस प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु तैयार मूल्यांकन, विश्लेषण एवं पुनर्रचना (एएआर) के प्रगति रिपोर्ट, नीति संक्षेपिका तथा जन-जागरूकता सामग्री का विमोचन किया गया।

जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नागरिकों तक सरकारी सेवाओं और अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जन्म और मृत्यु की प्रत्येक घटना की सूचना स्थानीय स्तर तक सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क एवं सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को और मजबूत किया जाए तथा परिवारों तक पहुंचकर पंजीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। जन्म एवं मृत्यु संबंधी आंकड़ों के प्रभावी प्रसार तथा जनजागरूकता के लिए सूचना पट्टों एवं अन्य स्थानीय माध्यमों के उपयोग पर भी बल दिया गया।

सीआरवीएस प्रणाली के दो प्रमुख उद्देश्य हैं पहला, सही समय पर सही एवं विश्वसनीय आंकड़ों का संकलन और दूसरा, उन आंकड़ों का प्रभावी उपयोग नीति-निर्माण एवं विकास योजनाओं के निर्माण में करना। आधुनिक समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक एवं नागरिक-केंद्रित सेवाएं विकसित करना समय की मांग है। प्रवासी एवं वंचित परिवारों के बीच जागरूकता की कमी तथा पंजीकरण संबंधी व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। जन-जागरूकता के लिए सूचना पट्ट, पंपलेट, पुस्तिकाएं, नुक्कड़ नाटक, सामुदायिक अभियान तथा अन्य सूचना, शिक्षा एवं संचार सामग्री का व्यापक उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही पंजीकरण संबंधी विसंगतियों को दूर करने तथा भविष्य में आंकड़ों की गुणवत्ता एवं शुद्धता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

राज्य में वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत जन्म स्वास्थ्य संस्थानों में हो रहे हैं, जिससे जन्म पंजीकरण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। संस्थागत जन्मों के पंजीकरण को और प्रभावी बनाने के साथ-साथ गैर-संस्थागत जन्मों के पंजीकरण हेतु निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का भी प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस दिशा में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, यूनिसेफ एवं यूएनईएससीएपी द्वारा किए गए सहयोगात्मक प्रयासों तथा कार्यशाला का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यशाला में प्रस्तुत एएआर रिपोर्ट में राज्य की नागरिक पंजीकरण एवं महत्वपूर्ण सांख्यिकी प्रणाली का व्यापक आकलन करते हुए सेवा वितरण, संस्थागत क्षमता, जन-जागरूकता, समन्वय एवं पहुंच से संबंधित चुनौतियों की पहचान की गई है। रिपोर्ट में ऐसी अनुशंसाएं प्रस्तुत की गई हैं जिनका उद्देश्य प्रणाली को अधिक नागरिक-केंद्रित, दक्ष एवं उत्तरदायी बनाना तथा जन्म एवं मृत्यु की सार्वभौमिक एवं समयबद्ध पंजीकरण व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

यूएनईएससीएपी की सांख्यिकी विशेषज्ञ ने रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्षो एवं अनुशंसाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यशाला में राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों तथा विकास सहयोगी संस्थाओं ने भाग लिया और सीआरवीएस प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु व्यावहारिक एवं क्रियान्वयन योग्य उपायों पर विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि रिपोर्ट से प्राप्त निष्कर्ष एवं सुझाव आगामी मानकीकृत कार्य संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के निर्माण में उपयोगी होंगे, जिससे राज्य में सुधार संबंधी पहलों के चरणबद्ध क्रियान्वयन, सेवा वितरण में सुधार, पंजीकरण कवरेज में वृद्धि तथा नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण सांख्यिकीय आंकड़ों के बेहतर उपयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। यह कार्यशाला बिहार में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने, नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा डेटा आधारित सुशासन को नई दिशा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# जब आवरण ही सत्य लगने लगे



**बी कृष्णा**

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

हाल के दिनों में सिया गोयल जैसी घटनाओं ने समाज के सामने एक असहज प्रश्न खड़ा कर दिया है। जब यह ज्ञात होता है कि कोई संतान वर्षों की प्रार्थनाओं के बाद जन्मी थी, माता-पिता के अथाह स्नेह में पली-बढ़ी थी, उसे उत्तम शिक्षा, सुविधाएँ और अवसर मिले थे, तब मन सहज ही पूछ उठता है, आखिर ऐसे संस्कार आए कहाँ से, यदि प्रेम था, संरक्षण था और संसाधनों का अभाव भी नहीं था, तो फिर ऐसा निर्णय कैसे जन्म लेता है । क्या केवल परिवार का स्नेह ही संस्कारों की पर्याप्त गारंटी है, या फिर आज मनुष्य का व्यक्तित्व उस व्यापक सांस्कृतिक वातावरण से भी निर्मित हो रहा है, जहाँ वह प्रतिदिन अपने विचार, संवेदनाएँ और जीवन-दृष्टि ग्रहण करता है

भारतीय परम्परा ने सदैव कहा कि संगति मनुष्य को गढ़ती है। किंतु आज संगति का अर्थ बदल चुका है। अब संगति केवल माता-पिता, गुरु, परिवार या मित्र नहीं हैं। चौबीसों घंटे हमारे साथ स्क्रीन है, एल्गोरिद्म हैं, दृश्य हैं, कथाएँ हैं, मनोरंजन है और ऐसे वैचारिक प्रवाह हैं, जो बिना किसी शोर के हमारी चेतना में प्रवेश करते रहते हैं। हम सोचते हैं कि हम उन्हें देख रहे हैं, पर धीरे-धीरे वे ही हमें यह सिखाने लगते हैं कि संसार को किस दृष्टि से देखना है।

संभवतः यही हमारे समय का सबसे बड़ा परिवर्तन है।

आज संघर्ष केवल सूचना का नहीं, दृष्टि का है।

प्रश्न केवल यह नहीं है कि हम क्या देख रहे हैं, प्रश्न यह भी है कि हम क्या नहीं देख पा रहे हैं।

पिछले कुछ दशकों में शिक्षा, मनोरंजन, डिजिटल माध्यम, सोशल मीडिया और निरंतर निर्मित किए जा रहे सांस्कृतिक आख्यानों ने मनुष्य की चेतना और समाज की सामूहिक दृष्टि को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है। इसी परिप्रेक्ष्य में जीएमएफ, कल्चरल मार्क्सज्म, नरैटीभ इंजीनिरिंग और कानटेटीव वारफेयर जैसी अवधारणाओं की चर्चा होती है। इनका केंद्रीय प्रश्न यही है कि यदि किसी समाज की दृष्टि, उसके सांस्कृतिक मूल्य, पारिवारिक संस्थाएँ और सभ्यतागत आत्मबोध बदल दिए जाएँ, तो उसके निर्णय और व्यवहार भी धीरे-धीरे बदलने लगते हैं। भारतीय दृष्टि से यही वह स्थिति है, जहाँ सत्य स्वयं नहीं बदलता, बल्कि उसे देखने की दृष्टि पर एक आवरण पड़ जाता है।

यदि ये प्रवाह व्यक्ति को अपनी परम्परा, परिवार, विवाह, मातृत्व, कर्तव्य, संस्कृति और सभ्यतागत निरंतरता को देखने की दृष्टि से दूर ले जाने लगें, तो भारतीय दृष्टि से यह केवल वैचारिक मतभेद नहीं रह जाता, यह एक आवरण बन जाता है। ऐसा आवरण, जिसके कारण वस्तुएँ बदलती नहीं, किंतु उन्हें देखने की दृष्टि बदल जाती है। परिवार बंधन प्रतीत होने लगता है, विवाह केवल अनुबंध बनकर रह जाता है, कर्तव्य बोझ लगने लगता है और संस्कृति केवल उत्सवों का प्रदर्शन भर दिखाई देने लगती है।

यह आवरण किसी एक विचारधारा का हो सकता है, किसी सांस्कृतिक प्रवाह का, उपभोक्तावाद का, डिजिटल माध्यमों का, निर्मित आख्यानों का या उन सबके सम्मिलित प्रभाव का। उसका नाम चाहे जो हो, उसका परिणाम एक ही है, मनुष्य अपनी स्वतंत्र दृष्टि खोने लगता है।

> **स्वस्थ व्यक्ति, समृद्ध परिवार और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संस्कारों की उसी परम्परा से होता है, जो मनुष्य के चित्त का निर्माण और उसका निरंतर परिष्कार करती है।**

भारतीय ज्ञान-परम्परा ने इस संकट को सहस्त्रों वर्ष पूर्व ही पहचान लिया था।

ईशावास्योपनिषद् में ऋषि प्रार्थना करते हैं,

**हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।**
**तवं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये ।।**

यदि इस मंत्र की समयानुकूल व्याख्या करें, तो उसका संकेत अत्यंत विचारोत्तेजक है। जीवन के शाश्वत सत्य, परिवार का महत्व, संस्कारों की शक्ति, कर्तव्यबोध, विवाह की गरिमा, मातृत्व का सम्मान और सभ्यतागत चेतना, एक दिन में समाप्त नहीं हो जाते। किंतु उन पर ऐसा वैचारिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक आवरण अवश्य पड़ सकता है, जो धीरे-धीरे हमारी दृष्टि को ही बदल दे। तब परिवर्तन सत्य में नहीं, बल्कि उसे देखने की हमारी दृष्टि में होता है। यही कारण है कि उपनिषद् प्रार्थना करता है, अपावृणु, इस आवरण को हटा दीजिए, ताकि सत्य पुनः स्पष्ट दिखाई दे सके।

यहीं भारतीय ज्ञान-परम्परा एक आश्वस्त करने वाली दिशा भी देती है। यदि समस्या दृष्टि पर पड़े आवरण की है, तो समाधान भी दृष्टि के परिष्कार में ही निहित है। इसलिए भारतीय शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं था, चित्त का निर्माण, संस्कारों का परिष्कार और मनुष्य को विवेकी बनाना था। यही कार्य माता-पिता, गुरु, परिवार, समाज और सांस्कृतिक परम्पराएँ मिलकर करती थीं। आज भी स्वस्थ व्यक्ति, समृद्ध परिवार और सुसंस्त समाज की आधारशिला वही बन सकती हैं। आवश्यकता किसी नए जीवन-मूल्य की नहीं, बल्कि अपनी दृष्टि को इतना निर्मल बनाने की है कि हम स्वयं उस आवरण को पहचान सकें, जो हमें अपने ही शाश्वत मूल्यों से दूर कर रहा है।

भारतीय ज्ञान-परम्परा में मनुष्य के चित्त के निर्माण और उसके निरंतर परिष्कार को जीवन का आधार माना गया है। यह कार्य केवल शिक्षा से नहीं होता था। माता-पिता, गुरु, बंधु, सखा, परिवार, समाज, उत्सव, लोकाचार और समूची सांस्कृतिक परम्परा मिलकर मनुष्य के चित्त को गढ़ते भी थे और समय समय पर उसका परिष्कार भी करते थे।

इसीलिए भारत की शिक्षा-व्यवस्था का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं था, दृष्टि देना था। गुरु का कार्य शिष्य को नया सत्य देना नहीं, बल्कि उसके भीतर पहले से विद्यमान सत्य का अनावरण करना था। ज्ञान बाहर से नहीं आता, आवरण हटते हैं और सत्य स्वयं प्रकाशित हो जाता है।

आज आवश्यकता अपने युवाओं पर अविश्वास करने की नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा सांस्कृतिक, शैक्षिक और पारिवारिक वातावरण देने की है, जहाँ उनका चित्त निर्मित भी हो, परिष्कृत भी हो और उनका विवेक इतना जागृत हो कि वे स्वयं अपनी दृष्टि पर पड़ने वाले आवरण को पहचान सकें।

स्वस्थ व्यक्ति, समृद्ध परिवार और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संस्कारों की उसी परम्परा से होता है, जो मनुष्य के चित्त का निर्माण और उसका निरंतर परिष्कार करती है। यदि उस प्रक्रिया पर किसी प्रकार का वैचारिक, सांस्कृतिक या मनोवैज्ञानिक आवरण पड़ जाए, तो आवश्यकता नए मार्ग खोजने की नहीं, बल्कि उस आवरण को हटाने की है।

**अपावृणु !!!**

## वीआईपी श्मशान गृह

**आपने** दुनिया की हर चीज को, हर सेवा को निजी हाथों में जाते हुए देखा होगा, मगर इंसान की अंतिम यात्रा की व्यवस्था को निजी हाथों में जाते शायद ही देखा हो। मगर बिहार की राजधानी पटना में इसकी शुरुआत हो गई है। यह पटना के बांसघाट में बना है स्मार्ट सिटी के नाम पर बुडको (बिहार अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन) ने 89.40 करोड़ में गंगा के किनारे एक वीआईपी श्मशान घाट तैयार किया है और इसे एक रुपये की लीज पर जग्गी वासुदेव की संस्था ईशा फाउंडेशन को चलाने के लिए दे दिया है। अगर आप वहां अपने किसी मित्र या परिजन के अंतिम संस्कार के लिए जाते हैं तो आपको न्यूनतम 3500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसके अलावा आप अगर लकड़ी या गैस का इस्तेमाल करते हैं तो उसका खर्च अलग। डोम राजा को 500, पंडित को 250 और नाई को 150 रुपये देने पड़ेंगे।

जबकि इसके ठीक बगल में सरकारी विद्युत शवदाह गृह का चार्ज सिर्फ 300 रुपये है। ऐसा क्यों यह पूछने पर वहां ईशा फाउंडेशन के स्थायी स्वयंसेवक अमरदीप कहते हैं, क्योंकि यह दूसरे श्मशान स्थल जैसा नहीं है। यहां आपको किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। आपके लिए एसी वेटिंग रूम है, जहां आप बैठकर इंतजार कर सकते हैं। दूसरे श्मशान गृहों में जैसी अव्यवस्था है, वैसी यहां नहीं है। मतलब यह कि ये वीआईपी शवदाह गृह है, इसलिए इसका चार्ज वीआईपी है। यह पूछने पर वे कहते हैं, नहीं यहां काफी स्टाफ हैं और हमारे मेंटेनेंस का खर्च बहुत अधिक है। अगर आप गैस से अंतिम संस्कार करना चाहते हैं, तो उसमें एक पूरा सिलिंडर खर्च हो जाता है।बिजली का बिल भी आता है। कई तरह के खर्चे हैं।

मगर कुल मिलाकर सरकारी पैसे से बने इसे वीआईपी श्मशान गृह का संचालन ईशा फाउंडेशन करेगा और बिहार के लोगों से मोटी रकम वसूल करेगा। मुमकिन है कि कुछ वीआईपी वहां भीड़भाड़ से बचने जायें भी। चार जून, 2026 को शुरू हुए इस श्मशान घाट में अब तक दर्जनों शवों का अंतिम संस्कार हो चुका है।ईशा फाउंडेशन पटना में दीघा में एक और ऐसा शवदाह गृह सरकार से लेने जा रहा है। इसके अलावा सिमरिया घाट, भागलपुर और सहरसा में आने वाले दिनों में वह श्मशान गृह का संचालन शुरू करने जा रहा है छपरा के लिए बातचीत चल रही है। ईशा फाउंडेशन इससे पहले तमिलनाडु में ऐसे 32 श्मशान गृहों का संचालन करता रहा है। तमिलनाडु के बाद उसका अगला ठिकाना बिहार है।

*(पत्रकार पुष्यमित्र के फेसबुक वॉल से)*

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किए सम्पूर्ण केयर-कैंसर और सम्पूर्ण केयर-कैंसर फंड

**टाटा एआईए** लाइफ इंश्योरेंस ने सम्पूर्ण केयर - कैंसर लॉन्च किया है। यह टाटा एआईए का पहला ऐसा कैंसर प्लान है, जो बीमारी के दौरान कमाई रुकने पर भी घर खर्च को रुकने नहीं देता और नियमित आमदनी की तरह आर्थिक सहारा बनता है। इसमें पैसे मिलने के लचीले विकल्प मिलते हैं, जिन्हें हर परिवार अपनी जरूरत के हिसाब से कस्टमाइज कर सकता है।

इसके साथ ही, सम्पूर्ण केयर - कैंसर फंड का विकल्प भी है। यह आपको एक हेल्थ सेविंग्स फंड जोड़ने की सुविधा देता है ताकि बीमारी के इलाज के लिए आप बिना किसी टैक्स की चिंता के पैसे निकाल सकें।

दो उत्पाद। एक जवाब। कैंसर सुरक्षा का एक बिल्कुल नया नजरिया।

इसी बड़ी कमी को समझते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने एक साथ दो ऐतिहासिक उत्पाद लॉन्च करने की घोषणा की है- सम्पूर्ण केयर - कैंसर और सम्पूर्ण केयर - कैंसर फंड मिलकर एक ऐसा बेजोड़ सुरक्षा कवच बनाते हैं, जो कैंसर के इलाज से लेकर घर चलाने के खर्च तक, हर आर्थिक चुनौती का भारत में सबसे मजबूत और व्यापक समाधान पेश करता है।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ बिजनेस ऑफिसर प्रोप्रायटरी बिजनेस, प्रपोजिशंस एंड मार्केटिंग, सुजीत कोठारे ने कहा, भारतीय परिवारों में कैंसर का पता चलना भावनात्मक और वित्तीय, दोनों ही तौर पर सब कुछ तोड़ देने वाला हो सकता है। यह एक बंधी-बंधाई और नियमित आमदनी के पूरे चक्र को बिगाड़ सकता है, क्योंकि मरीज को पूरी तरह ठीक होने और दोबारा कमाने की स्थिति में आने के लिए समय की जरूरत होती है।

ये दोनों उत्पाद साथ मिलकर इस चुनौती के हर पहलू का समाधान करते हैं , पहले ही दिन से क्लेम देने और आय का सहारा बनने से लेकर, भविष्य की लंबी बचत को सुरक्षित रखने और विश्व स्तरीय इलाज की सुविधा देने तक। भारतीय परिवार एक ऐसी संपूर्ण सुरक्षा के हकदार हैं, जो उतनी ही बड़ी और व्यापक हो, जितनी बड़ी यह समस्या है।

सम्पूर्ण केयर - कैंसर : क्योंकि आपकी कमाई को भी सुरक्षा की जरूरत है।

सम्पूर्ण केयर - कैंसर के पीछे एक सीधा पर बेहद असरदार विचार है- कैंसर इंश्योरेंस को उन सब चीजों की भरपाई करनी चाहिए जो कैंसर आपसे छीन लेता है जिसमें आपकी आमदनी भी शामिल है। यह प्लान रु. 50 लाख तक का कवर देता है, जिसका भुगतान हर परिवार अपनी असली जरूरत के हिसाब से चुन सकता है- नियमित आमदनी - हर महीने आने वाली एक तय रकम, बिल्कुल एक सैलरी की तरह।

100 प्रतिशत एकमुश्त रकम - उन परिवारों के लिए जो एक ही बार में बड़ा फैसला लेना चाहते हैं- जैसे अस्पताल के बिल चुकाना, लोन बंद करना या अपनी वित्तीय स्थिति को तुरंत संभालना।

दोनों का तालमेल - तुरंत आए संकट से निपटने के लिए पहले एक बड़ी रकम, और फिर अगले 5 साल तक चलने वाली रेगुलर इनकम का सहारा।

यह आखिरी विकल्प (तालमेल वाला) अपने आप में एक बड़ी क्रांति लेकर आया है। 5 साल तक मिलने वाली नियमित आमदनी का मतलब है कि अगर कैंसर आपकी कमाने की क्षमता को हमेशा के लिए बदल भी देता है, तब भी आपके परिवार को सालों तक आर्थिक सहायता मिलती रहेगी। यह असल में एक हेल्थ प्लान के अंदर ही बनी-बनाई इनकम रिप्लेसमेंट की सुविधा है ऐसा कुछ जो भारत में पारंपरिक कैंसर पॉलिसीज ने पहले कभी ऑफर नहीं किया है। और जिन ग्राहकों से हमने बात की, उन्होंने भी इस बात को माना- हर तीन में से दो ग्राहकों ने इस ऑफर को बिल्कुल अनूठा और बेजोड़ बताया।

इस प्लान में बीमा उद्योग में पहली बार प्रीमियम पर पूरे 30 साल की रेट गारंटी भी दी जा रही है। इससे परिवार लंबी अवधि के लिए बिना किसी चिंता के अपनी प्लानिंग कर सकते हैं, और उम्र बढ़ने के साथ प्रीमियम की बढ़ती कीमतों का डर भी पूरी तरह खत्म हो जाता है।

बीमारी की जल्द से जल्द पहचान - डायगनोस्टिक बेनिफिट का बड़ा फायदा

भारत में कैंसर के इलाज का एक सबसे कड़वा सच यह है कि बीमारी की बीमारी की जल्द से जल्द पहचान से मरीज के ठीक होने की संभावना बहुत बढ़ जाती है और इलाज का खर्च भी काफी कम हो जाता है। इसके बावजूद, लोग सिर्फ स्क्रीनिंग और जांच के खर्चो से बचने के लिए इसे टालते रहते हैं। सम्पूर्ण केयर - कैंसर में एक खास डायगनोस्टिक बेनिफिट शामिल किया गया है, जो शुरूआती दौर की मेडिकल जांच के खर्चो का बोझ उठाता है। यह समय रहते जांच कराने की आदत को सिर्फ एक सलाह नहीं, बल्कि हर किसी के लिए वास्तव में आसान और सुलभ बनाता है।

> **कमाई बंद होने पर भी चलेगा घर**
>
> **परिवार की जरूरत के अनुसार पाएं रेगुलर इनकम और लचीले भुगतान का भरोसा!**

क्योंकि सबसे बेहतरीन इलाज दुनिया में कही भी हो सकता है।

कुछ तरह के कैंसर ऐसे होते हैं, जिनका सबसे बेहतरीन इलाज शायद आपके शहर या आपके देश में भी उपलब्ध न हो। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, सम्पूर्ण केयर - कैंसर में एक ओवरसीज ट्रीटमेंट बूस्टर शामिल किया गया है। इसके तहत, कैंसर का पता चलने की एक तय समय-सीमा के भीतर, दुनिया भर में कहीं भी विश्व स्तरीय इलाज कराने के लिए कैंसर बीमा राशि का 10 प्रतिशत अतिरिक्तफंड दिया जाता है। क्योंकि जब आप कैंसर से लड़ रहे हों, तो देश की सीमाएं आपके इलाज में कभी रुकावट नहीं बननी चाहिए।

हेल्थ फंड - बीमारी के दौरान भी आपकी बचत का बढ़ना जारी रहेगा

इसी मामले में सम्पूर्ण केयर - कैंसर फंड मार्केट में मौजूद अन्य सभी प्लान्स से मीलों आगे निकल जाता है।

इस योजना में एक इन-बिल्ट हेल्थ फंड मिलता है। यह आपकी कैंसर सुरक्षा के साथ-साथ चलने वाला एक व्यवस्थित सेविंग्स कंपोनेंट है, जो यह सुनिश्चित करता है कि बीमारी की वजह से आपकी संपत्ति बनाने की यात्रा बीच में न रुके।

ज्यादातर लोग किसी भी मेडिकल इमरजेंसी के आते ही अपनी एसआईपी बंद कर देते हैं। बचत का पैसा दूसरी तरफ खर्च हो जाता है और भविष्य के लक्ष्य टल जाते हैं। सालों का वित्तीय अनुशासन कुछ ही महीनों में खत्म हो जाता है। यह हेल्थ फंड विशेष रूप से इसी नुकसान को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि जब सब कुछ बिखरता हुआ महसूस हो, तब भी आपकी बचत का पहिया बिना रुके घूमता रहे।

प्रीमियम चुनने का लचीलापन - आप अपनी कैंसर प्रोटेक्शन प्रीमियम के 1 गुना से लेकर 3 गुना तक का हेल्थ फंड प्रीमियम चुन सकते हैं।

बचत का पक्का अनुशासन - कठिन दौर में भी आपकी बचत का नियम और डिसिप्लिन नहीं टूटता।

टैक्स-फ्री विड्रल - जमा हुए हेल्थ फंड से स्वास्थ्य से जुड़े किसी भी खर्च के लिए आप पूरी तरह टैक्स-फ्री पैसे निकाल सकते हैं।

एक्सीडेंटल डिसेबिलिटी कवर - इसमें दुर्घटना के कारण होने वाली पूर्ण और स्थायी विकलांगता के लिए अतिरिक्त बेनिफिट कवरेज शामिल है।

प्रीमियम रिफंड का विकल्प - यदि पॉलिसी की अवधि के दौरान कैंसर का कोई डायगनोसिस नहीं होता है, तो प्रीमियम वापस मिलने का विकल्प भी उपलब्ध है।

भविष्य का निर्माण करने वालों के लिए खास तौर पर बनाया गया है-

सम्पूर्ण केयर - कैंसर मुख्य रूप से कामकाजी पेशेवरों और घर के मुख्य कमाने वाले सदस्यों के लिए तैयार किया गया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने सालों की मेहनत से अपने परिवार की वित्तीय सुरक्षा खड़ी की है, और उन्हें यह भरोसा चाहिए कि स्वास्थ्य का कोई संकट उनकी इस मेहनत को बर्बाद नहीं करेगा। कैंसर कवर के साथ बचत की निरंतरता को जोड़कर, सम्पूर्ण केयर - कैंसर फंड भारतीय परिवारों को यह आत्मविश्वास देता है कि वे अपने उस भविष्य से समझौता किए बिना गंभीर बीमारी का सामना कर सकें, जिसे बनाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है।

एक बिल्कुल अलग तरह का वादा - आज भारत को कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षा के बारे में खुलकर बात करने की जरूरत है। हमें बीमारी के पूरे खर्च को समझना होगा। इलाज का खर्च बहुत बड़ा सच है। कमाई का बंद हो जाना भी एक कड़वा सच है। और यह डर भी बिल्कुल असली है कि मेहनत से जोड़ी गई पाई-पाई खत्म हो सकती है और परिवार के सारे सपने टूट सकते हैं।

सम्पूर्ण केयर - कैंसर और सम्पूर्ण केयर - कैंसर फंड इन तीनों ही मुश्किलों का एक साथ सामना करते हैं। इसमें आपको अपनी पसंद से पैसे पाने की आजादी मिलती है, बीमारी के दौरान भी घर चलाने के लिए लगातार आमदनी मिलती है, और आपकी बचत का पहिया भी बिना रुके लगातार चलता रहता है।

## अनुष्का शेट्टी की 'शीलावती द घाटी क्वीन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है जी सिनेमा

**कुछ** लड़ाइयां ताकत हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि इंसाफ के लिए लड़ी जाती हैं। ऐसी ही हिम्मत, बदले और जज्बे से भरी कहानी लेकर आ रही है 'शीलावती द घाटी क्वीन', जिसका वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार, 5 जुलाई को रात 8 बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर होगा। दमदार एक्शन, भरपूर जज्बात और किसी के आगे न झुकने वाली एक निडर नायिका की कहानी से सजी यह फिल्म शुरू से आखिर तक दर्शकों को बांधे रखेगी और उनके वीकेंड को पूरी तरह मनोरंजन से भरपूर बना देगी।

मशहूर निर्देशक कृष जगरलामुडी के निर्देशन में बनी 'शीलावती द घाटी क्वीन' में अनुष्का शेट्टी अपने अब तक के सबसे दमदार और जोशीले किरदारों में से एक में नजर आएंगी। मजबूत महिला किरदारों को पर्दे पर यादगार बनाने के लिए मशहूर अनुष्का इस बार शीलावती बनकर




साहस, गुस्से और जज्बात से भरा एक ऐसा किरदार लेकर आई हैं, जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। फिल्म में उनके साथ विक्रम प्रभु, जगपति बाबू और चौतन्य राव मडाडी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सभी कलाकारों की दमदार परफर्मेस इस फिल्म को और भी असरदार बनाती है।

आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमा पर बसे ईस्टर्न घाट के बीहड़ इलाकों की पृष्ठभूमि पर बनी यह कहानी शीलावती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक साधारण सामान ढोने वाली महिला है। उसकी जिंदगी उस वक्त पूरी तरह बदल जाती है, जब उसके बचपन के प्यार की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। इस हादसे के बाद दुख और इंसाफ की आग उसे एक ऐसी निडर और खौफनाक ताकत में बदल देती है, जो अपने दुश्मनों को किसी भी कीमत पर छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। लेकिन बदला लेने के इस सफर में, क्या शीलावती अपने दुश्मनों से जीत पाएगी, या फिर इंसाफ की कीमत उसे सब कुछ खोकर चुकानी पड़ेगी देखना न भूलें अनुष्का शेट्टी की दमदार एक्शन ड्रामा 'शीलावती द घाटी क्वीन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, रविवार 5 जुलाई, रात 8 बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर।

## प्रवचन

# सुलभता से प्राप्त जीवन का करें सदुपयोग : जीयर स्वामी

> **आत्महत्या के बाद लंबे समय तक प्रेत योनि में भटकाव**
>
> **साधना, संयम और संतोष से ही तृष्णा पर नियंत्रण**
>
> **अतिभोग से न करें विरक्ति की कामना**

ईश्वर की कृपा से प्राप्त मानव जीवन और संसाधनों का योहि दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। जो हमें सुलभता पूर्वक प्राप्त होता है, वह बाद में दुर्लभ होता है। इसलिये सुलभ मानव जीवन, संसाधन, संगति और समय का सही उपयोग करना चाहिए। व्यक्ति द्वारा किये गये निंदनीय कर्मो का उसे फल भोगना पड़ता है। मनुष्य को सपने में भी आत्महत्या की बात नहीं सोचनी चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए प्रसंगवश कहीं।

श्री जीयर स्वामी श्रीमद् भागवत महापुराण के चौथे स्कंध की कथा-विस्तार करते हुए बोले कि योग्य व्यक्ति द्वारा किये गये गलत कार्य क्षम्य नहीं होते। इन्द्र ने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या को दूषित किया, जिसपर ऋषि के शाप से इन्द्र के शरीर में हजारों छिद्र हो गये। कुबेर के पुत्र नलकुवेर ने नारद जी का उपाहास किया, जिससे वह शापित होकर यमलादु का वृक्ष बन गया। दक्ष प्रजापति में बकरे का सिर जोड़ा गया।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य मात्र भोजन, शयन और मैथुन नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह जीवन दुर्लभ है। मानव जीवन जीव के प्रयास से नहीं मिलता है। यह परमात्मा की कृपा से मिलता है। उन्होंने कहा कि किसी समस्या से घबराना नहीं चाहिए। संघर्ष करते हुए समस्या का समाधान करना चाहिए। कोई भी समस्या स्थायी नहीं होती। जीवन की प्रतिकूल परिस्थियों से हारकर जीवन को समाप्त नहीं करना चाहिए। यह कार्य शास्त्र और समाज दोनों से वर्जित है।

स्वामी जी ने कहा कि जो व्यक्ति पचास-साठ साल तक के अपने सीमित जीवन को नहीं झेल पाता, उसे कई वर्षो तक प्रेत योनि में भटकना पड़ता और तर्पण का फल भी उसे प्राप्त नहीं होता। उसके बाद वह चौरासी लाख योनियों के चक्र में घुमता है।

उन्होंने कहा कि शास्त्र और इतिहास में अनेक उदाहरण भरे पड़े हैं, जहां लाख समस्याओं के बावजूद व्यक्ति संघर्ष कर उसपर विजय प्राप्त किया है। जीवन में आयी आपदा-विपदा एवं संकट का सामना चुनौती मानकर करते हुए संसार में डटे रहना चाहिए। जो अपनी योग्यता रखते हुए स्वयं और



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

समाजहित में उसका उपयोग नहीं करता वह जीते जी मृतक है। साथ ही कर्म से हीन, असाध्य रोगी, संस्कृति और समाज को धोखा देने वाला तथा सदाचार से नहीं जीने वाले लोगों को भी मृतक के समान माना गया है।

स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य में मनुष्यता आवश्यक है। भोग और तृष्णा की चर्चा करते हुए कहा कि साधना, संयम ओर आत्म संतोष से ही तृष्णा पर नियंत्रण संभव है। भोगने से भोग नहीं मिटता, उल्टे बढ़ता ही है। अति भोग से वितृष्णा और विरक्ति संभव नहीं। जैसे आग को बुझाने के लिए यदि कोई उसमें घी डाले, तो आग बुझने के बजाय और तेज हो जाती है। वैसे ही भोग को शान्त करने के लिए यदि कोई भोग्य वस्तु का उपयोग करे तो वह और तीव्र हो जाती है। विषय-भोग से भोग-प्रवृत्ति नहीं मिटती, उल्टे हम ही मिट जाते हैं। भोगी से हुए योगी-राजा भर्तृहरि कहते हैं, 'भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ताः।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों का धरना-प्रदर्शन सांसद सुधाकर सिंह ने सरकार पर साधा निशाना

**मोतिहारी/पीपराकोठी(एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के समीप प्रस्तावित 14 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वाटर पार्क के लिए चल रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के विरोध में शुक्रवार को किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आया। राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। महिला और पुरुष किसानों ने एकजुट होकर अपनी पुश्तैनी जमीन वापस करने, प्रस्तावित निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

धरना के दौरान किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को और प्रभावी बनाने के लिए सांसद सुधाकर सिंह स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेत में उतरे और प्रतीकात्मक जुताई कर विरोध दर्ज कराया। किसानों ने कहा कि जिस जमीन पर पीढ़ियों से खेती कर उनका परिवार जीवनयापन करता आ रहा है, उसी जमीन पर अब उनकी इच्छा के विरुद्ध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उनका आरोप था कि विकास परियोजना के नाम पर किसानों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। धरना को संबोधित करते हुए सांसद सुधाकर सिंह ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि



ट्रैक्टर से जुताई करते सांसद सुधाकर।



पत्रकारों को सम्बोधित करते सांसद।

चंपारण की धरती किसानों के संघर्ष की साक्षी रही है। लगभग 110 वर्ष पूर्व महात्मा गांधी ने इसी धरती से किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की थी। आज फिर परिस्थितियां ऐसी बन गई हैं कि किसानों को अपनी ही जमीन बचाने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास के नाम पर किसानों की पुश्तैनी जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। सुधाकर सिंह ने कहा कि किसानों की सहमति के बिना किसी भी प्रकार की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की जमीन जबरन लेने का प्रयास जारी रहा तो राजद किसानों के साथ मिलकर सड़क से लेकर सदन तक व्यापक आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रशासन पर किसानों की आपत्तियों और मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज को दबाने का प्रयास उचित नहीं है। धरना में शामिल किसानों ने कहा कि उनकी खेती योग्य जमीन ही उनके परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन है।

यदि यह जमीन उनसे छीन ली गई तो उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। किसानों का कहना था कि उनके पास जमीन से जुड़े दस्तावेज और रसीदें मौजूद हैं, फिर भी उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने मांग की कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए और किसानों के पक्ष को सुनने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगास वही इसके बाद मोतिहारी सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद सुधाकर सिंह ने अपर समाहर्ता (एडीएम) मुकेश कुमार सिन्हा पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सांसद का आरोप था कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में प्रशासनिक स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं और इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए।धरना-प्रदर्शन में साश्वत गौतम, विद्यानंद राम, सुबोध यादव, कामेश्वर राम, रामायण सिंह, शंभू यादव, पारसनाथ अंबेडकर, शौकीलाल सहनी, बच्चा प्रसाद यादव, आलोक राय, नवल राय, साबिर अहमद सहित बड़ी संख्या में किसान एवं राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए 39 एकड़ अतिरिक्तभूमि अधिग्रहण में तेजी लाने के निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा शुक्रवार को जिलाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने की। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर के विस्तार के लिए अतिरिक्तभूमि उपलब्ध कराने की दिशा में चल रही कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा हुई।विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्थान को अब तक 261 एकड़ भूमि का कब्जा मिल चुका है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए 39 एकड़ अतिरिक्तभूमि की आवश्यकता है।इस पर जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित कार्यो का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, नगर आयुक्त आशीष कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



डीएम ने की समीक्षा बैठक।

## टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर 10 लाख लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बताया कि टीबी उन्मूलन अभियान आगामी 14 अगस्त तक चलाया जाएगा, जिसके तहत जिले में 10 लाख व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी प्रखंडों में समन्वय बैठक आयोजित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया।उन्होंने डीपीएम जीविका को निर्देश दिया कि स्क्रीनिंग कार्य में जीविका दीदियों का सक्रिय सहयोग लिया जाए, जबकि जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत प्रतिनिधियों को अभियान से जोड़ने की बात कही गई। सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि विशेष रूप से स्लम क्षेत्रों एवं महादलित बस्तियों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए।बैठक में यह भी अपील की गई कि अधिक से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराया जा सके। अभियान के नियमित अनुश्रवण की जिम्मेदारी उप विकास आयुक्त को सौंपी गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार, सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार , जिला पंचायती राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा , डीपीओ शिक्षा विभाग, डीपीएम जीविका, जिला संचारी रोग पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य) उपस्थित थे।

## जलयात्रा के साथ पंचमुखी हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी बरियरिया पंचायत के वार्ड नंबर 12 में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरुआत जल यात्रा के साथ शुरू हो गई। भारी संख्या में कुंवारी कन्याओं महिला एवं पुरुषों की टोली कई गांव का भ्रमण करते हुए संग्रामपुर पुछरिया स्थित बाबू टोला घाट पहुंची जहां यज्ञाचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय सहायक शिवम तिवारी, अंकित पाण्डेय, अमित तिवारी, आनन्द पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भर गया। जानकारी देते हुए आचार्य श्री पाण्डेय ने बताया कि यज्ञ के प्रथम दिन पंचांग पूजन मंडप प्रवेश किया जाएगा जबकि दूसरे दिन जलाधिवास, अन्नधिवास,पुष्पाधिवास, सहित अन्य अधिवास कराया जाएगा साथ ही नगर परिक्रमा भी कराई जाएगी। यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को पंचमुखी हनुमान की मूर्ति स्थापित कर आम जनों के लिए खोल दिया जाएगा साथ ही हवन पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में भंडारे का भी आयोजन किया गया है इसकी अलावा कई दिनों तक हनुमान आराधना सुंदरकांड पाठ आदि का भी आयोजन किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में कुणाल केशव , अमित पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुबोध कुमार मिश्रा, संतोष पाण्डेय, मुकुल शरण, पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष कुमार पाण्डेय , एमएलसी प्रतिनिधि सुशील कुमार द्विवेदी, नंदलाल भगत, संजय कुमार पाण्डेय , सुबोध कुमार पाण्डेय,हेमन्त कुमार सिन्हा, नितेश सिंह, शत्रुघ प्रसाद रय,श्याम बिहारी प्रसाद दरोगा जी, संदीप तिवारी, सूरज पाण्डेय, छोटू पाण्डेय, रंजन कुमार पाण्डेय, कुन्दन पाण्डेय, प्रभु तिवारी, प्रेम शंकर पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, गुडडु पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, धनीश पाण्डेय, ईतेंद्र पाण्डेय ,छठू साह, राजू यादव, पंकज कुमार, शत्रुघ महतो, शनि कुमार,सहित सभी ग्रामीण तन मन धन से लगे हुए हैं।

## मनरेगा में लापरवाही पर 11 कर्मियों पर कार्रवाई 1.08 लाख रुपये की वसूली का आदेश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन ने लापरवाही बरतने वाले 11 कर्मियों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की है। जिलाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार, विभागीय पत्रांक-196 दिनांक 25 मार्च 2022 के तहत सात पंचायत रोजगार सेवकों के मानदेय में एक से तीन वर्ष की अवधि के लिए 10 से 25 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत राज उत्तरी ढेकहा में अनियमितता पाए जाने पर मुखिया, कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक से कुल 1,08,550 रुपये की वसूली का आदेश दिया गया है।जांच में पाया गया कि संबंधित पंचायत रोजगार सेवक योजना कार्यो में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे थे। वे कार्यालय एवं समीक्षा बैठकों से अनुपस्थित रहते थे, मानव दिवस सृजन में लापरवाही बरत रहे थे तथा कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट भी नहीं लगाए गए थे। वहीं, उत्तरी ढेकहा पंचायत में ग्रामीण उमेश प्रसाद की शिकायत पर कराई गई जांच में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई।जिला प्रशासन का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाना तथा जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों की जवाबदेही तय करना है। प्रशासन ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी शिकायत मिलने पर त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस पहल से मनरेगा कार्यो में पारदर्शिता बढ़ने, समय पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा ग्रामीणों का सरकारी योजनाओं पर विश्वास मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## डॉक्टर्स डे व सीए डे पर लायंस क्लब ने किया सम्मान समारोह, सेल्फ मेडिकेशन से बचने की अपील

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब की ओर से बुधवार की शाम शहर के एक होटल में डक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह सह क्लब की प्रथम जनरल बडी मीटिंग (जीबीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष इं सुधांशु सिन्हा ने की। इस दौरान क्लब से जुड़े चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान किया गया तथा स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा कार्यो को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में चिकित्सकों ने बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा लेने (सेल्फ मेडिकेशन) की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। लायन ड़ परवेज अजीज, ड़ राहुल साह, ड़ सुरेश चंद्रा, ड़ नारायण, ड़ एमयू अख्तर, ड़ अभिनव दीपांकर, ड़ सुमित कुमार, ड़ आमिर नेहाल एवं केपी श्रीवास्तव ने कहा कि बिना डक्टर की सलाह के दवा लेना गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। उन्होंने लोगों से किसी भी बीमारी में स्वयं दवा लेने के बजाय योग्य चिकित्सक से परामर्श लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील कीस चार्टर्ड अकाउंटेंट लायन सोनल सारस्वती ने वित्तीय अनुशासन, कर संबंधी जागरूकता और आर्थिक प्रबंधन के महत्व पर अपने विचार रखे।इसके बाद आयोजित प्रथम जनरल बडी मीटिंग में आगामी पदस्थापन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा वर्षभर स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष इं सुधांशु सिन्हा, सचिव रिजू श्रीवास्तव, सह-कोषाध्यक्ष मनीष झा एवं उनकी टीम का सदस्यों ने स्वागत करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने समाजहित में सेवा कार्यो को और गति देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन सुजीत सिंह, जोनल चेयरपर्सन लायन अशोक जायसवाल, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन अमित सेन, लायन मनोज जायसवाल, अमरनाथ साहू, महेशचंद्र लाल, सुधांशु रंजन, विनय कुमार सिंह, अभिषेक नारायण, चंदन कुमार, सुधीर गुप्ता, पवन पुनीत चौधरी, आदित्य कुमार सिंह, अजय आजाद, राजू कुमार, अनिल कुमार वर्मा, शैलेश कुमार, गौरव कुमार, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।



समारोह में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### ईवीएम-विविपैट वेयरहाउस का डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया निरीक्षण

**मोतिहारी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय स्थित ईवीएम-विविपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली एवं निगरानी प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष राय सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ईंट लदे ट्रैक्टर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** तू डाल डाल मैं पात पात वाली कहावत को आज उत्पाद चलिष्णु दल टीम ने चरितार्थ कर दिखाया है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सुगौली थाना क्षेत्र के करमवा रघुनाथपुर बाजार वार्ड नंबर 12 स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर छापेमारी कर ईंट लदे ट्रैक्टर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है और एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्धनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर जिसपर आर एस कंपनी का ईंट लदे टेलर पर कारोबारी भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर मोतिहारी की ओर आने वाला है। सूचना के सत्यापन व छापेमारी के लिए निरीक्षक मद्यनिषेध सह चलिष्णु दल प्रभारी इमरान अंसारी के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गयी।इस दौरान उक्त ट्रेक्टर से आफिसर च्वाइस टेट्रा पैक 1440 पीस 180एम एल और रॉयल स्टेज 60 बोतल 750 एम एल का यानि कुल 304 लीटर बरामद विदेशी शराब बरामद किया गया।वहीं कारोबारी सह चालक की पहचान आरिफ खान के रूप में की गयी है। जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। छापेमारी टीम में निरीक्षक मद्यनिषेध सह चलिष्णु दल प्रभारी श्री अंसारी के अलावे सिपाही अरविंद कुमार, हाकिम आलम एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी मिली टेंपो

**चकिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शीतलपुर गांव स्थित महावीर चौक से भुवन छपरा चौक के तरफ जाने वाली पथ के किनारे मधुबन टोला वार्ड दो के निकट शुक्रवार को लावारिस हालत में खड़ी एक टेंपो मिली। सूचना पर पहुंची आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 वाहन की पुलिस ने लावारिस हालत में खड़ी टेंपो के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लोग सुबह सो कर उठे तो देखा उक्त स्थान पर टेंपो खड़ी थी। काफी देर तक लावारिस हालत में टेंपो खड़ी रही तो लोगों में टेम्पो को लेकर चर्चा तेज गई। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश ने बताया कि टेंपो को जब्त कर वाहन मालिक का पता लगाया जा रहा है।

### जनता के दरबार में जिला प्रशासन में 98 मामलों की सुनवाई, कई मामलों पर मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश

**मोतिहारी।** डा. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न अंचलों से आए कुल 98 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई मामलों में मौके पर ही दूरभाष पर निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन विभागीय स्तर पर विधिसम्मत तरीके से शीघ्र किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण से जुड़े मामले तथा राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने इन मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को मामलों को अग्रसारित करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पलनवा पुलिस ने 17 दिन में सुलझाई हत्या की गुत्थी, पति, दूसरी पत्नी और तांत्रिक गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** अनुमंडल के पलनवा पुलिस ने अज्ञात महिला की हत्या मामले का सफल उद्भेदन करते हुए तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पलनवा थाना कांड संख्या-132ध्2026, दिनांक 17 जून 2026 को धारा 103ध्238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पलनवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और डीआईयू तथा एफएसएल टीम की सहायता से तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की गई। वरीय अधिकारियों के निर्देशन में गठित एसआईटी ने परिस्थितिजन्य, तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों का विश्लेषण कर मामले का सफल खुलासा किया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका की हत्या उसके पति तपेश्वर सहनी ने एक तांत्रिक, अपनी दूसरी पत्नी लक्ष्मी देवी तथा एक अन्य महिला के साथ मिलकर साजिश के तहत की थी।जांच के अनुसार, तपेश्वर सहनी ने नेपाल में लक्ष्मी देवी से दूसरी शादी कर ली थी, जिससे पहली पत्नी के साथ लगातार विवाद चल रहा था। इसी दौरान दोनों पक्षों की मुलाकात एक तांत्रिक से हुई। तांत्रिक ने पति-पत्नी को अलग कराने और दूसरी पत्नी को भी अलग कराने के नाम पर दोनों पक्षों से 50-50 हजार रुपये की मांग की। काम पूरा होने के बाद राशि देने पर सहमति बनी।साजिश के तहत तांत्रिक ने मृतका को नेपाल घुमाने और बेहतर जीवन का झांसा देकर मोतिहारी बुलाया। इसके बाद पति तपेश्वर सहनी, दूसरी पत्नी लक्ष्मी देवी और तांत्रिक ने मृतका को लोकल ट्रेन से मोतिहारी से रक्सौल की ओर ले जाते समय मसनाडीह हल्ट के पास हत्या कर दी।इस मामले में पुलिस ने सिकन्दर सहनी उर्फ भगत जी उम्र 46 साल निवासी भवानीपुर, थाना सुगौली, जिला पूर्वी चंपारण,तपेश्वर सहनी उम्र 58 साल निवासी झिटकहिया, थाना लखौरा, जिला पूर्वी चंपारण एवं लक्ष्मी देवी उम्र 35 साल निवासी बागलुङ; नेपाल को गिरफ्तार किया।पुलिस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद के नेतृत्व में अंचल निरीक्षक अनुज कुमार पाण्डेय, पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक भीम सिंह, डीआईयू टीम तथा पलनवा थाना के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।वाटर पार्क निर्माण स्थल पर बवाल, 27 नामजद समेत 57 पर एफआईआर ।

### जिला प्रशासन बोला- सरकारी भूमि पर हो रहा निर्माण, तीन पालियों में मजिस्ट्रेट व पुलिस बल तैनात

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पिपराकोठी प्रखंड स्थित षि विज्ञान केंद्र के समीप प्रस्तावित वाटर पार्क निर्माण स्थल पर शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिला प्रशासन के अनुसार कुछ लोगों ने सरकारी भूमि को अपनी रैयती जमीन बताते हुए निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पर्यटन विभाग, बिहार सरकार की योजना के तहत वाटर पार्क का निर्माण सरकारी भूमि पर कराया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार संबंधित भूमि पर पूर्व में कायम अवैध जमाबंदियों को बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम, 2011 की धारा-9 के तहत जमाबंदी रद्दीकरण वाद संख्या 242ध्25-26 में अपर समाहर्ता द्वारा निरस्त किया जा चुका है।प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बावजूद कुछ स्थानीय लोगों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया, जिससे विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति बनी। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थिति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया।घटना के संबंध में पिपराकोठी थाना में 27 नामजद एवं 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई में जुटी हुई है।जिला प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में निर्माण स्थल पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है। एहतियात के तौर पर स्थल पर तीन पालियों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और सरकारी परियोजना का कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके।

### हरसिद्धि में बड़ी वारदात टली, हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**मठ लोहियार चौक पर छापेमारी, लोडेड पिस्टल व बिना नंबर की बाइक बरामद, अन्य आरोपित फरार**

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संभावित आपराधिक घटना को होने से पहले ही विफल कर दिया। मठ लोहियार चौक पर अपराधियों के जुटकर किसी बड़ी वारदात की योजना बनाने की गुप्त सूचना पर गुरुवार रात पुलिस ने त्वरित छापेमारी की। इस दौरान एक आरोपित को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रवि कुमार के नेतृत्व में की गई। अभियान में हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, दारोगा प्रीतम कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल था। पुलिस टीम के पहुंचते ही मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठ लोहियार निवासी लक्ष्मण साह के पुत्र बबलू कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड पिस्टल बरामद की गई। पुलिस ने घटनास्थल से एक बिना नंबर प्लेट की बाइक भी जब्त की है। आशंका है कि इस बाइक का उपयोग आपराधिक गतिविधियों में किया जाता था।अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मठ लोहियार चौक पर एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल छापेमारी की गई, जिसमें एक आरोपित को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।डीएसपी ने बताया कि फरार हुए अन्य आरोपितों की पहचान कर ली गई है। उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस का विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।




जानकारी देते अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआईएसएफ बर्नपुर यूनिट के नए डीआईजी बने दिलीप कुमार

**पंचगछिया गाँव में हर्ष, नागपुर एयरपोर्ट से पदोन्नति के बाद संभाला कार्यभार, अनुशासन व ऑपरेशनल तैयारी पर विशेष बल।**



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के बिहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचगछिया गांव के निवासी दिलीप कुमार ने पश्चिम बंगाल स्थित सीआईएसएफ बर्नपुर यूनिट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) का पदभार ग्रहण कर अपने गांव और जिले का गौरव बढ़ाया है। पदोन्नति के बाद उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व वे सीआईएसएफ में वरिष्ठ कमांडेंट के रूप में नागपुर एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। दिलीप कुमार अपने उत्कृष्ट कार्यों और कुशल नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। जम्मू-कश्मीर और असम में सेवा के दौरान उन्होंने आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें दो बार आंतरिक सुरक्षा पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सीआईएसएफ के महानिदेशक तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों की ओर से भी उन्हें कई प्रशंसा पत्र प्राप्त हो चुके हैं। बर्नपुर स्थित इस्को स्टील प्लांट में करीब 40 हजार करोड़ रुपये की आधुनिक विकास परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे महत्वपूर्ण समय में बर्नपुर यूनिट की जिम्मेदारी दिलीप कुमार को सौंपा जाना उनके अनुभव और कार्यकुशलता का प्रमाण माना जा रहा है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यूनिट के अधिकारियों और जवानों के साथ बैठक कर अनुशासन, ऑपरेशनल तैयारी, टीमवर्क और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में यूनिट के नई उपलब्धियां हासिल करने का विश्वास व्यक्त किया।

### आपदा मंत्री रत्नेश सादा ने महारस में विजय सिंह के निधन पर परिवार से मिलकर जताई गहरी संवेदना

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बनमाईटहरी प्रखण्ड के महारस पंचायत निवासी पूर्व मुखिया प्रेम सिंह के भाई विजय सिंह का रविवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इस दुखद खबर की सूचना मिलते पर बिहार सरकार के आपदा मंत्री सह सोनवर्षा विधानसभा विधायक रत्नेश सादा शोकाकुल परिवार से मिलने गुरुवार को महारस गांव पहुंचे और परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि विजय बाबू एक अच्छे और समाजसेवी व्यक्ति थे। उनकी सादगी, परोपकार और सक्रियता हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि विजय बाबू हमारी पार्टी के कर्मठ कार्यकत्रा थे और उनकी कमी पार्टी तथा समाज दोनों के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने परिजनों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सिकन्दर महतो, पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार, साजन कुमार, संतोष कुमार, सरपंच शोभा देवी, मुखिया सुमन देवी, हरिशंकर सिंह, पप्पु कुमार यादव, किशोर सिंह, गुंजेश्वर मेहता, सबीन रजक समेत दर्जनों स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर परिजनों को सांत्वना दी और शोक संवेदना व्यक्त किए।



### मंदिर से चोरी हुई घंटी को बेचने के दौरान ग्रामीणों ने चोर को पकड़ा।



**सोनवषाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार चोरी की घटना के बाद शुक्रवार को सोहा शिव मंदिर से चुराए गई घंटी बेचने के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा एक चोर को पकड़ लिया और जमकर धुनाई किया। स्थानीय लोगों ने उसे सोनवर्षा राज थाना पुलिस के सुपूर्द कर दिया है। चोर की पहचान बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के सुगमा गांव निवासी छतरी पासवान के पुत्र रौशन कुमार के रुप में की गई है। हिरासत में पुछताछ के दौरान चोर ने मां जीवछ ट्रेडिंग सोहा में बीते दिनों हुई चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार किया। साथ ही चोरी की घटना में शामिल दो अन्य चोरों का नाम भी उजागर किया। उसने बताया की उसके साथ चोरी की घटना में सुगमा गांव के ही मुकेश पासवान का पुत्र आदर्श एवं कृष्ण देव पासवान का पुत्र नंदन शामिल था। घटना के बाबत सोनवर्षा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया की गिरफ्तार चोर की निशानदेही पर दो अन्य चोर की गिरफ्तारी एवं चोरी हुए समानों की बरामदगी हेतू छापेमारी की जा रही है।

### चोढली ने काशनगर को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**सोनवषाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मौजी लाल भगत $2 उच्च विद्यालय काशनगर के मैदान में शुक्रवार को हुए क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में चैढली ने खिताब पर जमाया कब्जा। आयोजित टूनामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए काशनगर की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चोरली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15.3 ओवर में ही 124 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया और ट्रॉफी अपने नाम कर ली। चोरली की जीत में आजाद कुमार ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 64 रन बनाए और 2 विकेट भी हासिल किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूनामेंट का आयोजन जमशेद आलम बंटी सिंह,सुड्डू सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबले का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान में मौजूद रहे।



### सिकंदर महतो ने विधायक प्रतिनिधि बनने पर आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा व जदयू के प्रति जताया आभार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बनमाईटहरी प्रखंड में सिकंदर महतो को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर आपदा प्रबंधन मंत्री एवं सोनवर्षा विधानसभा से जदयू विधायक रत्नेश सादा के द्वारा बनमाईटहरी विधायक प्रतिनिधि सिकंदर महतो को बनाए जाने के बाद मंत्री रत्नेश सादा व जनता दल के प्रति आभार व्यक्त जताया है। वहीं सिकंदर महतो ने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जदयू के प्रति समर्पण भाव और पार्टी कार्यकत्राओं के साथ मिलकर काम करने की उनकी निष्ठा के कारण दी गई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया है। उसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा। मैं जदयू पार्टी के लिए समर्पित भाव से अपने विधायक के मार्गदर्शन में कार्य करूंगा और पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपे गए हर दायित्व को पूरा करने का प्रयास करूँगा। आगे उन्होंने जोर देकर कहा कि यह उपलब्धि यहां के प्रत्येक मतदाता के आशीर्वाद का नतीजा है और वे जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। स्थानीय जदयू कार्यकत्रा और समर्थक नियुक्ति से प्रसन्न दिख रहे हैं। बनमाईटहरी प्रखंड में इस नियुक्ति को लेकर पार्टी के अंदर उत्साह का माहौल है और कार्यकत्रा आगामी विकास व जन सेवा से संबंधित गतिविधियों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं।



# खाद्य निगम के श्रमिकों ने मजदूरी की मांग को लेकर किया दो दिवसीय हड़ताल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार राज्य खाद्य निगम के कहरा गोदाम में मजदूरों की हड़ताल के कारण गरीबों के बीच अनाज वितरण की स्थिति चरमरा जाने से डीलरों एवं उपभोक्ताओ मे काफी आक्रोश व्याप्त है। लोडिंग एवं अनलोडिंग मजदूरों द्वारा बकाए मजदूरी की मांग को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल का आयोजन किया गया। मजदूरों के सरदार गनौरी शर्मा ने बताया कि हम सभी गरीब मजदूर कई वर्षों से बिहार राज्य खाद्य निगम कहरा गोदाम में लोडिंग अनलोडिंग वजन भराई सिलाई का कार्य करते हैं। वही उच्च न्यायालय पटना के द्वारा परिवहन एवं श्रम संसाधन विभाग को न्यूनतम मजदूरी देने का निर्देश दिया है लेकिन हम गरीब मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी इपीएफ ईएसआईसी की राशि जमा की जाती है। हम गरीब मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी की सुविधा नहीं मिल रही है। श्रम संसाधन विभाग के सूचना के अनुसार प्रति बोरा 11.64 देय है लेकिन हम मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दर से कम भुगतान प्रति बोरा चार रुपया की दर से ही भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही नवंबर 2025 से अब तक विगत सात महिने से मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति बन गई है।उन्होंने बताया कि मुख्य परिवहन अभिकर्ता सुमन सिंह उनके पुत्र अनुराग कुमार रौनक सिंह से मिले तो उन्होंने कहा कि हमें विभाग भुगतान देगा तो हम भुगतान देंगे। मजदूरों ने बताया कि जिला प्रबंधक से कई बार मजदूरों को आश्वासन के सिवा अब तक कुछ नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि हम गरीब मजदूरों को बकाया 7 महीने का मजदूरी नहीं मिलने के कारण दो दिवसीय हड़ताल करने पर बाध्य हुए। इस मौके पर वार्ड 31 के डीलर पूजा कुमारी एवं विक्रम भगत बताया कि हमलोगों को समय पर अनाज की आपूर्ति नहीं होने के कारण विकट समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड 31 में 8 डीलर है जिसमें से पांच डीलर को अनाज आपूर्ति कर दिया गया है वही हम लोगों को अनाज की आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण उपभोक्ता बार-बार फोन कर अनाज मांगने मांगते हैं। उन्होंने बताया कि हम डीलरों से लोडिंग एवं अनलोडिंग खर्च तीन रूपया प्रति बोरा लिया जाता है। इसके साथ ही डीलर को वजन कर अनाज की आपूर्ति नहीं दी जाती है जिसके कारण डीलर को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य परिवहन कर्ता सुमन सिंह, हरिशंकर चैधरी एवं अजय कुमार के द्वारा डीलरों के घर पर सामान ना पहुंचा कर गोदाम से अनाज उठाने को बाध्य कर रहे हैं। वही गोदाम प्रबंधक ने कहा कि मजदूरों की सभी मांग वाजिव है। मजदूरों को ट्रांसपोर्टर के द्वारा भुगतान नही किये जाने के कारण मजदूर हड़ताल कर रहे है। जिसकी सूचना विभाग को दे दिया गया है।गोनर शर्मा ने बताया कि हम गरीब मजदूरों को अभिलंब भुगतान करने की मांग की है। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, गज्जो शर्मा,ललन शर्मा, दिनेश शर्मा, रणजीत शर्मा, बोनका शर्मा, पंकज शर्मा, प्रमाण शर्मा, अरुण शर्मा, उमेश शर्मा, सूरज शर्मा, बबलू शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



हड़ताली खाद्य निगम के श्रमीक।

# सहरसा विधायक आईपी गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात, ज्ञापन सौंपा

**कहा सदर अस्पताल की व्यवस्था है बदहाल, व्यवस्था में तत्काल सुधार व कारवाई हो**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** गुरुवार को देर शाम आईआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक ई. आईपी गुप्ता ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल के खराब स्वास्थ्य व्यवस्था, चिकित्सकों, एएनएम सहित अन्य कर्मियों की भारी कमी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा एवं गंभीरता पूर्वक विचार कर प्राथमिकताओं के आधार पर सदर अस्पताल के समस्याओं के समाधान की मांग की। विधायक श्री गुप्ता ने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों एवं एम्बुलेंस चालकों की समस्याओं को स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा. और समस्या की निवारण करने की मांग उठाई।विधायक ने कहा कि सदर अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की गतिविधि व कार्यप्रणाली नगन्य है।विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार के लाख बड़े दावे के बीच तीन सौ बेड वाले सदर अस्पताल में कुल 441 पद स्वीकृत है लेकिन वर्तमान में डॉक्टर सहित मात्र 131कर्मी ही कार्यरत है जिससे मरीजों को काफी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं सरकारी स्वास्थ्य महकमा की पौल खोलता है। उन्होंने सहरसा में घोषित मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग उठाई. सूबे के स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करने और कार्रवाई करने का आश्वासन दिए।



**सरकार की दावे बड़े लेकिन सदर अस्पताल में 441पद है स्वीकृत, डॉक्टर सहित मात्र 131कर्मी के भरोसे है जिला अस्पतालः ई. आईपी गुप्ता**

# कन्या विद्यालय देहद में बड़ा हादसा, मुख्य द्वार की ग्रील गिरने से 12 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल

**सोनवषाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत देहद पंचायत स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय, देहद में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। विद्यालय के मुख्य द्वार पर लगी लोहे की ग्रील अचानक टूटकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से वार्ड 01 निवासी इन्द्रजीत सादा के 12 वर्षीय पुत्र पांचवीं कक्षा के छात्र प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में छात्र का पैर टूट गया, जबकि उसके सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्र स्थानीय वार्ड सदस्य इन्द्रजीत सादा का पुत्र बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन विद्यालय पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से छात्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवर्षा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, सहरसा रेफर कर दिया। फिलहाल छात्र का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सिर और दाहिने पैर में गंभीर चोट है जबकि बांए पैर का हड्डी टुट गया है। अपने बिलखते पुत्र को देखकर पिता का रो-रो कर बुरा हाल था। परिजन बेहतर इलाज के लिए आर्थिक संकट से भी परेशान दिखा। घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मोनिका प्रीतम भी सीएचसी पहुंचीं और घायल छात्र का हालचाल लिया। विद्यालय प्रबंधन पर उठे सवाल इस हादसे के बाद विद्यालय प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य द्वार की मजबूत लोहे की ग्रील का अचानक गिर जाना इस बात का संकेत है कि वह पहले से ही क्षतिग्रस्त या जर्जर थी। यदि समय रहते उसकी जांच और मरम्मत कराई गई होती, तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। उपस्थित ग्रामीणों ने मुख्य द्वार सहित अन्य संरचनाओं की तकनीकी जांच कराने तथा लापरवाही के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# सहरसा में शुरू हुआ आधुनिक शवदाह गृह, अंतिम संस्कार के नाम पर 3500 शुल्क

**अंत्योदय कार्ड धारी को सिर्फ मुफ्त सुविधा**

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के कोरलाही वार्ड 44 में 7 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक शवदाह गृह का संचालन शुक्रवार को शुरू हो गया। पहले ही दिन यहां पहला अंतिम संस्कार भी संपन्न कराया गया। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि इससे शहरवासियों को अंतिम संस्कार के लिए बेहतर, सुगम और पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था मिलेगी। इस नए शवदाह गृह में पहला अंतिम संस्कार शुक्रवार को सहरसा नगर निगम क्षेत्र के हटिया गाछी वार्ड 29 निवासी स्वर्गीय दीप्ती देवी 75 वर्षीय का किया गया। हालांकि, शवदाह गृह के उपयोग के लिए निर्धारित 3500 के शुल्क को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का है, और 3500 की राशि अंतिम संस्कार के लिए चुकाना उनके बजट से बाहर है। फ्रेंड्स ऑफ आनंद के नेता रोहिन दास ने इस शुल्क का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इसे संवेदनहीन बताते हुए कहा, हमारे समाज में कई ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनके पास कफन खरीदने के भी पैसे नहीं होते। ऐसे लोगों से अंतिम संस्कार के नाम पर 3500 वसूलना उचित नहीं है। रोहिन दास ने नगर निगम प्रशासन से गरीबों के हित में शुल्क को तुरंत कम करने की मांग की है। स्थानीय लोग भी मांग कर रहे हैं कि गरीबी रेखा से नीचे और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क या बेहद रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाए। ईशा फाउंडेशन के मैनेजर अमरदीप ने कहा अंत्योदय कार्ड धारी को सिर्फ मुफ्त दाह संस्कार करने दिया जाएगा। बाकी सभी लोगों को 3500 रुपए शुल्क जमा करने होंगे। सहरसा नगर निगम के नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा ने कहा कि बुडको के द्वारा बिल्डिंग का निर्माण कराया गया है। जिसको अब ईशा फाउंडेशन को सौंप दिया गया है। उनके ही देखरेख में संचालन संचालित रहेगा।



# गोपनीय दस्तावेजों के दुरुपयोग मामले मे एक दलाल गिरफ्तार, वही 10 थानाध्यक्ष पर कार्रवाई के आदेश

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोशी क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक डीआईजी डॉ.कुमार आशीष द्वारा सलखुआ थाना में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस महकमे में दलाली और गोपनीय दस्तावेजों के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कथित दलाल सतीश कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास से तीन अलग-अलग थानों की मूल केस डायरी, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। इस संबंध में डीआईजी कुमार आशीष ने अपने कार्यालय वेश्म में शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडियाकर्मियों को उक्त जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आरक्षी अधीक्षक विक्रम सिहाग भी मौजूद रहे। डीआईजी कुमार आशीष ने बताया कि पुलिस मुख्यालय को मिली सूचना के आधार पर डीआईजी ने 2 जुलाई को सलखुआ थाना का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह और कथित दलाल सतीश कुमार के बीच मोबाइल पर बातचीत की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने गोसपुर मंदिर के समीप छापेमारी कर सतीश कुमार को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से लैपटॉप, की-बोर्ड, माउस, चार्जर के अलावा पिपरा, सलखुआ और नवहट्टा थाने की मूल केस डायरी बरामद हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सलखुआ थाना में कांड संख्या 107/26 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही सिमरी बख्तियारपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया गया है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही एवं संलिप्तता पाए जाने पर सलखुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह सहित सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिले के कुल 10 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की विभागीय एवं आपराधिक जांच जारी है। डीआईजी कार्यालय ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी थाना या पुलिस कार्यालय में किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा दलाली या अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पुरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




डीआईजी डॉ.कुमार आशीष।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सहरसा जिला अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार अर्चना आनन्द की नियुक्ति

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री अर्चना आनन्द को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक आलोक सिंह के द्वारा लगातार तीसरी बार सहरसा जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पार्टी कार्यकत्राओं एवं समर्थकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय का सभी ने स्वागत करते हुए इसे संगठन के प्रति उनके समर्पण, सक्रियता एवं नेतृत्व क्षमता का सम्मान बताया। इस अवसर पर जारी संदेश में कहा गया कि यह दायित्व केवल एक संगठनात्मक पद नहीं, बल्कि समाज, संगठन और जनसेवा के प्रति समर्पण का एक पवित्र संकल्प है। विश्वास व्यक्त किया गया कि अर्चना आनन्द अपने कुशल नेतृत्व, कर्मठता, संगठनात्मक दक्षता एवं जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की विचारधारा को सहरसा जिले के जन-जन तक पहुँचाते हुए संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगी। संदेश में यह भी कहा गया कि उनका आगामी कार्यकाल सामाजिक न्याय, जनहित, संघर्ष, सेवा, समर्पण एवं संगठन की मजबूती का एक नया अध्याय स्थापित करेगा। सभी ने उनके सफल एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकत्राओं एवं शुभचिंतकों ने अर्चना आनन्द को लगातार तीसरी बार सहरसा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। शुभकामना व्यक्त करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता विंदेश्वरी मेहता, रौशन कुमार पाठक, चंदन बागची, शिवेन्द्र कुमार जीशू, ई.रौशन राजा, इजहार, बैजनाथ कुमार विमल, चूड़ामणि झा, अमित कुमार निकुंभ, बिपिन पासवान, बालकृष्ण कुशवाहा, रणजीत कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, मझरुद्दीन खान बबलू, सुबोध झा, नरेश यादव, राजेश कुमार, शैलेश झा, कमालउद्दीन, सलामत राईन, संजीत पासवान, बबलू कुमार, सुमन कुमार राय, उपेन्द्र राम, अखिलेश मेहता, विशाल मेहता, गौरव कुमार, रोहित यादव, आरती देवी, बबीता देवी, चांदनी देवी, अड़हुल देवी, रामकली देवी, पूनम देवी, रीता देवी, कल्याणी देवी, खुशबू देवी, सुनीता देवी, सबिला खातून, ऋतु देवी एवं अनीता देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकत्रा एवं समर्थक शामिल रहे।



पत्र प्राप्त करती अर्चना आनन्द।

# सतीश नगर में आठ के बेड अस्पताल के लिए कवायद

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के सौढ़ उत्तरी पंचायत स्थित सतीश नगर में स्वीकृत आठ बेड के अस्पताल का निर्माण शुरू कराने की मांग को लेकर सुशांत सिंह कुशवाहा उर्फ अमित कुमार ने पटना में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात की।

उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि सतीश नगर मैदान में अस्पताल का शिलान्यास होने के बावजूद निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जदयू जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिए आवेदन के बाद अस्पताल का शिलान्यास तो हुआ, लेकिन धरातल पर काम शुरू नहीं हो सका।


स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से बात करते सुशांत सिंह कुशवाहा।

मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

सतीश नगर एनएच-31 के निकट स्थित है, ऐसे में इस अस्पताल के निर्माण से न केवल हजारों ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को भी समय पर प्राथमिक उपचार मिल सकेगा, जिससे बहुमूल्य जानें बचाई जा सकेंगी। मंत्री के सकारात्मक आश्वासन के बाद से क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है और उन्हें भरोसा है कि यह बहुप्रतीक्षित परियोजना जल्द ही पूरी होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की राह सुगम हो जाएगी।

**सरकार की मंजूरी के बाद भी शुरू नहीं हो सका है अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य**

# संतों के दिखाए मार्ग से जीवन की बाधाएं दूर होतीं हैं

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड के सौढ़ उत्तरी पंचायत के बुद्धनगर भरतखण्ड गांव में नित्यानंद यादव के आवास पर संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता स्वामी नरसिंह बाबा ने की। इस दौरान रामचरित मानस और संत वाणी का पाठ मंटू यादव ने किया।

इस अवसर पर महर्षि मेंही आश्रम बुद्धनगर से पधारे संत स्वामी नरसिंह बाबा ने कहा कि जिस स्थान पर सत्संग किया जाता है वह पवित्र हो जाता है। जो भक्त सत्संग में भाग लेते हैं वह भवसागर पार कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मानव रूपी शरीर दिया है। यह मानव शरीर पूर्व जन्मों की कठिन तपस्या से प्राप्त होता है। मानव को अपना जीवन व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। दैनिक कार्यों में लीन रहते हुए समय निकालकर सत्संग करना चाहिए ताकि मन को आत्मीय सुख प्राप्त हो सके। संतों के शरण में आकर मनुष्य को ईश्वर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त होता है। मनुष्य को सत्संग में शामिल होकर आत्मीय लाभ उठाना चाहिए। संतों के दिखाए मार्ग पर चलकर सद्गुरु महाराज की स्तुति करने से जीवन में आनेवाली बाधाएं दूर होती है। इस अवसर पर नित्यानंद यादव, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, मनोज यादव डीलर, मनीष कुमार, गौरव कुमार, उत्कर्ष कुमार, सार्थक कुमार, प्रिंस, धनंजय, कपिलदेव यादव, गोपाल यादव, रामचरित शर्मा, रूचि कुमारी, टुनटुन साह, सुनैना देवी, मंटू यादव, अमरजीत कुमार, छोटू यादव सहित सैकड़ों सत्संगी और ग्रामीण मौजूद थे।


संतमत सत्संग में प्रवचन देते नरसिंह बाबा।

## संक्षिप्त खबरें

### एक लाख की नकदी समेत सोने-चांदी के समान की चोरी

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर नौ निवासी ब्रह्मदेव साह के घर में अज्ञात चोरों ने नगद एक लाख रुपये, सोने-चांदी के जेवरात, खाना बनाने एवं खाने का बर्तन आदि चोरी लिया है। इस संबंध में पीड़ित ब्रह्मदेव साह के पुत्र राजा कुमार ने शुक्रवार को थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध शिकायत करते हुए कहा है कि चोरों ने घर की खिड़की से घर में प्रवेश कर घर में रखे ट्रंक का ताला तोड़ कर नगद, जेवरात एवं अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कचड़ा के दुर्गंध से लोग परेशान, कार्रवाई की मांग

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** एक तरफ जहां सरकार डेंगू, डायरिया से निबटने के लिए लगातार प्रयास कर रही है वहीं कचरे के अंबार से लोग परेशान हैं। खासकर वार्ड नंबर 22 के रामपुर रोड स्थित विवाह भवन के पीछे के लोग काफी परेशान हैं। आते जाते लोग नाक पर रुमाल लेकर चल रहे हैं।हद तो तब है जब लोग भी जागरूकता के अभाव मे कचड़ा को फेंक देते हैं। कचरे के अंबार होने से सुअरो का चहल पहल रहता है जिससे वह कचड़ा और भी गंध करता है। वार्ड वाईस के नंदन कुमार कहते हैं की इस वार्ड के लोग लोग नाक पर रुमाल लेकर चलते है इस तरह रहने से लोग रोगग्रस्त हो सकते हैं। नगर परिषद में साफ सफाई भगवान भरोसे है। हालांकि उन्होंने इसके लिए पहल किया है और लिखित रूप मे नगर प्रशासन को आवेदन दे रहे हैं। वहीं इस मामले में स्वच्छता पदाधिकारी सुमन कुमार ने कहा की उक्त स्थल का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### परबत्ता में 15 दिवसीय निःशुल्क शिविर शुरू




**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** आपदा के दौरान त्वरित एवं सही निर्णय लेकर जन-धन की हानि को कम करने के उद्देश्य से आपदा मित्र, परबत्ता के तत्वाधान में 15 दिवसीय निःशुल्क विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरुआत एक जुलाई से तेमथा करारी वार्ड संख्या-02 स्थित भगवान घाट पर हुई है। शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 5बजे से 7.30 बजे तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को तैराकी एवं जल बचाव तकनीक, सीपीआर (सीपीआर), प्राथमिक उपचार, सर्पदंश की स्थिति मे बचाव, वज्रपात से सुरक्षा, बाढ़, आगजनी, आंधी-तूफान समेत विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव-जनित आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित निकासी, सामुदायिक सहयोग एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दी जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। हालांकि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र नहीं दिया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन एनडीआरएफ एवं बीएसडीएमए से प्रशिक्षित आपदा मित्र ऋषि कुमार, सूरज कुमार, रीतेश कुमार, अमृत कुमार, करण कुमार एवं नितिश कुमार कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के युवाओं एवं आम लोगों से प्रशिक्षण में भाग लेकर आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक बनने की अपील की है।

### डॉ. उलूपी झा ने बच्चों को सिखाए लोक चित्रकला के गुर

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय में आयोजित चित्रकला कार्यशाला के तीसरे दिन गुरुवार को मंजूषा चित्रकार डॉ. उलूपी झा ने प्रतिभागी बच्चों को मंजूषा कला के इतिहास, इसकी विशिष्ट शैली और चित्रांकन की बारीकियों की जानकारी दी। उनके मार्गदर्शन से बच्चों ने इस पारंपरिक लोककला की विशेषताओं को करीब से समझा और चित्रांकन का अभ्यास किया। कार्यशाला में मिथिला एवं मंजूषा कला को कपड़ों और शल पर उकेरने का प्रशिक्षण देने के लिए बेगूसराय की कलाकारा नीलू सिन्हा भी पहुंचीं। उन्होंने बच्चों को कपड़े पर पेंटिंग करने की तकनीक, रंगों के चयन और डिजाइन तैयार करने के व्यावहारिक तरीके बताए। डॉ. उलूपी झा ने बताया कि मंजूषा कला बिहार की समृद्ध सांस्तिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को इस कला से जुड़कर अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया।गौरतलब है कि भागलपुर की रहने वाली ड़ उलूपी झा ने विलुप्तप्राय मंजूषा कला के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सैकड़ों महिलाओं को इस कला का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया है। उनके उत्ष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने उन्हें देश की 100 सबसे सफल महिलाओं में शामिल किया था। साथ ही उन्हें बिहार सरकार के राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।चित्रकला कार्यशाला में बच्चों ने विशेषज्ञ कलाकारों से पारंपरिक लोककलाओं की बारीकियां सीखीं और उत्साहपूर्वक अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच करने की किया मांग

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय और उत्क्रमित उच्च



माध्यमिक विद्यालय कुर्बन के प्रांगण में करीब 150 फीट फाइबर ब्लक का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन यहां पर सूचना बोर्ड लगा है। ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि सरकारी नियम के अनुसार हर योजना स्थल पर प्राक्कलित राशि, योजना का नाम, एजेंसी, कार्य अवधि का बोर्ड लगाना अनिवार्य। कुर्बन में बोर्ड का नामोनिशान नहीं। काम होने के बाद बोर्ड लगाया जाता है। ग्रामीण पूछ रहे हैं यहां पर काम किस फंड स हो रहा है। कितने लाख का योजना कब तक पूरा होगा जवाब देने वाला कोई नहीं। ग्रामीणों की माने तो निर्माण में लग रहे फाइबर ब्लक की ।लिटी बेहद घटिया। ग्रामीणों का आरोप घटिया सामान लगाया जा रहा है।मुखिया रजनीकांत राही से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझा। जब पंचायत के जेई रवि रोशन से पूछा गया कि बोर्ड क्यों नहीं लगा, तो उनका जवाब मिला की बीना बोर्ड लगाए कार्य हो रहा है तो इसमें क्या दिक्कत हैयानी जे ई ओ साहब को सरकारी गाइडलाइन, पार्दर्शिता से कोई मतलब ही नहीं है। पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद कुमार पासवान ने कहा कि हमें जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने डीएम से जांच की मांग की है। स्थानीय लोगों ने साफ कहा की योजना का हिसाब, गुणवत्ता गायब, और अधिकारी आंख बंद करके बैठे हैं। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर और डीपीआरओ से जांच की मांग की है।

# बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

दैनिक नवसंदेश

## खजरैठा ढाला के समीप हुआ दर्दनाक हादसा

**परबत्ता।** भरतखंड थाना क्षेत्र के खजरैठा ढाला के समीप शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार सौढ़ दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या-4, भरतखंड मुस्लिम टोला निवासी निवासी आमिर (18 वर्ष), पिता- निसार अली तथा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को गोगरी रेफरल अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही आमिर ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे घायल का इलाज जारी है। घटना की


घटनास्थल पर गड्ढे में पड़ा युवक का शव।

**बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गयी, हादसे में एक युवक घायल भी हुआ**

सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सौढ़ दक्षिणी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद हृदयविदारक हादसा है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत युवक की आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# डीएम ने जीएन बांध का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ पूर्व की तैयारी में पदाधिकारी जुट गए हैं। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी विक्रम वीरकर दल बल के साथ रामपुर जीएन बांध का जायजा लेने पहुंचे। बांध से होने वाले रिसाव को उन्होंने नोटिस किया और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। बताते चलें की पिछले वर्ष आई बाढ़ से बांध के कई क्षेत्र में रिसाव हो गया था, जिससे लोग काफी भयभीत हो गए थे। हालांकि समय रहते इसे नियंत्रण में कर लिया गया था। कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां के बांध में रिसाव होता है जिसे ध्यान में रखते हुए बाढ़ आने से पूर्व ही उसे नियंत्रण में कर लिया जाएगा ताकि आने वाली बाढ़ में किसी तरह की कोई परेशानी न हो सके। इस अवसर पर अंचलधिकारी दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

# पशु चिकित्सक की कुर्सी पर बैठकर बनाया रील, वायरल

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कई नाबालिग लड़कों द्वारा पशु चिकित्सक एवं वहां के कर्मी के कुर्सी पर बैठकर रील बनाया गया है। इस वीडियो मे नाबालिक बच्चों द्वारा खुद को पदाधिकारी दिखाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि 'नई बात' नही करती है। लेकिन वीडियों वायरल के बाद लोग कह रहे हैं कि आखिर अफिस खुला छोड़ पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी कहाँ चले गए थे जिसके कारण यह वीडियो बनाया गया है। एक सरकारी दफ्तर मे इस तरह के कार्य से लोग भी अचंभित हैं। जब इस बारे मे उक्त अस्पताल के पशु चिकित्सक ड बमशंकार से पूछा गया तो उन्होंने कहा की यह वीडियो दस बारह दिन पहले का है। ये लड़के एक गाय के बच्चे का इलाज कराने अस्पताल आये थे। उनके गाय का इलाज करने के बाद वे भीसी में उपस्थित होने प्रखंड कार्यालय चले गए थे। इसी बीच इनलोगो द्वारा वीडियो बना लिया गया होगा। अब सवाल यह है की जब डक्टर भीसी में चले गए तो क्या वहाँ और कोई कर्मी उपस्थित नहीं थे या कर्मी एबं चिकित्सक द्वारा ही इनलोगो को पनाह दिया जा रहा है। वीडियो वायरल के बाद चिकित्सक द्वारा कार्रवाई के लिये कदम क्यों नही उठाये जा रहे हैं।

# 08 जुलाई तक मनेगा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भ्रष्टाचार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता एवं ईमानदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 02 से 08 जुलाई तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह भर विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों एवं पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत 02 जुलाई को पटना के ज्ञान भवन में मुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्तरीय शुभारंभ से हुई। 03 जुलाई को जिला समाहरणालय में अधिकारियों एवं कर्मियों को सत्यनिष्ठा एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति की शपथ दिलाई गई। 04 जुलाई को जिले के सभी प्रखंड, अंचल, थाना एवं पंचायत कार्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 05 जुलाई को समाहरणालय के मुख्य सभाकक्ष में सतर्कता विषयक व्याख्यान का आयोजन होगा। 06 जुलाई को स्कूली बच्चों एवं कलाकारों के लिए स्लोगन लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा 07 जुलाई को स्कूली विद्यार्थियों के लिए सतर्कता विषयक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 08 जुलाई को सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का विधिवत समापन किया जाएगा। सप्ताह के अंतर्गत लोक सेवकों को ईमानदारी, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचारमुक्त कार्य संसति अपनाने की शपथ दिलाई जाएगी, वहीं आम नागरिकों को सत्यनिष्ठा के साथ जीवन जीने, रिश्वत न लेने-देने तथा भ्रष्टाचार की सूचना संबंधित जांच एजेंसी को देने का संकल्प कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी समाज के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की है। इस अवसर पर जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।


अधिकारियों और कर्मियों को सत्यनिष्ठा एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति की शपथ दिलाते जिला पदाधिकारी।

# बैंकिंग व वित्तीय समावेशन से जुड़े लक्ष्यों की समीक्षा



**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में शुक्रवार को ब्लक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित बैंकिंग एवं वित्तीय समावेशन से जुड़े लक्ष्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ ऋण वितरण एवं ऋण वसूली की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में किसानों को अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ उपलब्ध कराने, स्वयं सहायता समूहों एवं जीविका समूहों को बैंक ऋण से जोड़ने, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन एवं स्वरोजगार योजनाओं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत योग्य लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने सहित अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने सभी बैंक अधिकारियों से से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे तथा लंबित ऋण मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ऋण वसूली में भी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक (एलडीएम) परविंदर कुमार ने बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी बैंकों से समन्वित प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए बैंक और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। इस अवसर पर जिला एलडीएम कार्यालय के सहायक प्रबंधक राकेश कुमार रोशन, यूनियन बैंक के प्रतिनिधि रितेश सिंह, सीएफएल फाइनेंशियल के रूपेश कुमार, चौथम ग्रामीण बैंक के अंशु कुमार, उद्योग विभाग के संजय कुमार सहित विभिन्न बैंकों के दर्जनों शाखा प्रबंधक एवं बैंककर्मी उपस्थित रहे।

# पसराहा में भाजपा ने चलाया डिजिटल प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत एबी सेंट्रल पब्लिक स्कूल, पसराहा में डिजिटल प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता गोगरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार राजा ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने कहा कि पार्टी पूरे देश में डिजिटल प्रशिक्षण अभियान चला रही है। खगड़िया जिले के लगभग 1200 बूथों पर दो-दो कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि संगठन की नीतियों, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे होने वाले प्रसारण को सुनने एवं डिजिटल माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने में खगड़िया जिला लगातार ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डिजिटल प्लेटफॉर्म का सकारात्मक एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, गोगरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार राजा, मंडल महामंत्री धीरेंद्र कुमार, महेशखूंट दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अवनीश कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को डिजिटल रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा प्रत्येक बूथ स्तर तक अभियान को सफलतापूर्वक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# बापू मध्य विद्यालय के बच्चों को मिल रहा ताजा खाना

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोशण योजना के तहत मध्या भोजन के संचालन होने से जहां छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, वही छात्र के ड्रप आउट भी कम होने लगे हैं। इस योजना के संचालन बच्चों में काफी प्रसन्नता देखी जा रही है। जानकारी हो कि जिला मुख्यालय के बलुआही स्थित बापू मध्य विद्यालय में एमडीएम छात्रों को गुणबत्तापूर्ण दिया जा रहा है। विद्यालय के द्वारा तरोताजा पोशणयुक्त खाना दिये जाने से छात्रों की उपस्थित में भी काफी वृद्धि हुई है।

प्रधानाध्यापक चन्द्रमणि मिश्र कहते हैं कि केन्द्र प्रायोजित पीएम पोशण योजना के संचालन से छात्रों को पोशणयुक्त खाना दिया जाता है। उन्होने कहा कि अलग-अलग दिनों मीनू के अनुसार बच्चों को खाना दिया जाता है। उन्होने कहा कि पहले विद्यालय के हफ टाईम होने के बाद बच्चें खाना खाने के नाम पर धर जाते थे और उसमें से अधिकांष बच्चें विद्यालय नही आते थे। लेकिन पीएम पोषण योजना के संचालन होने से अब बच्चे हाफ टाईम के बाद घर नही जाते हैं। उन्होने कहा कि बच्चों के घर नही जाने के पीछे एक ही कारण उनको ताजा खाना स्कूल में ही मिल जाता है। उन्होने कहा कि इन छात्रों को सप्ताह में एक दिन अंडा या फल भी देते हैं। उन्होने कहा कि षुक्रवार को अंडा या फल देना अनिवार्य हैं। उन्होने कहा कि जो बच्चा अंडा खाते हैं उन्हे अंडा और जो अंडा नही खाते हैं उन्हे फल दिया जाता है। वही षिक्षक नीरज कुमार कहते हैं कि एमडीएम को बच्चों के खिलाने से पहले हमलोगों काफी बारिकी से उसका जांच करते हैं। उन्होने कहा कि


बच्चों को खाना परोसते प्रधानाध्यापक।

**पोषणयुक्त खाना मिलने से विद्यालय के छात्रों में खुशी**

रसोईयां के खाना बनाने के दौरान पहले हमलोग निरीक्षण करते हैं। खाना बनाने के बाद जब बच्चों को भोजन खिलाने के लिये जाने लगते हैं तो हमलोग भी खाना खाते हैं। उन्होने कहा कि खाना खाने के पीछे एक ही उद्वेष्य है कि बच्चों को जो खाना दिया जा रहा है वह सही है कि नही। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एक दूसरे विद्यालय से शिकायत आई थी कि एमडीएम में कीड़ा मिल गया। उन्होने कहा कि हमलोग पूरी तरह से सतर्क रहते हैं कि बच्चों को जो खाना मिले वह सही होनी चाहिएं। इधर विद्यालय के कई बच्चों ने कहा कि मेरे विद्यालय मे ताजा और बढ़िया खाना मीनू के अनुसार दिया जाता है। बच्चों ने विद्यालय के द्वारा वितरण की जानेवाली एमडीएम को काफी गुणबत्तापूर्ण बताया।

# पंचायत समिति सदस्यों ने डीएम से की शिकायत

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पंचायत समिति सदस्यों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर बीडीओ पर त्रिस्तरीय पंचायत राज के नियमों को ताक पर रखकर मनमानी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पंचायत समिति की बैठक नियमानुसार नहीं बुलाई जाती। बीते 50 महीने में सिर्फ 5 बैठकें हुई हैं। वर्तमान बीडीओ सतीश कुमार के पदभार संभालने के बाद से अब तक सिर्फ एक बैठक हुई है। समिति के सदस्यों से योजना नहीं ली जाती है। सबसे गंभीर आरोप नाजिर पद को लेकर है। पत्र के मुताबिक प्रखंड में नाजिर का पद रिक्तहै, लेकिन बीडीओ के इशारे पर ग्राम कचहरी दिघौन के सचिव अमित कुमार से नाजिर का काम कराया जा रहा है। आरोप है कि पंचम वित्त आयोग की राशि और खर्च की जानकारी भी आज तक किसी सदस्य को नहीं दी गई। इस संबंध में बीडीओ की प्रतिक्रिया सामने नही आई है।

# साहिबगंज का हत्या का आरोपी जमालपुर स्टेशन से गिरफ्तार

## इंस्पेक्टर सुजीत यादव के नेतृत्व में गिरफ्तार हुआ आरोपी

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन पर गश्ती के दौरान आरपीएफ की टीम ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है। पूछताछ में युवक के कथित रूप से साहिबगंज जिले में दर्ज एक हत्या कांड का आरोपी होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी जांच करने को लेकर साहिबगंज पुलिस को इसकी सूचना दी गई है।वहीं युवक के साथ मौजूद दो अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया की हिरासत में लिया गया युवक सुशांत कुमार है जो साहिबगंज जिले के नवोदय विद्यालय का दसवीं कक्षा का छात्र बताया जा रहा है। बताया जाता है कि वह साहिबगंज थाना क्षेत्र में दर्ज एक हत्या मामले में कथित रूप से फरार चल रहा था। संबंधित मामले में उसकी तस्वीर विभिन्न रेल और सिविल थानों को पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए भेजी गई थी। इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस टीम स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या-1 पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान तीन युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई दिए। जिसमें एक को पकड़ लिया गया बाकी भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। किधर गिरफ्तार हुए हत्या के आरोपी सुशांत कुमार को साहिबगंज की पुलिस जमालपुर पहुंचकर अपने साथ ले गई।



हत्या के आरोपी को साहिबगंज पुलिस को सौंपते आरपीएफ।

## फतुहा हत्याकांड : पीड़ित परिवार से मिले मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन

### निष्पक्ष जांच व त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को दिए कड़े निर्देशय 412 लाख रुपए का चेक व नौकरी का भरोसा

**फतुहा** ।थाना क्षेत्र के नया टोला दरियापुर में हुए नवीन पासवान हत्याकांड को लेकर शुक्रवार को बिहार सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मंत्री ने मृतक के पिता श्रवण पासवान और परिजनों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और सरकार की तरफ से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने मंत्री के सामने अपनी बातें और कुछ चिंताएं भी रखीं। मुलाकात के दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को लेकर अपनी बातें मंत्री के समक्ष उठाईं। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर थानों में आम लोगों की शिकायतों और आवेदनों पर और अधिक संवेदनशीलता से सुनवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही परिजनों ने मांग की कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की जाए, ताकि अपराधियों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके। परिजनों की चिंताओं को सुनने के बाद मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने मौके पर मौजूद फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ इस पूरे मामले पर गंभीर वार्तालाप किया और स्थिति की समीक्षा की। मंत्री ने कानून-व्यवस्था की मजबूती पर जोर देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराधी चाहे जो भी हो, उसे कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। बिहार में कानून का राज सर्वोपरि है और इस पूरी घटना के पीछे जो भी साजिशकर्ता हैं, उन्हें चिन्हित कर अविलंब सलाखों के पीछे भेजा जाए। मंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों में आने वाले हर एक आवेदन पर त्वरित और पारदर्शी तरीके से संज्ञान लिया जाए, ताकि जनता का भरोसा और मजबूत हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई को लेकर पूरी तरह गंभीर है और धरातल पर कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री ने मौके पर ही बिहार सरकार की ओर से घ4,12,000 (चार लाख बारह हजार रुपए) का चेक पीड़ित परिवार को सौंपा। उन्होंने बताया कि अगली किस्त के रूप में इतनी ही राशि (4,12,000 रुपए) जल्द ही विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने विभाग के माध्यम से परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने और पीड़ित परिवार को उचित सुरक्षा मुहैया कराने का पुख्ता आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, आनंद पासवान सहित जदयू व भाजपा के कई नेता और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। गौरतलब हो कि बुधवार की मध्य रात्रि फतुहा थाना क्षेत्र के फैक्ट्री मोड़ के पास, एक खाली प्लट पर नया टोला दरियापुर निवासी 28 वर्षीय नवीन कुमार की अपराधियों ने बेहद करीब से गले में गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटनास्थल पर मिले बर्तनों से अंदाजा लगाया गया कि वहां कुछ लोग खान-पान के लिए जुटे थे, जहां आपसी विवाद के बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया। इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे 106 को शव सड़क पर रखकर पूरी तरह जाम कर दिया था और भारी आगजनी की थी। उस समय भाजपा नेता राणा राजेंद्र पासवान और आनंद पासवान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुआवजे और त्वरित कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद सरकार और प्रशासन पूरी तरह रेस है।

## पटना शिक्षा महकमे को मिलेगा नया कप्तान, आज योगदान देंगे योगेश कुमार

### 4 जुलाई की अपराहन में जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यभार संभालेंगे लंबित मामलों के निष्पादन और प्रशासनिक व्यवस्था में तेजी की उम्मीद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के शिा महकमे को शनिवार से नया नेतृत्व मिलने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री योश कुमार 4 जुलाई 2026 की अपरा में पटना जिला शिा पदाधिकारी (डीईओ) के पद पर योदान दें। उनके पदभार हा करने की सूचना से शिा विभा में प्रशासनिक हलचल तेज हो ई है।बताया जा रहा है कि न, जिला शिा पदाधिकारी के कार्यभार संभालने के बाद विभा में लंबित प्रशासनिक मामलों, शिाकों से जुड़े विभिन्न प्रकराों, विद्यालयों की शैा.िक व्यवस्था, निरीा व्यवस्था तथा विभाीय कार्यो के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। विभाीय अधिकारियों ,वं कर्मियों के बीच भी न, नेतृत्व को लेकर चर्चा का माहौल है। शिक्षा जगत से जुड़े लोों का मानना है कि न, जिला शिा पदाधिकारी के योदान के बाद विद्यालयों में शैा.िक ुवत्ता, अनुशासन, नियमित निरीा तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा सकता है। साथ ही लंबित फाइलों के निस्तारा और प्रशासनिक कार्यों में ति आने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है।हालांकि, उनके योदान के बाद ही विभाीय प्राथमिकताओं और आामी कार्ययोजना की स्पष्ट तस्वीर सामने आ,ी। शिा विभा से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मियों की निाहें अब शनिवार अपरा होने वाले योदान पर टिकी हैं।

## दोषी अधिकारी हो या स्टेनो, जांच में सत्य पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**जमालपुर (मुंगेर)।** कारखाना के गेट पर पिछले दिनों रेलवे के कीमती लकड़ी बाहर निकल जाने के प्रकरण में अधिकारी के गाड़ी लकड़ी जप्त करने एवं चालक को जेल भेजे जाने के बाद अब अगली कार्रवाई अधिकारी और उनके स्टेनो के विरुद्ध करने की तैयारी आरपीएफ करेगी। बैगन घोटाला के बाद अब लकड़ी घोटाले मामले में पहले से सतर्क होकर कारखाना के आरपीएफ इंस्पेक्टर एके शर्मा पारदर्शी पूर्ण तरीके से जांच एवं कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर ने बताया है कि पहले फेस की करवाई लकड़ी गाड़ी को जब तक करते हुए चालक को जेल भेज दिया गया। लेकिन पूरे प्रकरण में पर्दे के पीछे अधिकारी है और उनके एक स्टेनो की भूमिका थी जो लकड़ी को बाहर ले जा रहे थे उसे पर जांच किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि चाहे अधिकारी हो या कर्मचारी जांच में जो सत्य पाया जाएगा उसपर निश्चित रूप से करवाई होगा। इंस्पेक्टर नहीं अभी बताया कि आरपीएफ का एक ही फंडा है निर्दोष को फसाना नहीं और दोषी को बख्शना नहीं।जानकारी होगी 29 जून को अधिकारी के गाड़ी से लकड़ी बाहर ले जाए जा रही थी इसी मामले में 30 जून को लकड़ी एवं गाड़ी जप्त किया गया था।



कारखाना का मुख्य द्वार।

## चोरी के सामान की खरीद-बिक्री के आरोप में हार्डवेयर दुकानदार गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)** । जमालपुर थाना पुलिस ने चोरी के सामान की खरीद-बिक्री के मामले में कार्रवाई करते हुए स्टेशन रोड स्थित सेंट्रल बैंक के नीचे संचालित एक हार्डवेयर दुकान के प्रोपराइटर कार्तिक चौरसिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर चोरी का सामान खरीदकर अपने दुकान के माध्यम से उसकी सप्लाई करने का आरोप है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान बड़ी दरियापुर वार्ड संख्या-12 निवासी कार्तिक चौरसिया पिता स्वर्गीय लखन मंडल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे उसकी हार्डवेयर दुकान से गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई दिलीप कुमार ने किया।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई थाना में दर्ज मामले के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों मारवाड़ी मोहल्ला निवासी व्यवसायी सोनू शर्मा ने अपने दौलतपुर स्थित गोदाम से चोरी होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर कार्तिक चौरसिया की संलिप्तता सामने आई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी पर चोरी का सामान खरीदकर उसे अपने प्रतिष्ठान के माध्यम से आगे बेचने का आरोप है। पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता।पुलिस का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और चोरी के सामान की अवैध खरीद-बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।



गिरफ्तार आरोपी को जेल ले जाती पुलिस।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से एक नशेरी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)** । पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ईस्ट कलोनी परिसर से एक नशे की हालत में हंगामा कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मवीर कुमार, पिता सुरेंद्र पासवान, निवासी गौरीपुर सफियाबाद के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को हिरासत में लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।इस संबंध में ईस्ट कलोनी थाना की पीटीसी बिंदु कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## 10 जुलाई को नगर परिषद की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** नगर परिषद जमालपुर द्वारा शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र के काली पहाड़ी के तराई में लगभग 2 लाख 88 हजार रुपये की लागत से तैयार किए गए ओपन जिम का निरीक्षण मुख्य पार्षद पार्वती देवी, सामाजिक नेत्री मधु देवी, कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम, वार्ड पार्षद आलोक कुमार, कैलाश सिंह, सोनू मंडल, प्रेम शंकर, सहायक अभियंता विवेक कुमार तथा कनीय अभियंता नीलू कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।बताया गया कि ओपन जिम का उद्घाटन 10 जुलाई को किए जाने की संभावित तिथि निर्धारित की गई है।इसके साथ ही नगर परिषद द्वारा प्रस्तावित काली पहाड़ी नहर निर्माण कार्य का शिलान्यास भी 10 जुलाई को किए जाने की संभावना है। इससे क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती देवी ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए लगातार योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। ओपन जिम से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिलेंगी। इधर काली पहाड़ी के तराई में ओपन जिम एवं नहर का निर्माण को लेकर शहर के प्रबुद्ध जनों ने मुख्य पार्षद के इस पहल की जमकर सहन किया है।



ओपन जिम एवं नहर का निरीक्षण करते मुख्य पार्षद सहित अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### कुरकुरे फैक्ट्री के ट्रक की चपेट में आने से बकरी की मौत मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा

**दनियावां।** प्रखंड के सिंगरियावां गांव में गुरुवार को कुरकुरे फैक्ट्री के मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से एक बकरी की मौत हो गई। मृत बकरी गांव निवासी रामू मोची की बताई जा रही है। घटना के बाद आक्रोशित रामू मोची ने बकरी का शव फैक्ट्री के मुख्य गेट पर रखकर मुआवजे की मांग की। हालांकि, पीड़ित का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने किसी प्रकार का मुआवजा देने से इनकार कर दिया, जिससे काफी देर तक गेट पर तनाव की स्थिति बनी रही। इस संबंध में पूर्व पैक्स अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार ने कहा कि फैक्ट्री में आने-जाने वाले भारी मालवाहक ट्रकों के कारण ग्रामीण सड़क पर लगातार दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि बड़े वाहनों की तेज आवाजाही से आम लोगों के साथ-साथ पशुओं की भी जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन से पीड़ित को उचित मुआवजा देने तथा भारी वाहनों की आवाजाही पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

### जुलाई को हर प्रारंभिक विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक सगोष्ठी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** गीष्मावकाश के बाद विद्यालयों में बच्चों की ाटती उपस्थिति और ड्रपआउट की समस्या पर अंकुश लाने के लि, शिाा विभा ने 4 जुलाई को सभी प्रारंभिक विद्यालयों में ष्ड्रपआउट, सरकारी योजनाँ ,वं विद्यालय की मौलिक सुविधाँ,ष विषय पर अभिभावक-शिाक सोंष्ठी आयोजित करने का निर्देश दिया है।विभाीय निर्देश के अनुसार सोंष्ठी का उद्देश्य विद्यालय से बाहर हु, बच्चों का पुनः नामांकन कराना, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना, ार पर पढ़ाई के अनुकूल माहौल बनाने के लि, अभिभावकों को जारूक करना तथा सरकार की विभिन्न छाहित योजनाओं और विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी देना है।विभा का मानना है कि ीष्मावकाश के बाद विद्यार्थियों का विद्यालय से भावनात्मक, सामाजिक और शैा.िक जुड़ाव फिर से मजबूत करना बड़ी चुनौती होती है। ेसे में विद्यालयों में स्वातपूा, सुराति, प्रेरााादायक और बाल-केंद्रित वातावरा तैयार कर बच्चों को उत्साहपूर्वक विद्यालय आने के लि, प्रेरित किया जा,ा।निर्देश में कहा या है कि शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में अभिभावकों की सक्रिय भाीदारी बेहद आवश्यक है। सोंष्ठी के आयोजन के बाद प्रत्येक विद्यालय को निर्धारित ूल फर्म के माध्यम से इसकी रिपोर्ट भी विभा को उपलब्ध करानी होी।

### आत्मचिंतन ही व्यक्तित्व का सच्चा दर्पण, चेहरा नहीं चरित्र बनाता है पहचान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** दुनिया का हर आईना चेहरा दिखाता है, लेकिन आत्मचिंतन वह दर्पा है जो चरि का वास्तविक प्रतिबिंब सामने लाता है।ष बाढ़ प्रखंड की मृदुभाषी शिािका अमृता कुमारी ने अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से आत्ममंथन के महत्व को रेखांकित करते हु, कहा कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि दूसरों को बदलने में नहीं, बल्कि स्वयं को बेहतर बनाने में निहित है।उन्होंने कहा कि मनुष्य का चेहरा समय के साथ बदल जाता है, लेकिन उसका चरि ही उसकी स्थायी पहचान बनता है। जो व्यक्ति प्रतिदिन अपने विचारों, व्यवहार और कर्मो का ईमानदारी से मूल्यांकन करता है, वही निरंतर ओ बढ़ता है। आत्मचिंतन व्यक्ति को अपनी कमियों से परिचित कराता है और उन्हें दूर करने की प्रेराा देता है।अमृता कुमारी ने कहा कि आत्ममंथन अहंकार को विनम्रता में, लतियों को अनुभव में और असफलताओं को सफलता की सीढ़ी में बदलने की शक्ति रखता है। जो व्यक्ति स्वयं से प्रश्न पूछने का साहस रखता है, वह आलोचनाओं से विचलित नहीं होता, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बना लेता है।उन्होंने लोों से आह्वान किया कि व्यस्त जीवन के बीच प्रतिदिन कुछ पल स्वयं के लि, अवश्य निकालें। अपने विचारों, व्यवहार और निर्ायों पर शांत मन से चिंतन करें, क्योंकि यही अभ्यास व्यक्ति को बेहतर इंसान, जिम्मेदार नारिक और सशक्त व्यक्तित्व बनाता है।उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन केवल ,क विचार नहीं, बल्कि जीवन जीने की ेसी सकारात्मक साधना है, जो मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाती है। चरि ही वह पूंजी है, जो सम्मान, विश्वास और सफलता का आधार बनती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय स्काउट-गाइड कार्यशाला में 103 प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता

#### तृतीय चरण, तृतीय सोपान, राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रशिक्षण पर विशेष फोकस

**सोनपुर (एन एसबी)** ईस्ट सेंट्रल रेलवे, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ सोनपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय स्काउट- गाइड कार्यशाला में स्काउट, गाइड, कब एवं रोवर के प्रतिभागी पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को स्काउटिंग के सिद्धांतों एवं व्यवहारिक कौशल से सशक्त बनाते हुए तृतीय चरण, तृतीय सोपान, राज्य पुरस्कार तथा राष्ट्रपति पुरस्कार जैसी प्रतिष्ठित उपलब्धियों के लिए तैयार करना है। विभिन्न इकाइयों से कार्यशाला में कुल 103 प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जिनमें 85 प्रशिक्षार्थी तथा 18 यूनिट लीडर शामिल हैं। प्रशिक्षण के अंतर्गत विभिन्न पुरस्कार वर्गो के लिए प्रतिभागियों को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। इनमें तृतीय चरण (कब) के 12, तृतीय सोपान (स्काउट) के 16, राज्य पुरस्कार (स्काउटध्गाइड) के 51 तथा राष्ट्रपति पुरस्कार के 6 प्रतिभागी सम्मिलित हैं। कार्यशाला के दौरान ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग की मूल भावना, गांठें एवं बंधन, प्राथमिक उपचार, पायनियरिंग, कैंप क्राफ्ट, मानचित्र अध्ययन, नेतृत्व विकास, सेवा कार्य, अनुशासन तथा पुरस्कार परीक्षाओं से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रत्येक सत्र प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करने पर केंद्रित है। यह कार्यशाला जिला आयुक्त (स्काउट) एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री दिलीप पासवान के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के सफल संचालन में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सुमीत कुमार सिंह, जिला सचिव श्री मनीष ठाकुर तथा वर्कशप कैंप चीफ श्री मनीष राज की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके साथ 18 यूनिट लीडर पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जिला संघ सोनपुर का यह प्रयास केवल पुरस्कार परीक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं राष्ट्रीय चरित्र का विकास करना भी है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को स्काउटिंग के आदर्श वाक्य ष्सदैव तैयारष को जीवन में अपनाते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।जिला संघ सोनपुर को विश्वास है कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी तथा भविष्य में उन्हें उत्ष्ट स्काउट, गाइड, रोवर एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

### पश्चिम बंगाल से दबोचे गये, कोंदी गोलीकांड के दो मुख्य आरोपी, फरारी का खेल खत्म

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** कोंदी बस स्टैंड ोलीकांड में फरार चल रहे दो प्रमुख आरोपियों को पुलिस ने पश्चिम बांल से रिफ्तार कर लिया है। रिफ्तार आरोपियों में पंचायत राज पूर्वी बेढ़ना के पूर्व मुखिया ललन यादव तथा उनके पु राकेश कुमार शामिल हैं। लंबे समय से पुलिस की रिफ्त से बाहर चल रहे दोनों आरोपियों की रिफ्तारी को इस चर्चित मामले में बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, ोलीकांड के बाद दोनों आरोपी लातार अपने ठिकाने बदलते हु, रिफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहे थे। तकनीकी निरानी, खुफिया सूचना और विशेष टीम की समन्वित कार्रवाई के आधार पर पश्चिम बांल में छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया या। ,सडीपीओ राष ने बताया कि ाटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे और बिहार छोड़कर पश्चिम बांल में छिपे हु, थे। पुलिस लातार उनके मूवमेंट पर नजर रख रही थी। विश्वसनीय सूचना मिलने पर ठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हु, दोनों को रिफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि रिफ्तारी के बाद दोनों से हन पूछताछ की जा रही है। जांच का फोकस ोलीकांड की साजिश, इसमें शामिल अन्य लोों की भूमिका, फरारी के दौरान मिली कथित शरा, आर्थिक सहयो तथा पूरे नेटवर्क की पहचान पर है। पूछताछ के आधार पर मामले में अन्य आरोपियों की रिफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है। कोंदी बस स्टैंड पर हुई ोलीबारी के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन या था। ाटना के बाद पुलिस पर शीा रिफ्तारी का दबाव था। अब दोनों प्रमुख आरोपियों के रिफ्त में आने के बाद जांच निर्ाायक चरा में पहुंचती दिख रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जा,ा तथा फरार अन्य आरोपियों की तलाश में लातार छापेमारी जारी है। शिाक सां पदाधिकारी होने की चर्चा रिफ्तार आरोपी राकेश कुमार के बारे में स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि वे बिहार राज्य प्राथमिक शिाक सां, बाढ़ प्रखंड इकाई के अध्या भी हैं। उनकी रिफ्तारी के बाद शिाक संठनों और स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी मामले को लेकर चर्चा तेज हो ई है। नियुक्ति को लेकर भी चर्चा स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि पूर्व मुखिया ललन यादव के कार्यकाल में राकेश कुमार की शिाा मिर्धशाक के रूप में नियुक्ति हुई थी।विद्यालय में उपस्थिति को लेकर भी उठ रहे सवालस्थानीय लोों के बीच यह भी चर्चा है कि राकेश कुमार बाढ़ प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पुरायबा में विशिष्ट शिाक के पद पर पदस्थापित हैं। कुछ लोों ारा आरोप ला, जा रहे हैं कि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते थे और अनलाइन उपस्थिति दर्ज कराते थे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतं रूप से पुष्टि नहीं हुई है तथा इस संबंध में शिाा विभा या संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि अथवा कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। इसलि, इन आरोपों को फिलहाल केवल आरोप के रूप में ही देखा जाना चाहि,। मुख्य अभियुक्त राकेश कुमार, पूर्व मुखिया ललन यादव, बासोबाी, बाढ़।

### 15 अगस्त से रेफरल खेल पर सख्त पहरा

#### जिला व अनुमंडलीय अस्पतालों से अनावश्यक रेफरल पर रोक, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का बड़ा आदेश

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में लंबे समय से चल रहे अनावश्यक रेफरल के खेल पर अब सरकार ने कड़ा प्रहार करने का फैसला किया है। उपमुख्यमी ,वं वित्त मी सम्राट चौधरी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि 15 अस्त 2026 से जिला अस्पतालों और अनुमंडलीय अस्पतालों से मरीजों को बिना ठोस चिकित्सीय कारा के बड़े अस्पतालों में रेफर करने की प्रवृत्ति पर पूरी तरह रोक लाई जा,ी। सरकार का उद्देश्य है कि मरीजों को उनके जिले और अनुमंडल स्तर पर ही बेहतर ,वं ुवत्तापूा इलाज उपलब्ध कराया जा, ।सरकार के इस फैसले के साथ स्वास्थ्य विभा में जवाबदेही भी बढ़ा दी ई है। अब प्रत्येक जिले के विधायक अपने ो के सरकारी अस्पतालों का हर महीने कम-से-कम दो बार निरीा करें। निरीा के दौरान चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधा,, मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सेवा तथा रेफरल की स्थिति की हन समीाा की जा,ी। निरीा रिपोर्ट सीधे सरकार तक पहुंची, जिससे लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई संभव हो सकी।मुख्यमी ने स्पष्ट किया कि कई मामलों में ेसी शिकायतें मिल रही थीं कि जिन मरीजों का उपचार जिला या अनुमंडलीय अस्पतालों में आसानी से हो सकता था, उन्हें भी बड़े अस्पतालों के लि, रेफर कर दिया जाता था। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जबकि बड़े अस्पतालों पर भी अनावश्यक दबाव बढ़ता था। अब ेसी व्यवस्था को समाप्त करने के लि, सख्त निरानी तं लाू किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि यदि जिला ,वं अनुमंडलीय अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयो किया जा, तो बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार स्थानीय स्तर पर ही संभव है। इसी उद्देश्य से अस्पतालों में चिकित्सकों की जवाबदेही तय करने, आवश्यक दवाओं ,वं उपकराों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विशेषज्ञ सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में भी तेजी से काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभा के अधिकारियों को निर्देश दिया या है कि अस्पतालों में रेफरल से संबंधित प्रत्येक मामले का रिकर्ड रखा जा,। यदि किसी अस्पताल से अनावश्यक रूप से मरीजों को रेफर कि, जाने की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित चिकित्सक ,वं जिम्मेदार अधिकारियों के विरु) विभाीय कार्रवाई की जा,ी। सरकार के इस फैसले को बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में ,क महत्वपूा कदम माना जा रहा है। ि

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात युवक की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संकट मोचन नगर मोहल्ले के समीप रेलवे लाइन के किनारे ट्रेन से गिरकर अज्ञात 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### स्कॉर्पियो ने बाइक सवार तीन दोस्तों को मारी टक्कर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर स्कॉर्पियो ने बाइक सवार तीन दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन उन्हें सदर अस्पताल ले गए। जानकारी के अनुसार जख्मियों में तीयर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी अजय पासवान का 24 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार, गोपाल पासवान का 18 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव निवासी रामेश्वर पासवान का 22 वर्षीय पुत्र मंजीत कुमार शामिल है। जख्मियों के परिजन ने बताया कि सुजीत कुमार के रिश्तेदार सदर अस्पताल में ही भर्ती हैं जिन्हें देखने के लिए वह अपने दोस्त मंजीत कुमार एवं धीरज कुमार के साथ बाइक से आरा आ रहा था। उसी दौरान कारीसाथ गांव के समीप पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### एनएसएस का पौधारोपण अभियान



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाराजा बहादुर राम रणवीर विजय प्रसाद महाविद्यालय आरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साप्ताहिक वन महोत्सव के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कनक लता, डॉ. अंकिता ओझा, डॉ. रविकांत एवं कैंपस एंबेसेडर नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने पौधारोपण कर किया। मौके पर डॉ. कनक लता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का दायित्व निभाना चाहिए। मौके पर रूपाली कुमारी, साक्षी कुमारी, सान्या परवीन, दीपिका कुमारी, बिट्टू कुमार, सुमंत कुमार, सुधांशु कुमार, बादल कुमार, अमन कुमार, सिमरन कुमारी, अमरीश कुमार सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाने की पुलिस ने गुरुवार को बम्हवार गांव के बदमाश को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके घर से देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार बदमाश पीरो थाना क्षेत्र के बम्हवार गांव निवासी पंकज कुमार ठाकुर है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने बताया कि पीरो पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बम्हवार गांव निवासी पंकज कुमार ठाकुर अपने घर में अवैध हथियार छिपा कर रखा हुआ है और गांव के लोगों को गोली मारने की धमकी दे रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पीरो पुलिस बम्हवार गांव पहुंची एवं उसके घर की घेराबंदी कर छापेमारी की। तभी एक युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके कमरे में तकिया के नीचे से देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया।

### दो माह से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा आधुनिक मुक्तिधाम



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार आरा नगर निगम क्षेत्र में विद्युत एवं लकड़ी आधारित आधुनिक मुक्तिधाम का पिछले लगभग दो माह से सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इस अवधि में 150 से अधिक अंतिम संस्कार गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराए जा चुके हैं, जो इस जनोपयोगी सुविधा के प्रभावी संचालन का परिचायक है। आधुनिक मुक्तिधाम के संचालन से अंतिम संस्कार की व्यवस्था अधिक सम्मानजनक, सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक हुई है। यहां अंतिम संस्कार के दौरान दिवंगत के परिजनों एवं आगंतुकों की गरिमा तथा आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। आधुनिक व्यवस्था के कारण अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक सुगम, समयबद्ध एवं सहज हुई है, जिससे कठिन समय में परिजनों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। साथ ही, यह व्यवस्था पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप अंतिम संस्कार की सुविधा भी सुनिश्चित करती है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुक्तिधाम का नियमित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को निरंतर बेहतर एवं गरिमापूर्ण सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होती रहे।

# पंखे से लटक युवती ने की खुदकुशी

## मां की मौत और भाई के एक्सीडेंट से थी तनाव में

### घटना का कारण स्पष्ट नहीं, मामले की जांच में जुटी पुलिस

### पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव के अफीमी कोठी में गुरुवार की देर शाम पंखे से लटक कर युवती ने खुदकुशी कर ली। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृत युवती टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव अफीमी कोठी निवासी कमल सिंह की 18 वर्षीया पुत्री अमृता कुमारी है। युवती के पिता कमला सिंह ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसकी मां आरती देवी की लीवर कैंसर से मौत हो गई थी और कुछ दिन पूर्व उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया था, जिसको लेकर वह मानसिक तनाव में रहती थी। गुरुवार की देर शाम वह अपने कमरे में गई और दरवाजा बंद कर पंखे में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब वह पूजा कर घर वापस लौटे, तो उन्होंने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया, पर उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उनके द्वारा कमरे का दरवाजा तोड़ गया, तो उन्होंने देखा कि वह पंखे से लटकी हुई है। इसके बाद परिजन ने उसके शव को नीचे उतारा। परिवार में तीन भाई अनुज सिंह, अनूप सिंह, कुलदीप सिंह एवं एक बहन सुलेखा है। घटना के बाद मृत युवती के घर में कोहराम मच गया। उसके परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### प्रेम-प्रसंग में युवक ने खाया कीटनाशक, हालत गंभीर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला में शुक्रवार की दोपहर प्रेम-प्रसंग में एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।युवक टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय सरोज कुमार है। परिजन ने बताया कि उसका किसी लड़की से कुछ दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। दोनों फोन पर भी बातचीत करते हैं। फोन पर उनके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद गुस्से में आकर उक्त युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## संगीत शिक्षक अजीत पांडेय को आर्ट एजुकेटर अवार्ड



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पटना म्युजियम में आयोजित विश्व संगीत दिवस उत्सव एवं आर्ट एजुकेटर सम्मान समारोह में भोजपुर के संगीत शिक्षक अजीत पांडेय को आर्ट एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। परफर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एजुकेटर अफ बिहार की ओर से आयोजित इस समारोह में शिक्षा विभाग में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने पुरस्कार प्रदान किया। पांडेय पीरो प्रखंड अंतर्गत खननी कलां स्थित राम बरत सिंह प्लस 2 विद्यालय में शिक्षक हैं।

## साइबर पुलिस ने 17 लाख रुपए कराए वापस

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर की साइबर पुलिस ने जून-2026 के दौरान प्राप्त विभिन्न साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों पर दर्ज अलग-अलग सनहा के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की। इस दौरान साइबर ठगी के पीड़ितों के कुल 17 लाख वापस कराए गए। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रेस नोट जारी कर दी गई। साइबर थाना सनहा संख्या-52/26 में 70,013 रुपए, साइबर थाना सनहा संख्या-202/26 में 26,000 रुपये, साइबर थाना सनहा संख्या-295/26 में, 2,41,000 रुपये, साइबर थाना सनहा संख्या-438/26 में 11,00,000 रुपये, साइबर थाना सनहा संख्या-481/26 में 7,800 रुपये, साइबर थाना सनहा संख्या-496/26 में 1,70,000 रुपये है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 डायल करें।

# डीएम के जनता दरबार में 88 आवेदकों की सुनवाई



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने ईज अफ लिविंग के अंतर्गत 'जिला जनता दरबार' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 88 आवेदकों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएँ प्रस्तुत की गईं, जिनकी जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी संबंधित पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

## छह अपीलिए मामले निस्पादित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी भोजपुर के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 15 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं गृह विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 06 मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।



## सड़क हादसे में तीन बाइक सवार समेत चार जख्मी

**आरा/शाहपुर/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में घटित सड़क हादसों में तीन बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इनमें एक को चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। पहली घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप की है जहां शुक्रवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी पीरो थाना क्षेत्र के पटरिया गांव निवासी इंदल कुमार का 25 वर्ष से पुत्र जितेश कुमार है। वह शाहपुर थाना क्षेत्र के बरीसवन गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। वापस लौटने के दौरान शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन उसके बाइक में टक्कर मार दी। दूसरी घटना कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ बाजार की है जहां शुक्रवार की सुबह दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो दोस्त समेत तीन लोग जख्मी हो गए। परिजन तीनों को आरा सदर अस्पताल ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक को चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक बाइक पर सवार कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के नरगदा गांव निवासी शंकर चौधरी का 20 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार, प्रीतम यादव का 20 वर्षीय पुत्र ऋषिकेश कुमार एवं दूसरी बाइक पर सवार उसी गांव के निवासी बर्मा गिरी का 24 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार शामिल है। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार रौशन कुमार व ऋषिकेश कुमार गांव से बलुआ बाजार जा रहे थे जबकि दूसरी पर बाइक सवार श्रवण कुमार बाजार से गांव आ रहा था।

# राहगीरों से मारपीट और रंगदारी वसूलने में होमगार्ड सहित तीन गिरफ्तार, स्कॉर्पियो जब्त

### पुलिस अधीक्षक ने बयान जारी कर दी जानकारी, सभी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर में होमगार्ड के जवान ने अपने साथियों के साथ मिलकर राहगीरों से मारपीट और रंगदारी वसूली। नशे में धुत स्कॉर्पियो सवार होमगार्ड के जवान और उसके साथियों ने पीपा पुल पर जमकर उत्पात मचाया।

घटना गुरुवार की रात की सिन्हा थाना क्षेत्र में गंगा नदी के पीपा पुल की है। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिन्हा थाने की पुलिस के जवान होमगार्ड सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी रोहित कुमार, नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मिल्की निवासी सोनू कुमार और अनाइठ एकता नगर निवासी अभिषेक कुमार सिंह शामिल हैं। इनमें रोहित कुमार होमगार्ड का जवान है और वह आरा ट्रैफिक थाने में पोस्टेड था। हालांकि इस मामले के दो अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहे। इस मामले में सभी के खिलाफ राहगीरों से मारपीट और रंगदारी वसूलने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस अधीक्षक राज की ओर से प्रेस बयान जारी कर गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को मेले को लेकर काफी संख्या में लोग सिन्हा थाना क्षेत्र में गंगा किनारे और पीपा पुल की ओर गये थे। कृष्णगढ थाना क्षेत्र के उदभयानपुर गांव के कुछ लड़के भी पीपा पुल पर घूमने गये थे। शाम में होमगार्ड का जवान रोहित कुमार अपने साथियों के साथ यूपी से स्कॉर्पियो से आरा लौट रहा था। सभी नशे में धूत थे। पीपा पुल पर स्कॉर्पियो सवार होमगार्ड के जवान और उसके साथी उत्पात मचाने लगे। राहगीरों के साथ गाली-गलौज की जाने लगी। उसी क्रम में उदयभानपुर गांव के लड़कों से होमगार्ड के जवान और उसके साथी उलझ गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजू कुमार के नेतृत्व में टीम पहुंची और एसपी के निर्देश पर होमगार्ड के जवान सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में उदयभानपुर गांव निवासी राज कुमार के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## रेड रन-2026 के जरिए युवाओं को एड्स के प्रति किया जागरूक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाराजा बहादुर राम रणवीर विजय प्रसाद महाविद्यालय में शुक्रवार को 'रेड रन-2026' दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाना तथा खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य ड. कनक लता, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ड अंकिता ओझा, प्रो रविकांत, प्रो चंचल, प्रो प्रज्ञा एवं कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धावकों के बीच कड़ा एवं रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए मेजबान महाराजा कलेज के प्रतिभागियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। विजेताओं को प्राचार्य ड. कनक लता ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजन की सफलता पर पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के तकोत्तर विभाग की अंकिता मिश्रा ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवक साक्षी कुमारी, रूपाली कुमारी, सान्या परवीन, दीपिका कुमारी, बिट्टू कुमार, सुमंत कुमार, सुधांशु कुमार, बादल कुमार, अमन कुमार, सिमरन कुमारी एवं अमरीश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।




# कानून से ऊपर कोई नहीं, दोषी अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे : चिराग

### केंद्रीय मंत्री बोले-भरत भूषण तिवारी ने आत्मसमर्पण किया था तो गिरफ्तारी होनी चाहिए थी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस द्वारा कथित एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिलौटी पहुंचे। परिजनों से मुलाकात के दौरान भरत की मां की आंखों से छलकते आंसुओं को देख वह भी भावुक हो गए। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और कानून के राज को हर हाल में कायम रखने की बात कही। चिराग पासवान ने कहा कि भरत तिवारी की मौत को लेकर प्रशासन के कुछ अधिकारियों पर जिस प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं, वह बेहद गंभीर है। यदि जांच में कोई भी अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भरत तिवारी ने आत्मसमर्पण किया था तो पुलिस को उसे गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करनी चाहिए थी। किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार जिस स्तर की जांच की मांग करेगा, उसे सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा ताकि न्याय मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस मामले को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से बातचीत हुई है और सरकार निष्पक्ष कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी पूरे घटनाक्रम पर चर्चा कर चुके हैं। एक बार फिर मुख्यमंत्री को मामले की विस्तृत जानकारी देंगे। जिन अधिकारियों पर गंभीर आरोप हैं, उन्हें पुरस्त करना उचित नहीं। इससे पहले चिराग पासवान ने भरत तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्र मंत्री संजय सिंह, लोजपा संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव हुलास पांडे, यामिनी रंजन मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, प्रोविजय सिंह मुख्यिा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



भरत तिवारी की मां से संवेदना जताते केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान।

# ऐतिहासिक रहा भाजपा का जमशेदपुर बंद : बंटी

### हिमांशु सिंह हत्याकांड और बिगड़ती विधि-व्यवस्था के विरोध में किया था बंद का आह्वान

**जमशेदपुर/झारखंड (दैनिक नवसंदेश)।** हिमांशु सिंह हत्याकांड एवं जमशेदपुर में लगातार बिगड़ती विधि-व्यवस्था के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, जमशेदपुर महानगर द्वारा आहूत जमशेदपुर बंद को शहरवासियों का व्यापक एवं अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ। बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सफल रहा।

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी सुबह से ही कार्यकर्ताओं के साथ शहर की सड़कों पर उतरे और विभिन्न बाजारों, प्रतिष्ठानों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में जाकर दुकानदारों से बंद का समर्थन करने एवं अपनी दुकानें बंद रखने का आग्रह किया। इस दौरान अधिकांश बाजार पहले से ही स्वेच्छा से बंद मिले तथा बड़ी संख्या में टेंपो एवं अन्य सार्वजनिक वाहन भी स्वतः बंद रहे। इससे स्पष्ट हुआ कि शहर की जनता हिमांशु सिंह हत्याकांड एवं बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर बेहद आक्रोशित है। कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि यह बंद केवल भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जमशेदपुर की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और न्याय की लड़ाई का जनआंदोलन बन गया। शहरवासियों, व्यापारियों, वाहन चालकों एवं सभी सामाजिक वर्गों ने जिस प्रकार स्वेच्छा से बंद को समर्थन दिया, वह यह संदेश देता है कि जनता अब अपराध और प्रशासनिक विफलता को किसी भी कीमत पर स्वीकार करने को तैयार नहीं है। बंटी ने कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण आम नागरिक भय के माहौल में जीवन जीने को विवश हैं। भाजपा जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी तथा हिमांशु सिंह के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोरतम कार्रवाई होने तक अपना आंदोलन जारी रखेगी। भाजपा जमशेदपुर महानगर की तरफ से कुलवंत सिंह बंटी ने सफल एवं ऐतिहासिक बंद को समर्थन देने वाले सभी नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, वाहन चालकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।



## भाकपा-माले नेता गहलावत के निधन पर जताया शोक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष 80 वर्षीय प्रेम सिंह गहलावत का आज राजस्थान में अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से लौटते समय झुंझनू स्टेशन पर ह्दयगति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर भाकपा-माले जिला कार्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। स्वदेश भट्टाचार्य, केन्द्रीय कमेटी सदस्य व जिला सचिव अभ्युदय, वरिष्ठ नेत्री मीरा, राज्य कमेटी सदस्य सुधीर कुमार, क्यामुद्दीन अंसारी, संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह, राजनाथ राम, सुशील पाल, चंदन कुमार, रौशन कुशवाहा, संतविलास राम, संदीप कुमार, देवानंद राम, भीम पासवान, छोटेलाल सिंह, योगेन्द्र यादव, सहित कई लोग इसमें शामिल थे। संचालन जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने किया।

# रेड रन-2026 के प्रतिभागियों को प्राचार्य ने किया सम्मानित



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एमएम महिला कॉलेज की छात्राओं ने रेड रन-2026 प्रतियोगिता में उत्कृट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य प्रो. नरेन्द्र प्रताप पालित ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को पुस्तक एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि रेड रन-2026 जैसी प्रतियोगिताएं केवल खेल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। गौरतलब है कि दो जुलाई को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह कलेज में रेड रन-2026 का आयोजन किया गया था। इसमें एमएम महिला कॉलेज की छात्राएं अनुपम प्रभा, अंजलि कुमारी, कनक कुमारी, प्रिया कुमारी, पूजा कुमारी और मनीषा कुमारी ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. स्मृति चौधरी एवं डॉ. सुधा निकेतन रंजनी के नेतृत्व में भाग लिया। प्रतियोगिता में अनुपम प्रभा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी नरसरिया, डॉ. शिखा तथा प्रेम शरण सिंह भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी शराब बरामद कारोबारी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मेहंदिया (एनएसबी)** कलेर पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरवर बीघा गांव से लगभग 30 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गिरवर बीघा निवासी लालू कुमार अपने घर के आसपास चोरी-छिपे शराब का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की, जिसमें मौके से करीब 30 लीटर देसी शराब बरामद की गई।पुलिस के अनुसार आरोपी सुनसान स्थान पर शराब छिपाकर बिक्री करता था। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी बाहर से शराब लाकर क्षेत्र में बेचने का काम करता था और यह धंधा पिछले कुछ समय से चल रहा था।पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### 1200 अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था छपरा जंक्शन से हुआ रवाना

**छपरा।** जय भोला भंडारी सेवा दल रजिव छपरा बिहार के तत्वधान में श्री अमरनाथ जी यात्रीयों का पहला जत्था 03 जुलाई शुक्रवार को छपरा जक्शन से अमरनाथ एक्सप्रेस से रवाना हुआ। जत्थे की रवानगी से पहले इस सेवा दल के द्वारा जक्शन पर विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। यात्रियों को चंदन तिलक लगा भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराया गया व ट्रेन को फुल माला, झंडे आदि से सजाकर त्तपश्चात् ट्रेन को हरी झंडी दिखा रवाना किया गया। ट्रेन में भी सभी यात्रियों को शाम का नास्ता, रात्रि का भोजन, पानी, आम, केला, बिस्किट नमकीन, मेवा, सतु, सेव-बुनिया आदि का वितरण पूरे यात्रा में किया जाएगा। इस जत्थे का नेतृत्व सेवा दल के वरिष्ठ सदस्य- जयंत गुप्ता, मुकेश कुमार, अमिष गुप्ता, रिशु, धंन्नु बाबु , बब्लू गुप्ता, राजु कुमार, शिवजी रस्तोगी आदि सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। मालूम हो की इस सेवा दल के द्वारा श्री अमरनाथ जी यात्रा मार्ग उधमपुर (जम्मू कश्मीर) में भी विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता हैं जो वर्ष 2019 से लगातार लगता आ रहा हैं। इस वर्ष छरू ठें विशाल भंडारे का आयोजन हो रहा है। इस भंडारे में अमरनाथ यात्रियों के लिए निशुल्क भोजन, पानी, चाय, नास्ता, जूस, स्नान घर, शौचालय, रात्रि विश्राम, प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार की व्यवस्था किया जाता हैं। आज के इस आयोजन में सेवा दल के सदस्य- अमित मेडिकल, मंटू बाबा, हेमंत कुमार, विकाश कुमार, अनिल कुमार, गोपाल कुमार, केदार प्रसाद, कन्हैया, राजेश रिबक, बास्कीनाथ, प्रकाश कुमार , राज कुमार, पृथ्वीराज, विक्की, आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### मढ़ौरा के मारुति नंदन एकेडमी, मिर्जापुर एवं मांझी के पाठशाला इंटरनेशनल स्कूल,बंगरा मांझी में प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर जारी

**छपरा।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सारण के पत्र के आलोक में जिले के मारुति नंदन एकेडमी, मिर्जापुर (मढ़ौरा) एवं पाठशाला इंटरनेशनल स्कूल, बंगरा मांझी में भारत स्काउट एवं गाइड का पाँच दिवसीय प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संचालित हो रहा है।प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व, क्षमता, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।दोनों विद्यालयों में छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मारुति नंदन एकेडमी में विद्यालय के प्राचार्य निखिल भारद्वाज एवं निदेशक श्री नित्यानंद द्विवेदी के नेतृत्व में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।वहीं पाठशाला इंटरनेशनल स्कूल,बंगरा मांझी में प्राचार्या अश्मिता सोनी पांडेय,तथा निदेशक प्रदीप कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन हो रहा है। प्रशिक्षण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में गाइड कैप्टेन नीलम शर्मा,शिक्षक लोकेश सिंह, प्रमजीत ठाकुर, कंचन सिंह एवं रिशू सिंह सहित विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को स्काउट एवं गाइड का इतिहास, उद्देश्य,प्रतिज्ञा एवं नियम,ध्वज शिष्टाचार,स्काउट-गाइड अभिवादन,टोली पद्धति,नेतृत्व विकास,गांठ एवं बंधन(नट्स),प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन,पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता एवं स्वास्थ्य,सामुदायिक सेवा, समय प्रबंधन, अनुशासन, टीम भावना, प्रार्थना, व्यायाम, खेल,शिविर जीवन तथा एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।साथ ही सेवा,सहयोग, साहस,आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का भी अभ्यास कराया जा रहा है।

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : नितिन

**अरवल (एनएसबी)।** भाजपा की परिचयात्मक सह संगठनात्मक बैठक सम्पन्न, बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अरवल में शुक्रवार को परिचयात्मक सह संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक का अरवल में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बैठक की शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को और अधिक सुढ़ एवं प्रभावी बनाने पर व्यापक चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार केवल सदस्य संख्या बढ़ाने से नहीं, बल्कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय, प्रशिक्षित एवं जनसेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने से होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा



बैठक में शामिल भाजपा नेता।

की विचारधारा, नीति, रीति और सिद्धांतों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें। उन्होंने कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों प्रशिक्षण वर्ग तथा बूथ सशक्तिकरण अभियान को पूरी गंभीरता से सफल बनाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने, जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा संगठन को और अधिक गतिशील बनाने पर विशेष बल दिया। अध्यक्षीय संबोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में अरवल जिला संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना होगा, ताकि भाजपा की विचारधारा जन-जन तक पहुंचे और संगठन बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बने। बैठक में आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। बैठक के उपरांत प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मेहंदिया स्थित बाबा मधेश्वर नाथ प्राचीन मंदिर मधुश्रवा आश्रम में भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने बाला जी वेंकटेश्वर मंदिर में दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। अपने अरवल प्रवास के दौरान प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने परशुरामपुर पहुंचकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुन्दर शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती में वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में जिला महामंत्री संजीव कुमार, संगीता कुशवाहा, जितेश सिंह, जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय, विधानसभा प्रभारी राहुल वत्स, जिला उपाध्यक्ष गिरेन्द्र कुमार, सत्येंद्र विश्वकर्मा, सुनीता सिन्हा, संजीत सिंह, रामाशीष दास, मुन्नी चन्द्रवंशी, जिला मंत्री मीरा सिंह, प्रिया कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष कुन्दन पाठक, कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, संजय गुप्ता, युवा मोर्चा चुन्नू नंदन, किसान मोर्चा अखिलेश सम्राट, ओबीसी मोर्चा मनोज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रभु पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा सज्जाद आलम, नगर अध्यक्ष चन्दन खत्री, मंडल अध्यक्ष भरत यादव, जितेंद्र कुशवाहा, मुकेश भगत, रिंकू विश्वकर्मा, सुधीर शर्मा, मनोज कुमार, बृजेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्रा, प्रिंस सिंह बबुआन, विक्की दूबे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवदेनी साह कॉलेज रोड में जलजमाव लोग हो रहे परेशान

**मेहंदिया (एनएसबी)**कलेर बाजार स्थित शिवदेनी साह कलेज रोड एवं प्रखंड कार्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग पर वर्षो से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। लगातार सड़क पर पानी जमा रहने के कारण स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैदल यात्रियों के साथ-साथ साइकिल, बाइक एवं अन्य छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे बने नाले की नियमित सफाई नहीं होने तथा पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैल जाता है। इसके अलावा बरसात का पानी भी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे जलजमाव की स्थिति और गंभीर हो जाती है। लगातार पानी जमा रहने के कारण सड़क कई स्थानों पर धंस गई है तथा बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या विगत कई वर्षो से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। कई बार संबंधित विभाग एवं प्रशासन का ध्यान इस ओर आष्ट कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ।यह मार्ग कलेर का महत्वपूर्ण संपर्क पथ है। इसी रास्ते से कलेर के अलावा पुराकोठी, जलवइया, बेलाव सहित दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय, शिवदेनी साह कलेज, बाजार एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में आने-जाने के लिए आवागमन करते हैं।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि नाले की नियमित सफाई कर पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा वर्षो से जलजमाव के कारण क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़क की मरम्मत कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रहीकठिनाइयों से राहत मिल सके।


सड़क पर जल जमाव।

## कलेर के मो शफकत आजम बने फार्मेसी अफिसर पीएमसीएच में मिली पहली नियुक्ति

**मेहंदिया (एनएसबी)** जिले के कलेर प्रखंड के लिए गर्व की बात है कि कलेर निवासी मोहम्मद शफकघ्त आजम, दुलारे का चयन बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग में बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा आयोजित फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा के माध्यम से फार्मेसी अफिसर के पद पर हुआ है। हाल ही में जारी पदस्थापन सूची के अनुसार उनकी पहली नियुक्ति पटना मेडिकल कलेज एवं अस्पताल की गई है।इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 2473 पदों के लिए नियुक्ति की गई थी। प्रथम चरण में जारी मेरिट सूची में 872 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, जिसमें मोहम्मद शफकघ्त आजम ने 548वीं रैंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। मोहम्मद शफकघ्त आजम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एस् रजा हाई स्कूल, अनीसाबाद (पटना) से प्राप्त की। इंटरमीडिएट की पढ़ाई एएन. कलेज, पटना से पूरी करने के बाद उन्होंने बिहार कलेज अफ फार्मेसी, पटना से फार्मेसी की डिग्री हासिल की। वर्षो की मेहनत और निरंतर तैयारी के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की। शफकघ्त आजम के पिता स्वर्गीय मोहम्मद नौशाद अहमद खान बिहार के प्रधान महालेखाकार कार्यालय में सीनियर अडिटर के पद पर कार्यरत रहे। वे अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक व्यवहार के लिए क्षेत्र में सम्मानित थे।उनके बड़े भाई मोहम्मद इंटेखाब आजम सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। वहीं उनके नाना हाजी अब्दुल कैश मुखिया क्षेत्र के सम्मानित एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी रहे हैं। उनके मामा हाजी हाशिम, कघसिम खान, काजिम खान एवं हाजी इनाम भी क्षेत्र के प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े हैं। मोहम्मद शफकघ्त आजम की इस उपलब्धि पर कलेर, अरवल एवं आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे पीएमसीएच पटना में फार्मेसी अफिसर के रूप में अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।


सफकत आजम।

## मनाया जाएगा स्व रामबिलास पासवान की जयंती : सतेंद्र

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** आगामी 05 जुलाई 2026 को भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण से सम्मानित श्रद्धेय स्वर्गीय रामविलास पासवान के जयंती श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि आगामी 05 जुलाई को लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक , भारत सरकार पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण से सम्मानित श्रद्धेय स्वर्गीय रामविलास पासवान के 80 वीं जयंती लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा । जयंती समारोह में अरवल जिला से संबंधित प्रदेश पदाधिकारीगण , जिला संगठन प्रभारी , जिला सह संगठन प्रभारी , सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष , सभी प्रखंड अध्यक्ष , सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सभी सम्मानित कार्यकर्तागण सादर आमंत्रित है। आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। आप सभी जयंती समारोह में शामिल होकर जयंती समारोह को सफल बनायें।


रामविलास पासवान (फाइल फोटो)।

## दो दर्जन से अधिक लोगों ने डीएम के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**अरवल (एनएबी)**प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 28 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समस्याएँ मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, मापी, राशन कार्ड, षि, दाखिल खारिज, पर्यावरण, मनरेगा, पंचायत शाखा, महिला हेल्प लाईन, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, राजस्व शाखा, विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। जिला पदाधिकारी अरवल, श्रीमती अमृषा बैस द्वारा कार्यालय सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम तुर्क तेलपा निवासी वीर दास द्वारा बताया गया कि बिना बंटबारे एवं मेरी सहमति के पैतृक भूमि बेचने एवं जान से मारने की धमकी तथा दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करवाने की पा की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी सोनभद्र वंशी सूर्यपुर को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। परासी थाना स्थित ग्राम बभन बिगहा निवासी नाथुन सिंह द्वारा बताया गया कि बिजली बील के शुद के कारण मुझे बिजली कनेक्शन काट दिया गया है, कनेक्शन जोड़वाने की पा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम गोपी बिगहा निवासी बिरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि मेरा राशन कार्ड से नाम काट दिया गया है, नाम जोड़वाने की पा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरवल को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।


लोगों की समस्याओं को सुनते डीएम।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा-माले का कुर्था प्रखंड मुख्यालय पर धरना

**कुर्था(एनएसबी)।** भाकपा-माले की कुर्था प्रखंड कमिटी के बैनर तले शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में 10 सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता प्रखंड कमिटी सदस्य गणेश यादव ने की। कार्यक्रम के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। धरना सभा को संबोधित करते हुए अवधेश यादव ने कहा कि जिन गरीबों के नाम राशन कार्ड से काट दिए गए हैं, उन्हें तत्काल पुनः जोड़कर राशन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विकलांग, वृद्ध एवं विधवा पेंशनधारियों के लंबित भुगतान को जल्द जारी करने की मांग की। साथ ही चितरी बिगहा के 14 महादलित भूमिहीन परिवारों को दिए गए वासगीत पर्चे की जमीन पर शीघ्र दखल-कब्जा दिलाने तथा सभी भूमिहीन गरीबों को पांच डिसमिल जमीन देने की मांग उठाई। उन्होंने मनरेगा मजदूरों को 200 दिन रोजगार और एक हजार रुपये दैनिक मजदूरी देने की भी मांग की। इसके अलावा गरीबों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई और सरकार की नीतियों का विरोध करने वालों के कथित एनकाउंटर पर रोक लगाने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता राजेश्वरी यादव ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मब लिंचिंग, बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर जैसी घटनाएं बढ़ी हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना को कमजोर किया जा रहा है। प्रखंड सचिव महेश यादव ने राज्य की जदयू-भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी बुलडोजर और एनकाउंटर की राजनीति का विरोध करती है तथा गरीबों के अधिकारों की लड़ाई भाकपा-माले ही लड़ रही है। धरना सभा को नीतीश कुमार, प्रभात रजक, विशु यादव, ब्रिज बिहारी यादव, बालसुंदर मिस्त्री, सुरेश चौधरी, डालती देवी, पुनिया देवी और कुंती देवी सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।


धारना को संबोधित करते माले नेता।

## संक्षिप्त खबरें

### टीवी मुक्त भारत अभियान की सफलता को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अरवल (एनएसबी)**टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता हेतु जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित टीबी (क्षय रोग) मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में जिला पदाधिकारी अमृषा बैस की अध्यक्षता में वीडियो कन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी योजना है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रतिदिन कम से कम 20 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए तथा भारत सरकार के निक्षय पोर्टल पर सभी स्क्रीनिंग का शत-प्रतिशत अनलाइन अंकन किया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की सभी पाँच टीमें अपने अपने निर्धारित क्षेत्रों के विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में नियमित रूप से टीबी स्क्रीनिंग अभियान संचालित करें। प्रत्येक टीम को प्रतिदिन 200 स्क्रीनिंग का लक्ष्य दिया गया है ताकि जिले में अभियान के निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जा सके। बैठक में बताया गया कि दिनांक 02 जुलाई 2026 को जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कुल 638 टीबी स्क्रीनिंग की गई, जबकि की टीमों द्वारा 854 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्क्रीनिंग से संबंधित सभी आंकड़ों को समय पर निक्षय पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से अपील की कि वे टीबी रोग की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार एवं जन-जागरूकता के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय योगदान दें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय क्षय पर्यवेक्षक, पीपीएसए प्रतिनिधि, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं जीएनएम उपस्थित रहे।


बैठक करते डीएम।

### अनुमंडलीय अस्पताल में सिविल सर्जन का औचक धावा व्यवस्थाओं की खुली परतें

**हर वार्ड का लिया जायजा, लापरवाही पर सख्त चेतावनी बोले मरीजों की सुरक्षा से समझौता नहीं, सीएनजी से चलने वाली एम्बुलेंस नहीं चलेगी**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जिला सिविल सर्जन ने शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीा कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीा के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो, ओपीडी, इमरजेंसी, दवा वितरा केंद्र, प्रसव का, साफ-सफाई, चिकित्सकीय उपकराों और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। कई बिंदुओं पर सुधार के निर्देश देते हु, उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी अस्पतालों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा,ी।निरीा के दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल प्रशासन को साफ निर्देश दिया कि मरीजों को समय पर ,ुवत्तापूा उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों ,वं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दि, ,।निरीा के दौरान ,बुलेंस संचालन को लेकर भी सिविल सर्जन ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सी,नजी से चलने वाली ,बुलेंस का संचालन स्वीकार्य नहीं होा। मरीजों की सुराा और आपातकालीन सेवा की विश्वसनीयता को सर्वोपरि बताते हु, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मानकों के अनुरूप ,बुलेंस संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों से व्यवहार, रिकर्ड संधारा और स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीाा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज और सम्मानजनक व्यवहार मिलना चाहि,। इसमें किसी प्रकार की कोताही सामने आने पर संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय की जा,ी।निरीा के दौरान अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक भी हुई, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी ,वं पारदर्शी बनाने पर चर्चा की ई। सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि निरीा में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा, और नियमित मनिटरिं सुनिश्चित की जा,।अस्पताल में अचानक हु, इस निरीा से पूरे स्वास्थ्य महकमे में दिनभर हलचल बनी रही। अधिकारी आवश्यक अभिलेखों और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे रहे। स्वास्थ्य विभा का कहना है कि भविष्य में भी ,से औचक निरीा जारी रहें ताकि सरकारी अस्पतालों की कार्यप्राली अधिक जवाबदेह और मरीज-केंद्रित बन सके।

### शिक्षा विभाग का अवर सचिव रगें हाथ गिरफ्तार

**20 हजार रिश्वत लेते विजिलेंस के हत्थे चढ़े अमोद मिश्रा, वेतन सत्यापन कोषांग में कार्रवाई से सचिवालय में मचा हड़कंप**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच निरानी अन्वेषा ब्यूरो (विजिलेंस) ने शुक्रवार को राजधानी पटना में शिक्षा विभाग के ,क अधिकारी को कथित रूप से रिश्वत लेते हु, रगे हाथ रिफ्तार कर लिया। वेतन सत्यापन कोषां में तैनात अवर सचिव अमोद मिश्रा को ,रियर भुतान की फाइल ओ बढ़ाने के ,वज में घ्20 हजार की रिश्वत लेते समय दबोचा या। इस कार्रवाई के बाद शिाा विभा और सचिवालय के लियारों में दिनभर हड़कंप मचा रहा।सूों के अनुसार, नालंदा जिले के बिहारशरीफ (नई सराय) निवासी उमा शंकर उमरेबी का ,रियर भुतान लंबे समय से लंबित था। आरोप है कि संबंधित फाइल के निष्पादन के लि, अवर सचिव अमोद मिश्रा ने घ्20 हजार रिश्वत की मां की थी। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना निरानी अन्वेषा ब्यूरो को दी, जिसके बाद पूरे मामले का ोपनीय सत्यापन कराया या। जांच में शिकायत सही पा, जाने पर विजिलेंस ने पुलिस उपाधीक्षक श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में विशेष ट्रैप टीम ठित की। योजना के तहत शिकायतकर्ता को रासायनिक पदार्थ ले नोट देकर आरोपी अधिकारी के पास भेजा या।पटना के दंनीबा थानाो स्थित इन्क्लेव मोड़ के समीप जैसे ही अमोद मिश्रा ने शिकायतकर्ता से घ्20 हजार की राशि अपने हाथ में ली, पहले से ाात ला, बैठी विजिलेंस टीम ने उन्हें मौके पर ही रे हाथ रिफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली ई।रिफ्तारी के बाद आरोपी अधिकारी को निरानी ब्यूरो मुख्यालय ले जाया या, जहां उनसे पूछताछ की ई।विभाीय सूों के अनुसार, कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें विशेष निरानी न्यायालय में प्रस्तुत किया जा,ा। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं इस मामले में अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी किसी स्तर पर संलिप्त तो नहीं थे।भ्रष्टाचार के विरु) इस कार्रवाई को राज्य सरकार की श्जीरो टलरेंसश नीति की ,क और बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। शिाा विभा से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच इस ाटना के बाद व्यापक चर्चा है। विजिलेंस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्यो के बदले रिश्वत मांने या लेने वाले किसी भी लोकसेवक के विरु) सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।